पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
बिलासपुर, बुधवार, 5 नवंबर 2025 । वर्ष – 35 । अंक –185 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.




# बिलासपुर में खड़ी मालगाड़ी से टकराई मेमू, 6 की मौत, 5 घायल

## राहत, बचाव कार्य जारी, घायलों का इलाज चल रहा, सहायता राशि का एलान

**बिलासपुर**,4 नवम्बर (देशबन्धु)। रेलवे जोन मुख्यालय से कुछ किलोमीटर ही दूर मंगलवार को एक दर्दनाक रेल हादसा हो गया। गेवरा रोड से रायपुर की ओर जा रही लोकल पैसेंजर ट्रेन बिलासपुर आउटर के पास खड़ी मालगाड़ी से जा टकराई। हादसा चौकसे कॉलेज के पास हुआ, जब तेज रफ्तार में आ रही पैसेंजर ट्रेन आउटर लाइन से गुजर रही थी और सामने खड़ी मालगाड़ी को नहीं देख पाई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेन के आगे के डिब्बे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर के तुरंत बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। यात्रियों में चीख-पुकार गूंज उठी और कई लोग ट्रेन से कूदकर अपनी जान बचाने की कोशिश करने लगे। इस हादसे में 6 व्यक्तियों की मृत्यु तथा 5 यात्री घायल हुए हैं, जिनका समुचित उपचार नजदीकी अस्पतालों में कराया जा रहा है।

पैसेंजर ट्रेन का चालक विद्या सागर का इंजन में ही फंसे रहने से मौत हो जाने की जानकारी मिली है वहीं असिस्टेंट महिला लोको पायलट लक्ष्मी को गंभीर हालत में अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे में 5 यात्रियों के घायल होने और 6 के मौत की हुई है। राहत और बचाव कार्य के लिए रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। रेलवे ने जांच के आदेश दे दिए हैं और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल हादसे के बाद मुंबई हावड़ा रेल मार्ग पर रेल यातायात बाधित हो गया है, जिसे जल्द बहाल करने के प्रयास जारी हैं।







जानकारी के मुताबिक कोरबा से बिलासपुर आ रही मेमू लोकल ट्रेन ने खड़ी मालगाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज़ थी कि मेमू ट्रेन का इंजन और उसके अगले डिब्बे मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गए। लोकल मेमू का चालक तो इंजन में ही फंसा रह गया। हादसे में 5 यात्री घायल हुए हैं और 6 के मौत की हुई है। रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरु किया गया। घायलों को नजदीकी सिम्स और अपोलो अस्पताल भेजा जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह हादसा सिग्नल की गलती या संचार तंत्र में खराबी के कारण हुआ हो सकता है। रेलवे अधिकारियों ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। घटनास्थल पर अब भी बचाव दल मलबा हटाने और यात्रियों को सुरक्षित निकालने में जुटा है। हादसे का दृश्य बेहद भयावह बताया जा रहा है।

### रेस्क्यू अभियान जारी

घटना के बाद मौके पर अधिकारी पहुंच गए हैं। रेस्क्यू अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। हादसे के तुरंत बाद मेडिकल यूनिट और डिविजनल अफसरों को मौके पर भेजा है। इस भीषण ट्रेन हादसे में 6 लोगों की मौत की खबर है। मौके पर रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी पहुंच चुके हैं। रेस्क्यू कार्य किया जा रहा है। मौके पर लोगों की चीख चिल्लाहट और भीड़ लगी हुई है। दुर्घटना मंगलवार करीबन शाम 4 बजे की है। रेलवे अधिकारियों ने सभी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### रेलवे सुरक्षा आयुक्त स्तर पर होगी जांच

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आज हुए रेल दुर्घटना की जांच रेल सुरक्षा आयुक्त करेंगे।उल्लेखनीय है कि गंभीर दुर्घटनाओं की जांच का जिम्मा रेल सुरक्षा आयुक्त को सौंपी जाती है। ऐसी दुर्घटना जिसमें यात्रियों की जान चली जाए या गंभीर रुप से हताहत हों। रेलवे द्वारा संरक्षा आयुक्त को जांच की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। रेलवे अधिनियम, 1989 के तहत एक वैधानिक जांच कराई जाती है। इसमें दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाने के अलावा भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति ना हो इस दिशा में संरक्षा आयुक्त के द्वारा बचाव के साधनों व सुरक्षा के उपाय बताए जाते हैं। संरक्षा आयुक्त के सुझावों पर गंभीरतापूर्वक अमल भी किया जाता है। दुर्घटनाओं की जांच के अलावा संरक्षा आयुक्त नई रेल लाइनों की जांच, यात्री ट्रेनों के लिए ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### सहायता राशि जारी

प्रभावित व्यक्तियों के लिए निम्न अनुग्रह राशि की घोषणा की गई है, मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 5 लाख तथा सामान्य रूप से घायल यात्रियों को 1 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार मृतक के परिजनों को 5 लाख और गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार की सहायता देगी।

### सीएम साय ने जताया दुख
#### हरसंभव सहायता के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा बिलासपुर के पास ट्रेन दुर्घटना का समाचार अत्यंत दुःखद है। बिलासपुर जिला कलेक्टर से जानकारी लेकर उन्हें हरसंभव सहायता और राहत कार्य संबंधित निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ है।

रेलवे और प्रशासन की टीमें तुरंत राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई हैं। घायलों के उपचार के लिए सभी आवश्यक संसाधन और चिकित्सा सहायता सुनिश्चित की जा रही है। राज्य सरकार पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ स्थिति पर नजर रख रही है।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव और भूपेश ने जताया दुख

हादसे के बाद उप मुख्यमंत्री अरुण साव और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री साव ने एक्स पर लिखा, रेल्वे के वरिष्ठ अधिकारी, बचाव दल एवं जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर बचाव और राहत कार्य में लगी है। प्रशासन और रेलवे के अधिकारियों द्वारा घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है। ईश्वर से यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूं। घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से फोन पर बात कर राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया है। बचाव कार्य में लगे संबंधित अधिकारियों से लगातार सम्पर्क में हूं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी हादसे पर गहरा दुख जताते हुए कहा ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति तथा उनके परिजनों को संबल प्रदान करें।

शासन-प्रशासन से अनुरोध है कि इस भीषण दुर्घटना में घायल हुए लोगों के समुचित उपचार की व्यवस्था करते हुए, इस लापरवाही के जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## सार संक्षेप

### मुर्मु ने गुरु नानक जयंती पर दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी है। मुर्मु ने मंगलवार को अपने संदेश में कहा कि गुरु नानक जयंती के शुभ अवसर पर, मैं देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों, विशेष रूप से सिख भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई देती हूं।

### बॉम्बे हाईकोर्ट से 2011 मुंबई बम ब्लास्ट के आरोपी को जमानत

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2 1 1 के मुंबई ट्रिपल बम ब्लास्ट मामले के एक 6 5 वर्षीय आरोपी कफील अहमद मोहम्मद अयूब को जमानत दे दी। इन धमाकों में 2 7 लोगों की मौत हुई थी और 1 2 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और आरआर भोसले की खंडपीठ ने अयूब को एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत मंजूर की।

### आतंक पर जीरो टॉलरेंस का दृष्टिकोण अपनाए विश्व :जयशंकर

**नई दिल्ली।** भारत और इजरायल के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार से नई दिल्ली में मुलाकात की। जयशंकर ने कहा भारत और इजरायल के बीच रणनीतिक साझेदारी का असली अर्थ है- भरोसा, सहयोग और साझा मूल्यों पर आधारित रिश्ता। हमने कठिन समय में एक-दूसरे का साथ दिया है। दोनों देशों के सामने आतंकवाद की समान चुनौती है, इसलिए यह जरूरी है कि दुनिया आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' का दृष्टिकोण अपनाए।

### मंगोलिया में फंसे यात्रियों को लाने भेजी राहत उड़ान

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने मंगोलिया के उलान-बटोर में फंसे अपने 2 2 8 यात्रियों को लाने के लिए मंगलवार को एक राहत उड़ान रवाना की।

## सिलीगुड़ी से हैदराबाद जा रही फ्लाइट में यात्री की मौत

**रायपुर**, 4 नवंबर (देशबन्धु)। फ्लाइट सुबह 11.50 बजे सिलीगुड़ी से रवाना हुई थी और दोपहर करीब 1.20 बजे रायपुर एयरपोर्ट पर उतारी गई। एयरपोर्ट पर मौजूद डॉक्टरों की टीम ने जांच के बाद अमित सिन्हा को मृत घोषित कर दिया। सिलीगुड़ी से हैदराबाद जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में सोमवार दोपहर एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ जाने पर विमान को रायपुर एयरपोर्ट पर आपातकालीन रूप से उतारना पड़ा। यात्री की मौत हो चुकी थी जिसके बाद फ्लाइट को कुछ देर रोकने के बाद आगे रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार मृतक यात्री की पहचान अमित सिन्हा ;37 वष निवासी दार्जिलिंग ;सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे गंभीर लिवर की बीमारी से पीड़ित थे और इलाज के लिए हैदराबाद जा रहे थे। उड़ान के दौरान अचानक उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर क्रू मेंबर्स ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर रायपुर में इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी।

**रायपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग**

**रायपुर में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित**-फ्लाइट सुबह 11.50 बजे सिलीगुड़ी से रवाना हुई थी और दोपहर करीब 1.20 बजे रायपुर एयरपोर्ट पर उतारी गई। एयरपोर्ट पर मौजूद डॉक्टरों की टीम ने जांच के बाद अमित सिन्हा को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को एयरपोर्ट से मर्चुरी शवगृह भेजा गया।

**शव उतारने के बाद फिर उड़ान भरी फ्लाइट**-आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद इंडिगो की यह फ्लाइट दोपहर 3.32 बजे रायपुर से हैदराबाद के लिए दोबारा रवाना हो गई। इस बीच माना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रक्रियात्मक जांच शुरू कर दी है।

## एसआईआर मुद्दे पर आज भाजपा की बड़ी बैठक

**रायपुर**, 4 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) का प्रारंभ मंगलवार से किया जा रहा है।ऐसे में प्रदेश के भाजपा संगठन ने बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक बड़ी बैठक रखी है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश रहेंगे।





- **राष्ट्रीय महामंत्री शिवप्रकाश,सीएम सहित सभी मंत्री, विधायक और सांसद होंगे शामिल**

बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक, सांसदों के साथ ही सभी जिलों के अध्यक्ष बुलाए गए हैं। सभी को एसआईआर के नियम और कानून की जानकारी दी जाएगी।बैठक का मकसद जहां एक तरफ जनता की एसआईआर को लेकर मदद करना है, वहीं कांग्रेस पर हमला करने की रणनीति भी बनाना है।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय का कहना है, कांग्रेस एसआईआर के मामले में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उसके झूठ को जनता के बीच उजागर करने के लिए सभी को मार्गदर्शन दिया जाएगा।देश के एक दर्जन राज्यों में एसआईआर चुनाव आयोग द्वारा करवाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी इसको लेकर प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस मामले में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने फैसला किया है कि जनता को एसआईआर को लेकर मदद की जाए। ऐसे में राज्यों में राज्य संगठनों की बैठक की जा रही है। इन बैठकों में राष्ट्रीय नेता आकर एसआईआर के बारे में पूरी जानकारी दे रहे हैं। रायपुर में पांच नवंबर को होने वाली बैठक में जानकारी देने का जिम्मा भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री और प्रदेश के संगठन प्रभारी शिव प्रकाश को दिया गया है। वे पांच नवंबर की सुबह को दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे और यहां पर बैठक लेंगे।

## राज्योत्सव के बाद मुख्यमंत्री दो राज्यों का करेंगे दौरा

**रायपुर**, 4 नवंबर (देशबन्धु)। ओडिशा के नुआपाड़ा विधानसभा उपचुनाव में अब कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में अब भाजपा प्रचार में पूरी ताकत झोंकने वाली है। मुख्यमंत्री विष्णदेव साय 6 नवंबर को नुआपाड़ा विधानसभा जाएंगे।जहां वे भाजपा प्रत्याशी जय ढोलकिया के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। प्रदेश के कुछ नेता भी वहां पर भाजपा प्रत्याशी के प्रचार प्रसार के लिए जुटे हुए हैं।



**ओडिशा में कल करेंगे चुनाव प्रचार, 10-11 को रहेंगे गुजरात में**

बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव के साथ ही नुआपाड़ा में 11 नवंबर को उपचुनाव हो रहा है। यहां से भाजपा के प्रत्याशी जय ढोलकिया चुनाव लड़ रहे हैं। बीजेडी से स्नेहंगिनी छुरिया और कांग्रेस से घसियाराम माझी जैसे प्रमुख दलों के उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। अन्य प्रमुख दलों से रमाकांत हाटी (समाजवादी पार्टी), हेमंत तांडी (बहुजन मुक्ति पार्टी) और शुकाधर डड़सेना (ओडिशा जनता दल) भी चुनाव लड़ रहे हैं।

### गुजरात के इनवेस्टर कनेक्ट में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री साय 10 और 11 नवंबर को गुजरात दौरा करेंगे। जहां वे अहमदाबाद में इनवेस्टर कनेक्ट में शामिल होंगे और स्टेचू आफ लिबर्टी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री 10 नवंबर को गुजरात पंहुचेंगे।इसके बाद अगले दिन 11 तारीख को वे अहमदाबाद में होने वाले छत्तीसगढ़ सरकार के इनवेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल होंगे जहां वे गुजरात में बड़े उद्योगपतियों के साथ वन-टू वन मुलाकात करेंगे।

## बिहार में पहले चरण का चुनाव प्रचार थमा

**नई दिल्ली/पटना**, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार में पहले फेज की सीटों पर चुनाव प्रचार मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। 6 नवम्बर को 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। अंतिम दिन बिहार की सभी राजनितिक पार्टियों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। चुनाव प्रचार थमने के बाद अब प्रत्याशी डोर टू डोर करेंगे चुनाव प्रचार। 6 नवम्बर को हाने वाले मतदान में 3.75 करोड़ मतदाता करेंगे 1314 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला।

**केंद्रीय मंत्री ललन सिंह पर एफआईआर** - चुनाव आयोग ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के खिलाफ मंगलवार को पटना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। ललन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप है। दरअसल, ललन सिंह ने सोमवार को जदयू प्रत्याशी और बाहुबली नेता अनंत सिंह के लिए प्रचार किया था। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उनका एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें उन्हें कहते सुना गय कि यहां कुछ नेता है, जिनको चुनाव के दिन निकलने मत दीजिएगा। घर में ही बंद कर दीजिएगा। हाथ-पैर जोड़ें तो कहिएगा हमारे साथ चलकर वोट दीजिए और घर में बैठिए। आरजेडी ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि ललन सिंह गरीबों को वोट डालने से रोक रहे हैं। इस पर ईसी ने ललन सिंह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। हालांकि, जेडीयू ने कहा कि अनंत सिंह का वीडियो एडिटेड है।

## मेरी बेंच से बचना चाहती है केंद्र सरकार : सीजेआई गवई



**नई दिल्ली**, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई, क्योंकि सरकार ने अचानक यह मांग कर दी कि ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट (जिसके तहत अलग-अलग ट्रिब्यूनलों के चेयरपर्सन और मेंबर्स की सेवा शर्तें तय की जाती हैं) से जुड़ी याचिकाओं को पांच जजों की संविधान पीठ को भेजा जाए। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बी.आर. गवई की अगुवाई वाली बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी। इसके बाद अदालत ने अटॉर्नी जनरल की दलीलें सुनीं और मामले की अगली सुनवाई 7 नवम्बर तक टाल दी। याचिकाकर्ताओं की दलीलें पूरी सुनने के बाद, अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि के अनुरोध पर सुनवाई कुछ दिन के लिए टाल दी गई थी।

## एसआईआर का दूसरे चरण का हुआ आगाज

**नई दिल्ली**, 4 नवम्बर नवम्बर (एजेंसियां)। देश के नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। चुनाव आयोग के आदेश के अनुसार बिहार के बाद देश में एसआईआर का यह दूसरा चरण है। इन राज्यों में 51 करोड़ मतदाताओं की गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सात फरवरी 2026 को सूची का प्रकाशन होगा। घर-घर जाकर पुनरीक्षण का काम चार नवम्बर 2025 से चार दिसम्बर तक। मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन नौ दिसम्बर तक। दावे और आपत्तियों का समय 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक। दस्तावेजों की जांच के लिए नोटिस, सुनवाई, सत्यापन: 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को होगा। बताया किया कि इनमें सबसे अधिक 15.44 करोड़ मतदाता अकेले उत्तर प्रदेश में है, जबकि पश्चिम बंगाल में 7.66 करोड़, तमिलनाडु में 6.41 करोड़, मध्य प्रदेश में 5.74 करोड़, राजस्थान में 5.48 करोड़ व छत्तीसगढ़ में 2.12 करोड़ मतदाता है। जिन 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा की गई है, उन सभी राज्यों की मतदाता सूची तत्काल प्रभाव से फेरबदल पर रोक लगा दी है।

**घर-घर जाकर पुनरीक्षण का काम चार नवम्बर से चार दिसम्बर तक चलेगा**

**सुधार** डीजीसीए के नए नियम देंगे यात्रियों को राहत, 48 घंटे में सुधार व 21 दिनों में रिफंड की गारंटी

## हवाई टिकट में गलती पर नहीं लगेगा अतिरिक्त शुल्क

**नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। नागर विमानन महानिदेशालय ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए रिफंड और बुकिंग सुधार नियमों का मसौदा जारी किया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद टिकट रद्द कराने या बदलाव करने की प्रक्रिया पहले से आसान होगी। साथ ही यात्रियों को तय समय के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के रिफंड भी मिलेगा।**

*डीजीसीए का यह कदम हवाई यात्रा को और पारदर्शी व उपभोक्ता-हितैषी बनाने की दिशा में एक अहम बदलाव माना जा रहा है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने नए रिफंड और टिकट सुधार नियमों के मसौदे पर सभी हितधारकों से 30 नवम्बर तक सुझाव और आपत्तियां मांगी हैं। प्रस्तावित नियमों का मकसद यात्रियों को टिकट बुकिंग, रद्दीकरण और रिफंड से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही परेशानियों से राहत दिलाना है। इस महीने के अंत तक इस पर अंतिम फैसला आने की संभावना है। अगर यह नियम लागू हो गया तो हवाई यात्रियों के लिए यह एक बड़ा तोहफा साबित होगा। नए नियमों के लागू होने के बाद एयरलाइन कंपनियों को भी यात्रियों के प्रति अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में बढ़ना होगा। डीजीसीए के नए नियमों के अनुसार, यदि टिकट एयरलाइन की वेबसाइट से बुक किया गया है, तो यात्री बुकिंग के 24 घंटे के भीतर अपने नाम में हुई गलती बिना किसी शुल्क के सुधार सकते हैं। यह सुविधा खास तौर पर उन यात्रियों के लिए राहत भरी है, जिन्हें अब तक टाइपिंग या स्पेलिंग की छोटी गलतियों के कारण अतिरिक्त चार्ज या परेशानी झेलनी पड़ती थी। वहीं, अगर किसी यात्री को मेडिकल इमरजेंसी के कारण टिकट रद्द करना पड़ता है, तो एयरलाइन को रिफंड या क्रेडिट शेल का विकल्प देना होगा। नए मौसदे के मुताबिक, एयरलाइंस को अब यह सुनिश्चित करना होगा कि टिकट कैंसिल होने के 21 वर्किंग डेज के भीतर यात्री को उसका रिफंड मिल जाए। यह नियम सभी तरह की बुकिंग पर लागू होगा-चाहे टिकट ऑनलाइन, ट्रैवल एजेंट के जरिए या एयरलाइन काउंटर से खरीदा गया हो। इस बदलाव से यात्रियों को रिफंड में देरी या पेंडिंग दिखाने जैसी दिक्कतों से छुटकारा मिलेगा और पूरी प्रक्रिया पहले से ज्यादा पारदर्शी बनेगी। दरअसल, डीजीसीए के नए दिशानिर्देशों का मकसद यात्रियों और एयरलाइंस के बीच पारदर्शिता और विश्वास को मजबूत करना है। पिछले कुछ वर्षों में यात्रियों की ओर से रिफंड में देरी, कम रिफंड राशि और क्रेडिट शेल जैसी नीतियों को लेकर शिकायतें तेजी से बढ़ी थीं।*

# हाईकोर्ट में विचाराधीन प्रकरणों में समय-सीमा के भीतर जवाब प्रस्तुत करें- कलेक्टर

## अभियान चलाकर और शिविर लगाकर वन अधिकार पट्टों में फौती-नामांतरण की करें कार्रवाई

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से अधिकाधिक आवेदकों को करें लाभान्वित





**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 04 नवंबर (देशबन्धु)। साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने जनसमस्याओं, जनशिकायतों एवं मांगों से संबंधित प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर तत्काल निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों में समय-सीमा के भीतर जवाब प्रस्तुत करें। समीक्षा के दौरान वन अधिकार पट्टों का डिजिटलाईजेशन एवं अभिलेख दुरूस्ती के लिए 1554 प्रकरण शेष होने की जानकारी पर कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को वन विभाग के समन्वय से अभियान चलाकर और शिविर लगाकर फौती एवं नामांतरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अधिक से अधिक आवेदकों को लाभान्वित करने के लिए सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को आवेदन प्राप्त होने पर सीएसपीडीसीएल के समन्वय से आवेदनों को प्राथमिकता में लेकर स्वीकृति की कार्रवाई करने कहा। बैठक में कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल ने बताया कि इस योजना के तहत 694 आवेदन पंजीकृत हुए हैं। 548 आवेदनों में वेंडर हो गया है तथा 9 आवेदक योजना का लाभ ले चुके हैं। कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण एजेंसियों-ठेकेदारों से संबंधित देयकों का भुगतान प्रक्रिया का पालन करते हुए समिति के अनुमोदन के उपरांत ही करने कहा। उन्होंने कहा कि बिना अनुमोदन से किया गया भुगतान वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि किसी योजना विशेष के क्रियान्वयन के लिए यदि समिति गठित करने की जरूरत है, तो उसे प्राथमिकता से पूरा करें। उन्होंने पशुधन विकास, मछली पालन, उद्यानिकी आदि विभागों द्वारा केसीसी के तहत बैंकों को भेजे गए ऋण प्रकरणों को शीघ्रता से स्वीकृत करने लीड बैंक प्रबंधक को निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन एवं समीक्षा के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को संबंधित पंचायतों का भ्रमण कर निरीक्षण प्रतिवेदन अगले सप्ताह प्रस्तुत करने कहा।

जनशिकायतों एवं जनसमस्याओं के निराकरण की समीक्षा के दौरान वन विभाग द्वारा कराए गए कार्यों में मजदूरी भुगतान, पीएम आवास की स्वीकृत राशि किसी अन्य व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर होने, आवास योजना का लाभ दिलाने, अतिक्रमण भूमि का मुआवजा दिलाने, कुम्हार बहुल पंचायतों में 5 एकड़ भूमि चिन्हित करने, समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, पीडीएस बचत स्टाक का सत्यापन, जन्म-मृत्यु पंजीयन तथा जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर उपलब्ध कराने, जल शक्ति अभियान के तहत निर्मित जल संरचनाओं की जानकारी पोर्टल में दर्ज करने सहित विभिन्न प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मुकेश रावटे, प्रभारी अपर कलेक्टर अमित बेक, संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे, एसडीएम मरवाही देवेन्द्र सिरमौर, एसडीएम पेण्ड्रारोड विकांत अंचल सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित



## बेहतर प्रशिक्षण के साथ करें एसआईआर कार्य का संपादन-कलेक्टर

**मुंगेली,** 04 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को शुद्ध, सटीक एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सर्वे, गणना प्रपत्र भरने, बीएलओ एप के माध्यम से गणना प्रपत्र अपलोड करने, ई-मैपिंग, प्रारूप नामावली का प्रकाशन, दावा-आपत्ति सूची प्रदर्शन आदि के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार ने एसआईआर प्रशिक्षण को गंभीरता से समझने और आपसी समन्वय के साथ त्रुटिरहित तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जी.एल. यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मास्टर ट्रेनर संजय सोनी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ द्वारा 04 दिसम्बर तक घर-घर जाकर सत्यापन एवं गणना कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार 09 दिसंबर को मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन तथा 08 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियां ली जाएंगी। 09 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक की अवधि में सुनवाई एवं सत्यापन का कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत 07 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# सार-संक्षेप

## डाक टिकट प्रदर्शनी में प्राचार्य नवीन गुप्ता सम्मानित हुए



**करगी रोड कोटा** 04 नवंबर (देशबन्धु)। दो दिवसीय जिला डाक टिकट प्रदर्शनी प्रतियोगिता बिलासापेक्स-2025 में, प्राचार्य नवींन गुप्ता गुडविल पब्लिक स्कूल कोटा को इनके फोटे के साथ डाकटिकट जारी कर, छत्तीसगढ़ डाक परिमण्डल के डाक निर्देशक दिनेश मिस्त्री, बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, बिलासपुर संभाग के डाक अधीक्षक विनय कुमार प्रसाद के हाथों सम्मानित किया गया। यह दो दिवसीय जिला डाक टिकट प्रदर्शनी आयोजन राघवेंद्रराव सभा भवन बिलासपुर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर दो दिनों के कार्यक्रम के अतिथिगण, मुख्यातिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण, डाक विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारीगण, प्रशांत कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्कूलों के बच्चे उपस्थित रहे। इस प्रदर्शनी के फीडबैक संबोधन में - गुडविल पब्लिक स्कूल कोटा के प्राचार्य नवींन गुप्ता ने कहा कि मैं अपने फोटो सहित डाक टिकट, छत्तीसगढ़ परिमण्डल डाक निर्देशक दिनेश मिस्त्री, कलेक्टर बिलासपुर संजय अग्रवाल, संभागीय डाक अधीक्षक विनय कुमार प्रसाद के हाथों से सम्मान प्राप्त करने पर अपने आप को गौर्यान्वित महसूस किया और डाक विभाग में ऐसे जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रमों की सराहना की, स्कूल के बच्चों के लिए व जनता के लिए एक सुनहरा अवसर है बड़ा ही ज्ञान बर्धक कार्यक्रम है।

## कार्यालय में अनुपस्थित मिले कार्यक्रम अधिकारी और करारोपण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही** 04 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा सोमवार को जनपद पंचायत कार्यालय पेण्ड्रा का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अनुपस्थित पाए जाने पर कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) पवन द्विवेदी और करारोपण अधिकारी कृपाल सिंह पैकरा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पेण्ड्रा द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि अनुपस्थित रहने के संबंध में आपके द्वारा किसी प्रकार की सूचना कार्यालय को नहीं दी गई थी।

## गणेश उपाध्याय बने जिला केमिस्ट संघ के अध्यक्ष

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 04 नवंबर (देशबन्धु)। सीसीडीए (प्रदेश संघ) द्वारा मान्यता मिलने के बाद गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के केमिस्ट संघ का प्रथम चुनाव 2 नवंबर को पेंड्रा में संपन्न हुआ। चुनाव में एकता पैनल के तीनों उम्मीदवारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। अध्यक्ष पद पर गणेश उपाध्याय ने कड़े मुकाबले में 8 वोटों से जीत दर्ज की, वहीं कोषाध्यक्ष पद पर ऋृुराज अग्रवाल ने 23 वोटों से विजय प्राप्त की। सचिव पद पर श्रीकांत चतुर्वेदी ने सबसे बड़ी 26 वोटों की बढ़त से जीत हासिल की। चुनाव में कुल 114 सदस्यों में से 108 ने मतदान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रदेश के अध्यक्ष उमेश सिरोठिया और प्रदेश कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। चुनाव शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।



## पूज्य सिंधी पंचायत की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**तखतपुर** 04 नवंबर (देशबन्धु)। पूज्य सिंधी पंचायत तखतपुर की जनरल बैठक में समाज की गरिमा और परंपराओं को बनाए रखने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पुल पार्टी एवं कॉकटेल पार्टी जैसे सार्वजनिक आयोजनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया। साथ ही समाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों को मर्यादित और सांस्कृतिक स्वरूप में आयोजित करने पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि इससे पूर्व सिंधी पंचायत तखतपुर द्वारा प्री-वेडिंग शूट और मृत्यु भोज पर भी रोक लगाई जा चुकी है। पंचायत का मानना है कि समाजिक आयोजनों में बढ़ती दिखावे की प्रवृत्ति को रोकना आवश्यक है ताकि पारंपरिक मूल्यों की रक्षा हो सके। इसके साथ ही सामाजिक भवन के पुनर्निर्माण की योजना को आगे बढ़ाने तथा श्री गुरु नानक देव जयंती को धूमधाम से मनाने पर सहमति बनी। वहीं आगामी चालीसा महोत्सव को भी पारंपरिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता राकेश मंदानी ने की। इस अवसर पर सचिव दिलीप तोलानी, उपाध्यक्ष हेमराज मंगलानी, सहसचिव नोतन तेकवानी, मुरली गॉगवानी, परशराम मंगलानी, रोचिराम तोलानी, लालचंद परियानी, संतराम मनचंदानी, सुरेश मंदानी, रमेश मंदानी, सतीष मंदानी, अनिल परियानी, संतोष तोलानी, कन्हैया लाल संतानी, अजय विजय लालचंदानी, विजय लोकचंदानी, सतीश सचदेव, चेतन कुकरेजा, मुरली सचदेव, अभिषेक संतानी, जगदीश भारती सहित अन्य उपस्थित रहे।



# बीएलओ का कार्य नहीं करना चाहती आंगनबाड़ी कार्यकर्ता



**तखतपुर** 04 नवंबर (देशबन्धु)। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ के सदस्यों ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति बच्चों के पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य परीक्षण और मातृ-शिशु संरक्षण जैसे 16 मूल उद्देश्यों की पूर्ति हेतु की गई है। रोज़ाना सुबह 9.30 से दोपहर 3.30 बजे तक केंद्रों में बच्चों को पढ़ाना, खिलाना, वजन मापना और स्वास्थ्य निगरानी जैसे कार्य किए जाते हैं। लेकिन प्रशासन द्वारा बिना लिखित आदेश के बीएलओ का अतिरिक्त कार्य सौंप दिया गया है, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बी एल ओ पद छोड़ने के साथ कार्य मुक्ति के लिए राजस्व विभाग को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि बीएलओ का काम अत्यधिक समय लेने वाला है इसमें घर-घर सर्वे, वोटर लिस्ट अपडेट, जनगणना और अन्य प्रशासनिक कार्य शामिल हैं। संघ की परियोजना अध्यक्ष श्रीमती सुचिता शर्मा ने बताया कि शासन द्वारा कई बार पत्र जारी कर यह स्पष्ट किया गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से गैर विभागीय कार्य न कराया जाए इसके बावजूद मौखिक दबाव डालकर बीएलओ कार्य कराया जा रहा है सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि एक व्यक्ति से दो पदों पर कार्य कराना शासन के नियमों का उल्लंघन है, अतः हमें बीएलओ कार्य से तत्काल मुक्त किया जाए। इस अवसर पर सुचिता शर्मा, सुनीता यादव, सरिता ठाकुर, सरस्वती ठाकुर, सुनीता कश्यप, आशा ठाकुर, भगमती वैष्णव, संगीता जायसवाल सरोज देवांगन,लाजवंती देवांगन, पत्रिका टंडन, प्रतिकांता बघेल,सहित परियोजना के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पथरिया पुलिस ने गुम बालिका को बरामद किया दुष्कर्म के आरोपी को जेल



**मुंगेली** 04 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में चलाए जा रहे (ऑपरेशन मुस्कान) अभियान के तहत पथरिया पुलिस ने गुम हुई नाबालिग बालिका को बरामद कर दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने और दैहिक शोषण करने वाले आरोपी रघुनंदन मरकाम (20 वर्ष), निवासी लखोदना, थाना कोटा, जिला बिलासपुर को पुलिस ने कोटा से हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

आरोपी के विरुद्ध थाना पथरिया में अपराध क्रमांक 188/25 धारा 137(2), 87, 64(1), 64(2)(ड) बीएनएस एवं 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई है। अभियान के तहत गुम हुए बालक-बालिकाओं की बरामदगी और महिला संबंधी अपराधों के त्वरित निराकरण हेतु पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है। निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत छाबड़ा और अनुविभागीय अधिकारी नवनीत पाटिल के मार्गदर्शन में पथरिया पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। 10 सितंबर 2025 को नाबालिग के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान 03 नवंबर 2025 को पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पीड़िता को बरामद किया। पूछताछ एवं चिकित्सीय परीक्षण में आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किए जाने की पुष्टि हुई। पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रसाद सिन्हा, सउनि पुहकल सिंह ठाकुर, प्र.आर. जगदीश प्रसाद कोशले, आर. मिथलेश सोनवानी, राजीव पटेल, विनोद बंजारे, स्वारथ लाल ध्रुव, बालकृष्ण मरकाम, राजतिलक बंजारे एवं महिला आरक्षक सीनू सूर्यवंशी का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**बिलासपुर में खड़ी मालगाड़ी से ...**

संसाधन मौके पर भेज दिए हैं और घायलों के इलाज के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। इस पुरे घटना पर सिग्नल फेलियर कि चर्चा सामने आरही है। रेलवे ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रारंभिक संभावना है कि सिग्नलिंग सिस्टम की गड़बड़ी या मानवीय त्रुटि के कारण यह हादसा हुआ हो सकता है।

**सभी ट्रेन रूट को तत्परता से डाइवर्ट किया गया**

वर्तमान में इस रूट पर ट्रेनों के परिचालन को रोक दिया गया है। वहीं, कई पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है।

**रेलवे ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर**

इस हादसे के बाद रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। एक बयान में कहा गया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा सूचित किया जाता है कि एक अप्रत्याशित स्थिति के मद्देनज़र यात्रियों एवं उनके परिजनों की सुविधा हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं

आपातकाली संपर्क-बिलासपुर-7777857335, 7869953330, चांपा-8085956528, रायगढ़-9752485600 पेंड्रा रोड-8294730162, कोरबा-7869953330। यात्री एवं उनके परिजन इन नंबरों पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। रेल प्रशासन पूरी तत्परता से सहायता एवं समन्वय सुनिश्चित कर रहा है।

**रेलवे का बयान आया सामने**

हालांकि ये हादसा कैसे हुआ अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। रेलवे के किसी भी अधिकारी ने अभी कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं किया। रेलवे ने इस हादसे पर जो बयान जारी किया है उस बयान में कहा गया कि बिलासपुर स्टेशन के पास लगभग शाम 4 बजे मेमू ट्रेन का डिब्बा मालगाड़ी से टकरा गया। सिर्फ रेस्क्यू कार्य पर ही जवाब आ रहा है। घटना के कारणों पर अभी कोई अधिकृत जानकारी नहीं दें रहे है मौत आंकड़े बढ़ सकते है. रेलवे ने घायलों के इलाज के लिए सभी संसाधन उपलब्ध करा दिए हैं और सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं.।

**आईजी, कलेक्टर,एसपी पहुंचे मौके पर**

हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर आई.जी., कलेक्टर , एस.पी. ,रेलवे की टीम और स्थानीय पुलिस पहुंची है। घायलों का रेस्क्यू किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, कोरबा पैसेंजर ट्रेने आज यात्रियों को लेकर निकली थी। इसी दौरान बिलासपुर-कटनी सेक्शन में सामने से आ रही माल गाड़ी से भीषण टक्कर हो गई। हादसा इतना भयावह था कि पैसेंजर ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से नीचे उतर गये। यात्रियों से भरी पैसेंजर ट्रेन के डिब्बे इस हादसे में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये।

बताया जा रहा है कि टक्कर के बाद ओवरहेड वायरिंग और सिग्नलिंग सिस्टम को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे बहाली में समय लग सकता है। तकनीकी टीमें मरम्मत और ट्रैक क्लियरेंस का काम कर रही हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था शुरू की है।

**रेलवे सुरक्षा आयुक्त स्तर पर...**

उनकी उपयोगिता की जांच पड़ताल करते हैं और उपयोगिता प्रमाणपत्र जारी करते हैं। संरक्षा आयुक्त की संतुष्टि और सहमति के बाद ही नई रेल लाइनों पर यात्री गाड़ियों का परिचालन किया जाता है। नई रेलवे लाइनों, गेज रूपांतरण और विद्युतीकरण जैसे परियोजनाओं का निरीक्षण व यात्री ट्रेनों की सुरक्षा की उपयुक्तता प्रमाणित करने, नए रेल मार्गों के उद्घाटन के लिए प्राधिकरण प्रदान करने में रेल सुरक्षा आयुक्त की अहम भूमिका होती है। बता दें कि रेलवे सुरक्षा आयोग केंद्र सरकार को वैधानिक निकाय है। यह नागरिक उड्डयन मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है।

**निम्नलिखित ट्रेनों को पूनर्निर्धारित किया गया**

आज 04 नवंबर को कोरबा से 16.10 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 18517 कोरबा - विशाखापट्टनम एक्सप्रेस 5 घंटे विलंब से रात्रि 21.30 बजे रवाना होगी ।04 नवंबर को कोरबा से 18.13 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 18239 गेवरा रोड-नेताजी सुभाषचंद्र बोस एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट विलंब से रात्रि 21.43 बजे रवाना होगी। 04 नवंबर को बिलासपुर से 18.50 बजे प्रस्थान करने वाली ट्रेन नंबर 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस 3 घंटे विलंब से रात्रि 21.50 बजे रवाना होगी।

# राज्योत्सव मुंगेली में पंथी नृत्य की छटा से झूम उठा मैदान

**मुंगेली,** 04 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर रजत जयंती राज्योत्सव मुंगेली-2025 का भव्य आयोजन 02 नवंबर से 04 नवंबर तक वीर शहीद धनंजय सिंह राजपूत स्टेडियम, मुंगेली में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुन्नू लाल मोहले, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। राज्योत्सव के दूसरे और तीसरे दिन 02 एवं 03 नवंबर को लक्ष्मी कांत जड़ेजा, सहायक शिक्षक एवं अध्यक्ष, लोक सांस्कृतिक खेल एवं मानव कल्याण समिति, पंथी पार्टी भटगांव (1 एवं 2) जिला मुंगेली द्वारा आकर्षक पारंपरिक पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। उनकी प्रस्तुति से कार्यक्रम स्थल में उत्साह का माहौल बना रहा। उपस्थित दर्शकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान 03 नवंबर को लक्ष्मी कांत जड़ेजा, सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला बछेरा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2025 (शिक्षा दूत पुरस्कार) से सम्मानित किया गया। उन्हें माननीय जिला कलेक्टर श्री कुंदन कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रभाकर पांडे, एडीएम श्रीमती निष्ठा पांडे तिवारी, एसडीएम श्री अजय शतरंज एवं जनपद पंचायत लोरमी की अध्यक्ष श्रीमती वर्षा विक्रम सिंह द्वारा शाल, प्रशस्ति पत्र, 5000 रुपये की चेक, पेन एवं डायरी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**NECC**

| 05.11.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 560 | 90 | 180 |
| चिल्हर | 7.00 | 120 | 205 |
| डिलीवरी | 575 सैकड़ा | | |

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RANU MITTAL W/O SATISH AGRAWAL resident of HOUSE NO. 215, BUJI BHAWAN CHOWK, NAI SADAK RAIGARH (C.G.) 496001 have changed my old name RANU MITTAL W/O SATISH AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is RENUKA AGRAWAL W/O SATISH AGRAWAL in all Government and other documents.

**RENUKA AGRAWAL**
HOUSE NO. 215, BUJI BHAWAN CHOWK, NAI SADAK RAIGARH (C.G.) 496001

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, पुराना नाम जितेंद्र कुमार पिता किशुन लाल, ने अपना पुराना नाम बदलकर नया नाम जितेंद्र गुप्ता पिता किशुन लाल, रख लिया है, निवासी मकान नं 647/3, वार्ड नं 19 ब्लॉक कॉलोनी मस्तूरी, बिलासपुर (छ.ग.), अतः अब भविष्य में मुझे सभी सरकारी, अर्धसरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में नए जितेंद्र गुप्ता पिता किशुन लाल, से जाना एवं पहचाना जाए।

**जितेंद्र गुप्ता**
पिता किशुन लाल
मकान नं 647/3, वार्ड नं 19 ब्लॉक कॉलोनी मस्तूरी, बिलासपुर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, पुराना नाम पवन कुमार केशरवानी पिता नरेश प्रसाद केशरवानी ने अपना पुराना नाम बदलकर नया नाम पवन केशरवानी पिता नरेश प्रसाद केशरवानी, रख लिया है, निवासी ग्रीन गार्डन कॉलोनी, मुंगेली मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.), अतः अब भविष्य में मुझे सभी सरकारी, अर्धसरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में नए पवन केशरवानी पिता नरेश प्रसाद केशरवानी, से जाना एवं पहचाना जाए।

**पवन केशरवानी**
पिता नरेश प्रसाद केशरवानी
ग्रीन गार्डन कॉलोनी, मुंगेली मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202510250500
अ-2/ 2025-26
ग्राम- अमोरा प.ह.नं. 10

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिषेक कुमार डड़सेना पिता सुरेन्द्र कुमार डड़सेना निवासी अमोरा तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा ग्राम अमोरा प.ह.नं. 10 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 361/2 रकबा 0.1660 हे. में से 0.040 को आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचारणीय है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 14/11/2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,MANIYARI WATER RESOURCES DIVISION, MUNGELI, DISTT. MUNGELI (C.G.)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(FIRST CALL)**

**NIT No. 12/SAC/ 2025-26,** **Dated: 03-11-2025**

Online Tenders are invited for the following works up to 24-11-2025 at 17.30 Hour **BALANCE WORK OF CANAL OF MANIYARI BARRAGE SCHEME UNDER PATHARIYA BLOCK DISTRICT MUNGELI.**

System Tender No. 178484, Probable Amount of Contract :- **Rs. 279.68 Lakhs**

(As Per SOR on 22-08-2022)

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** from Date **10-11-2025, at 17.31 Hours. (IST)** onwards.

**NOTE :-** All eligible/intrested contractores/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in th subsequent bidding process.

**EXECUTIVE ENGINEER**
**MANIYARI W.R. DIVISION MUNGELI**
**DISTT. MUNGELI (C.G.)**

G- 252604528/2

# देश

**उवाच** “‘लालू-राबड़ी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। जो नेता अपने बेटा-बेटी को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, वे युवा, गरीबों, किसानों और जीविका दीदी की चिंता नहीं कर सकते हैं: **अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31` | 24` |
| मुंबई | 28` | 26` |
| कोलकाता | 3[illegible] | 21` |
| चेन्नई | 33` | 26` |

## चुनाव से पहले तेजस्वी यादव ने किया वादा, बोले

# मकर संक्रांति को महिलाओं के खाते में भेजे जाएंगे 30,000 रुपए

**पटना,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार में पहले चरण के मतदान से ठीक पहले राजद नेता तेजस्वी यादव ने एक बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों की मांग के आधार पर बहुत जल्द उनकी सरकार बनने जा रही है। सरकार बनने के बाद ‘मां-बहिन मान योजना’ के तहत महिलाओं के खाते में मकर संक्रांति के दिन एक ही बार में 30,000 रुपए भेजे जाएंगे। तेजस्वी ने यह भी स्पष्ट किया कि यह राशि केवल एक साल के लिए नहीं, बल्कि पांच साल तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार पूरी अवधि तक चलती है तो हर महिला को 5 साल में कुल 1.5 लाख रुपए का लाभ मिलेगा।

तेजस्वी यादव ने कहा कि जैसे ही उनकी सरकार का गठन होगा, वह मकर संक्रांति के दिन महिलाओं के अकाउंट में सीधा आर्थिक लाभ देने का काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पर्व दही-चूड़ा और तिल से जुड़ी परंपरा का प्रतीक है और इसी शुभ अवसर पर आर्थिक मदद भी महिलाओं तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा, ‘हम आपको बताना चाहते हैं कि हमारी सरकार हमारी माताओं-बहनों की मांग पर बनने जा रही है। मकर संक्रांति के दिन, मां-बहिन मान योजना के तहत पूरे एक साल की 30,000 रुपए की राशि एक साथ महिलाओं के बैंक खातों में भेजी जाएगी। महंगाई के इस समय में यह मदद उनके लिए बहुत बड़ी राहत होगी।‘

उन्होंने कहा, ‘पूरे एक साल में 30 हजार रुपए होते हैं। पांच साल में यह 1.5 लाख रुपए




सरकार बनने के बाद ‘मां-बहिन मान योजना’ के तहत महिलाओं के खाते में मकर संक्रांति के दिन एक ही बार में 30,000 रुपए भेजे जाएंगे। यह राशि केवल एक साल के लिए नहीं, बल्कि पांच साल तक जारी रहेगी : तेजस्वी यादव

बनता है। हर महीने 2,500 रुपए का लाभ महिलाओं को मिलेगा। ‘राजद नेता ने पुराने वादों को याद दिलाते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने पहले भी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मजबूत कदम उठाने का वादा किया था। जीविका दीदियों को स्थायी करने और उन्हें 30,000 रुपए का मानदेय देने की बात पहले ही कही जा चुकी है। महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनाव से ठीक पहले तेजस्वी यादव की इस घोषणा को महागठबंधन का मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। अब देखना होगा कि एनडीए इससे कैसे निपटता है।

## एनडीए के लोग विपक्षी नेताओं की जासूसी करवा रहे हैं : मुकेश सहनी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच महागठबंधन की ओर से डिप्टी सीएम पद के उम्मीदवार मुकेश सहनी ने एनडीए के ‘कट्टा’ वाले बयान पर पलटवार किया है। पटना में मुकेश सहनी ने कहा कि सीएम और डिप्टी सीएम पद के उम्मीदवार के लिए महागठबंधन की बैठक में क्या हुआ, वे एनडीए के नेताओं को कैसे पता है। क्या, बंद कमरे में खुफिया कैमरा लगाया हुआ था। एनडीए के लोग विपक्षी नेताओं की जासूसी करवा रहे हैं, कट्टा जैसा बयान शोभा नहीं देता है। निषाद समुदाय का मछली पकड़ना, पुश्तैनी काम मुकेश सहनी ने राहुल गांधी के मछली पकड़ने पर एनडीए नेताओं के बयानों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जब बिहार में डेढ़ करोड़ की आबादी वाला निषाद समुदाय हो और उसके पारंपरिक व्यवसाय को नीची नजर से देखा जा रहा हो, तो क्या यह चौंकाने वाली बात नहीं है? उन्होंने कहा कि भाजपा निषाद समुदाय को इस नजरिए से देखती है कि मछली पकड़ना, जो उनका पुश्तैनी काम है, उसे गलत माना जा रहा है। मछली पकड़ने और अपनी आजीविका कमाने के लिए तालाबों में उतरने पर भी उनकी आलोचना की जा रही है। राहुल को सभी वर्गों के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना पसंद उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का दृष्टिकोण बिल्कुल अलग है। वह सभी जातियों, धर्मों और समाज के सभी वर्गों के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना चाहते हैं। यह उनकी समावेशी मानसिकता को दर्शाता है। मुकेश सहनी ने कहा कि एनडीए एक समाज के पुश्तैनी काम को इस तरह देख रहा है मानो वह अपराध हो। बताते चलें कि बेगूसराय में राहुल गांधी ने मुकेश सहनी के साथ तालाब में मछली पकड़ी थी, जिस पर बिहार की राजनीति तेज हो गई।



सीएम और डिप्टी सीएम पद के उम्मीदवार के लिए महागठबंधन की बैठक में क्या हुआ, वे एनडीए के नेताओं को कैसे पता है। क्या, बंद कमरे में खुफिया कैमरा लगाया हुआ था: मुकेश सहनी


## भारत-श्रीलंका के बीच जुड़ाव नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा : बिरला

### बिरला ने श्रीलंका के विपक्ष के नेता सजिथ प्रेमदासा का भारतीय संसद में किया स्वागत

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत और श्रीलंका के बीच सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और जन-जन के स्तर पर जुड़ाव दोनों देशों की साझी विरासत को नई ऊंचाइयां प्रदान करता है।

श्री बिरला ने श्रीलंका के विपक्ष के नेता सजिथ प्रेमदासा का भारतीय संसद में स्वागत किया और इसे दोनों लोकतांत्रिक देशों के गहरे और ऐतिहासिक संबंधों का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और जन-जन के स्तर पर जुड़ाव दोनों देशों की साझी विरासत को नई ऊंचाइयां प्रदान करता है। उन्होंने उल्लेख किया कि भारत की ‘ नेबरहुड फर्स्ट’ नीति और ‘सागर विजन’ में श्रीलंका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है जो क्षेत्रीय सहयोग और स्थिरता को सशक्त करती है। दोनों देशों के बीच साझा लोकतांत्रिक मूल्य और बहुदलीय प्रणाली लोकतांत्रिक संवाद की सशक्त आधारशिला है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री समूहों के गठन से दोनों संसदों के बीच रचनात्मक सहयोग और बढ़ेगा। भारत, श्रीलंका की प्रगति और आर्थिक स्थिरता का एक विश्वसनीय साझेदार है और ऊर्जा, नवाचार, संपर्क एवं फिनटेक जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने श्री प्रेमदासा के भारत दौरे को द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने वाला अवसर बताया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं।



भारत-श्रीलंका संसदीय मैत्री समूहों के गठन से दोनों संसदों के बीच रचनात्मक सहयोग और बढ़ेगा। भारत, श्रीलंका की प्रगति और आर्थिक स्थिरता का एक विश्वसनीय साझेदार है : **ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

### बिरला ने गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर बधाई दी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा ’ सिख धर्म के संस्थापक, प्रथम पातशाही श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ एवं कोटि-कोटि नमन। गुरु नानक देव जी ने मानवता, समानता और सत्य के आदर्शों से विश्व को आलोकित किया। उन्होंने कहा ‘उनके उपदेशों ने समाज में करुणा, सेवा और सह-अस्तित्व का भाव जागृत किया तथा धर्म को मानव कल्याण का माध्यम बनाया। उन्होंने जाति, पंथ और भेदभाव से परे रहकर मानवता को एक सूत्र में बांधने का सन्देश दिया और कर्मयोग व सत्कर्म को जीवन का सार बताया। गुरु साहिब की पावन शिक्षाएं युगों-युगों तक हमें सत्य, प्रेम और निस्वार्थ सेवा के मार्ग पर अग्रसर करती रहें यही प्रार्थना है।‘

## सार संक्षेप

### कांग्रेस का ‘मतदाता बचाओ, लोकतंत्र बचाओ’ अभियान शुरू

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मंगलवार को मतदाता बचाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि झारखंड में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर कुछ लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती है। कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी नागरिक अपने संवैधानिक मताधिकार से वंचित न हो। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, ‘मतदान का अधिकार हर भारतीय नागरिक का मौलिक और संवैधानिक अधिकार है, जिसे कोई भी संस्था या एजेंसी छीन नहीं सकती।’ कांग्रेस को सूचित किया गया है कि कुछ मतदाता सूची से गलत नाम काटे जा रहे हैं, जिसका कड़ा विरोध किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चुनाव आयोग किसी राजनीतिक दल की एजेंसी की तरह काम करता है, तो वह सड़क से लेकर सदन तक इसका विरोध करेगी।

### 421 महिला सुपरवाइजर की नियुक्ति पर हाईकोर्ट से रोक बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के बाल कल्याण विभाग में महिला सुपरवाइजर के 421 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक बरकरार रखी है। नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को जस्टिस आनंद सेन की बेंच में हुई सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने दलीलें पेश कीं। प्रार्थियों की ओर से यह तर्क दिया गया कि जेएसएससी की ओर से सुपरवाइजर के पदों पर नियुक्ति के जारी विज्ञापन में केवल महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जो संविधान के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है, क्योंकि किसी वर्ग को शत-प्रतिशत आरक्षण नहीं दिया जा सकता।

### महिला पर्यटक उत्पीड़न मामला, आरोपी टैक्सी चालकों का लाइसेंस होगा रद्द

**तिरुवनंतपुरम।** मुन्नार घुमने आईं मुंबई की असिस्टेंट प्रोफेसर को परेशान करने वाले तीनों टैक्सी ड्राइवरों के खिलाफ केरल सरकार ने सख्त रवैया अपनाया है। तत्काल प्रभाव से तीनों आरोपियों के लाइसेंस को रद्द किया जा रहा है। पीड़ित महिला जान्हवी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें मुन्नार में जैसा उनके साथ व्यवहार किया गया इसका पूरा ब्योरा था। इस पोस्ट को देख लोगों ने केरल सरकार और टूरिस्ट सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठाए। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपियों को हिरासत में लिया। अब परिवहन मंत्री केबी गणेश ने तत्काल प्रभाव से लाइसेंस रद्द करने की घोषणा की है।

## मणिपुर: ऑपरेशन ‘खानपी’ में चार उग्रवादी ढेर, सेना का अभियान जारी

**इंफाल,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मंगलवार को अचानक से दहशत फैल गई, जब खुफिया सूचना पर आधारित एक अभियान के दौरान उग्रवादियों ने भारतीय सेना और असम राइफल्स की टुकड़ी पर गोलीबारी शुरू कर दी। यह घटना खानपी गांव के पास जिले से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम में हेंगलेप उपमंडल के जंगली इलाके में हुई। बिना किसी उकसावे के की गई इस फायरिंग के जवाब में सुरक्षा बलों ने कड़ी कार्रवाई की, जिसमें यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) के चार सशस्त्र कार्यकर्ता मारे गए। अभियान अभी भी जारी है और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, घटना सुबह करीब छह बजे शुरू हुई। सुरक्षा बल खानपी के जंगलों में यूकेएनए के संदिग्ध ठिकानों की घेराबंदी कर रहे थे। अचानक से उग्रवादियों ने छिपकर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में चार उग्रवादी ढेर हो गए।



**उकसावे के लिए की गई फायरिंग के जवाब में सुरक्षा बलों ने की कड़ी कार्रवाई**


रक्षा सूत्रों के मुताबिक, ये यूकेएनए के सक्रिय सदस्य थे, जो एक गैर-एसओओ (सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस) विद्रोही समूह से जुड़े हैं। इस समूह के कार्यकर्ता दक्षिणी मणिपुर के पहाड़ी जिलों में सक्रिय रहते हैं। गोलीबारी के बाद घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। यह ऑपरेशन यूकेएनए के हालिया अत्याचारों के जवाब में चलाया गया था। समूह के कार्यकर्ताओं ने चुराचांदपुर में एक ग्राम प्रधान की बेरहमी से हत्या कर दी थी। इसके अलावा, उन्होंने स्थानीय लोगों को बार-बार धमकाया और इलाके में शांति व स्थिरता को बाधित करने की कोशिश की।

## अमेरिकी सीनेट में पेश हायर विधेयक भारत के लिए चिंताजनक : कांग्रेस

- भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए साबित हो सकता है बड़ा झटका
- विधेयक भारत के आईटी सेक्टर, बीपीओ, कंसल्टिंग सेवाओं व ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पर डाल सकता है प्रभाव

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी सीनेट में हायर विधेयक पेश किया गया है जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका हो सकता है, इसलिए हमारी सरकार को इसकी चुनौतियों से निपटने की रणनीति पर विचार करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अमेरिकी सीनेट में सोमवार को ओहायो के सीनेटर बर्नी मोरेनो ने अंतरराष्ट्रीय रोजगार स्थानांतरण अधिनियम को रोकने वाला हाल्टिंग इंटरनेशनल रीलोकेशन ऑफ़ एंप्लॉयमेंट एक्ट, जिसे सरल भाषा में हायर विधेयक कहा जा सकता है, को सदन में पेश किया है और यदि विधेयक पारित होता है तो भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका गहरा असर पड़ेगा।



विधेयक में सभी अमेरिकी व्यक्तियों और कंपनियों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रावधान है, जो विदेशी कंपनियों या व्यक्तियों को ऐसे काम के लिए भुगतान करते हैं, जिसका प्रत्यक्ष लाभ अमेरिकी उपभोक्ताओं को मिलता है: **जयराम रमेश, संचार विभाग प्रभारी कांग्रेस**

उन्होंने कहा कि इस विधेयक को सीनेट की वित्त समिति के पास भेजा गया है। इसमें उन सभी अमेरिकी व्यक्तियों और कंपनियों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रावधान है, जो विदेशी कंपनियों या व्यक्तियों को ऐसे काम के लिए भुगतान करते हैं, जिसका प्रत्यक्ष लाभ अमेरिकी उपभोक्ताओं को मिलता है। इस विधेयक को आउटसोर्सिंग भुगतान की नयी परिभाषा के रूप में पेश किया गया है। श्री रमेश के अनुसार विशेषज्ञ मानते हैं कि यह विधेयक भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेक्टर, बीपीओ, कंसल्टिंग सेवाओं और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। भारत ही नहीं आयरलैंड, इज़रायल और फ़िलीपीन्स जैसे देशों को भी इससे नुकसान हो सकता है, लेकिन इसका सबसे बड़ा असर भारत के सेवा निर्यात उद्योग पर पड़ने की आशंका जतायी जा रही है, जो पिछले 25 वर्षों से हमारी अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत स्तंभ रहा है। विधेयक पर चिंता व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि यह कदम अमेरिका में बढ़ती उस सोच को दर्शाता है, जिसके अनुसार ब्लू-कॉलर नौकरियां चीन को ‘खो’ दी गयीं और अब व्हाइट-कॉलर नौकरियां भारत को नहीं सौंपनी चाहिए।


## शिक्षा आत्मनिर्भर बनने के साथ विनम्र रहना व देश के विकास में योगदान देना सिखाती है : द्रौपदी मुर्मु

**नैनीताल,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तराखंड के नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव है। इसलिए, शिक्षा को न केवल छात्रों की बुद्धि और कौशल का विकास करना चाहिए, बल्कि उनके नैतिक शक्ति और चरित्र को भी मजबूत करना चाहिए।

**राष्ट्रपति ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को किया सम्बोधित**

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि शिक्षा न केवल हमें आत्मनिर्भर बनाती है, बल्कि विनम्र रहना और समाज व देश के विकास में योगदान देना भी सिखाती है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपनी शिक्षा वंचितों की सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित करें। उन्होंने कहा कि यही सच्चा धर्म है, जो उन्हें खुशी और संतोष देगा। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। सरकार निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कई नीतिगत पहल कर रही है। ये पहलें युवाओं के लिए अनगिनत अवसर पैदा कर रही हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों को युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने चाहिए, ताकि वे इन अवसरों का लाभ उठा सकें। राष्ट्रपति ने कहा कि देश में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और अनुसंधान के सही उपयोग के लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय इसी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि हिमालय अपने जीवनदायिनी संसाधनों के लिए जाना जाता है। इन संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन की ज़िम्मेदारी सभी की है।




शिक्षा न केवल हमें आत्मनिर्भर बनाती है, छात्र अपनी शिक्षा वंचितों की सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित करें। यही सच्चा धर्म है, जो उन्हें खुशी और संतोष देगा : **द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

## 50 करोड़ रुपए के लुप्तप्राय प्रजाति संरक्षण फंड का नया ढांचा तैयार : स्टालिन

### तमिलनाडु लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण कोष (टीएनईएससीएफ) के प्रबंधन का होगा पुनर्गठन

**चेन्नई,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु सरकार ने एक प्रमुख संरक्षण पहल के तहत तमिलनाडु लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण कोष (टीएनईएससीएफ) के प्रबंधन का पुनर्गठन किया है। यह कोष 50 करोड़ रुपए का है जिसका उद्देश्य राज्य भर में लुप्तप्राय प्रजातियों और उनके आवासों की रक्षा और पुनर्स्थापन करना है। पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और वन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुप्रिया साहू द्वारा जारी एक सरकारी आदेश के अनुसार, इस कोष का प्रशासन राज्य वन विकास एजेंसी (एसएफडीए) से उन्नत वन्यजीव संरक्षण संस्थान (एआईडब्ल्यूसी), वंडलूर को स्थानांतरित कर दिया गया है।



इस कदम का उद्देश्य कार्यक्रम में अधिक वैज्ञानिक दृढ़ता और संस्थागत फोकस लाना है। सरकार ने कोष के संचालन की देखरेख के लिए दो समितियों (एक शासी और एक कार्यकारी) का गठन किया है।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली शासी समिति कोष की रणनीतिक दिशा का मार्गदर्शन करने के लिए हर चार महीने में एक बार बैठक करेगी। इसमें वित्त, उद्योग और पर्यावरण जैसे प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इसमें रोहिणी नीलेकणी, मल्लिका श्रीनिवासन, जेके पैटरसन एडवर्ड, एस. बालचंद्रन और के. जयकुमार सहित संरक्षणवादी और परोपकारी लोग भी शामिल होंगे।

### कोयंबटूर दुष्कर्म मामला: सीएम स्टालिन का सख्त निर्देश, एक महीने के अंदर चार्जशीट दाखिल करे पुलिस

**चेन्नई।** कोयंबटूर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास एक स्नातकोत्तर कॉलेज छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले में आरोपियों को पकड़ लिया गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मंगलवार को पुलिस को एक महीने के अंदर चार्जशीट दाखिल करने और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने का निर्देश दिया। सीएम स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ‘कोयंबटूर में उस जवान लड़की के साथ जो हुआ, वह बहुत ही अमानवीय है; ऐसे बेरहम अपराधों की निंदा करने के लिए कोई भी कड़े शब्द काफी नहीं हैं।

## बिहार चुनाव | मतदाता जागरूकता बढ़ाने की अनूठी पहल

# जिला प्रशासन और रैपिडो की ‘वोटनाव’ पहल से मतदाताओं को मिलेगी मुफ्त राइड

**पटना, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत के अग्रणी राइड- शेयरिंग प्लेटफ़ॉर्म रैपिडो ने पटना जिला प्रशासन के साथ मिलकर एक अनूठी पहल की घोषणा की है। इस पहल के तहत पटना के नागरिक 6 नवंबर को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए ‘वोटनाव’ कूपन कोड का उपयोग कर 5 रुपए तक की मुफ्त बाइक टैक्सी राइड का लाभ उठा सकेंगे।**

रैपिडो के सह- संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने इस पहल के बारे में कहा कि, ‘हमारे देश के भविष्य को तय करने में हर वोट की अहम भूमिका होती है। मतदान में भाग लेना केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। रैपिडो में हम मानते हैं कि गतिशीलता लोकतांत्रिक भागीदारी को सशक्त बना सकती है, जिससे लोगों के लिये मतदान केंद्रों तक पहुंचना आसान हो सके। हमें उम्मीद है कि यह पहल अधिक नागरिकों को मतदान के लिये प्रेरित करेगी और भारत के लोकतंत्र को और मजबूत बनाएगी।‘

कंपनी के अनुसार, मतदान दिवस के दौरान राजधानी पटना में 1200 से अधिक कैप्टन (राइडर्स) हर समय ऐप पर उपलब्ध रहेंगे, जिससे मतदाताओं को निर्बाध सेवा मिल सके। रैपिडो वर्तमान में बिहार सहित देश के 400 से अधिक शहरों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है और सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देने के लिये प्रौद्योगिकी आधारित गतिशीलता समाधानों पर काम कर रहा है। पटना के जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने रैपिडो की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि, ‘बिहार विधानसभा चुनाव को सहभागितापूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिये जिला प्रशासन की ओर से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रैपिडो की ओर से मतदाताओं को फ्री बाइक टैक्सी राइड की सुविधा मतदान प्रतिशत में वृद्धि में सहायक सिद्ध होगी।



- मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए 50 रुपए तक की मुफ्त बाइक टैक्सी राइड का लाभ उठा सकेंगे
- यह सुविधा केवल मतदान दिवस पर राजधानी पटना में रैपिडो बाइक टैक्सी पर मान्य होगी

### कैमूर जिले की तीन सीटों पर पूर्व सांसद के पुत्र चुनावी समर में उतरे

**पटना।** बिहार में 11 नवंबर को दूसरे चरण के 122 सीटों पर होने वाले चुनाव में कैमूर जिले की तीन सीटों रामगढ़, मोहनिया (सुरक्षित) और चैनपुर से पूर्व सांसदों के पुत्र सियासी अखाड़े में अपने प्रतिद्धंदियों से लोहा लेते नजर आयेंगे। कैमूर जिले में चार सीटें रामगढ़, मोहनिया (सुरक्षित), चैनपुर और भभुआ है। इनमें रामगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) , मोहनिया (सुरक्षित) और भभुआ में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और चैनपुर में जनता दल यूनाईटेड (जदयू) का कब्जा है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अशोक सिंह चुनावी समर में उतरे हैं। राजद ने यहां पूर्व सांसद जगतानंद के पुत्र और बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह के भाई अजीत सिंह को चुनावी दंगल में उतारा है। वर्ष 2020 के चुनाव में रामगढ़ सीट पर हुये चुनाव में राजद के सुधाकर सिंह ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार अंबिका सिंह को पराजित किया था। भाजपा प्रत्याशी अशोक सिंह तीसरे नंबर पर रहे थे।

देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार 5 नवम्बर 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## भाजपा-जदयू ने दिखाई चुनावी रंगदारी

बिहार चुनावों में इस बात का अनुमान पहले से था कि जीत हासिल करने के लिए बदजुबानी के नए स्तर कायम होंगे। भाजपा और खासकर नरेन्द्र मोदी इसमें अपना ही बनाया पहले का रिकार्ड तोड़ेंगे। आम चुनाव 2024 में नरेन्द्र मोदी ने जब कहा था कि कांग्रेस वाले आपका मंगलसूत्र चोरी करके ले जाएंगे, तो सब कुछ पता होते हुए भी आश्चर्यमिश्रित दुख हुआ था कि कोई प्रधानमंत्री इस तरह की भाषा कैसे बोल सकता है, ऐसे ऊटपटांग बयान कैसे दे सकता है। लेकिन उस चुनाव में कई बार ऐसे बयान सुनने पड़े। फिर महाराष्ट्र, हरियाणा में यह सिलसिला बढ़ा और अब बिहार चुनाव में जहां इस बार महागठबंधन एनडीए को कड़ी टक्कर दे रहा है, प्रधानमंत्री मोदी कट्टे वाली भाषा पर उतर आए हैं। हम नहीं जानते कि प्रधानमंत्री के सलाहकार कौन हैं, कौन उनके भाषण लिखता है या उसे अंतिम रूप देता है या प्रधानमंत्री जनता का मूड देखकर तात्कालिक भाषण देते हैं, लेकिन एक बात तय है कि वे जनता के स्तर को निचला मानकर ही ऐसे भाषण देते हैं। भाषा की सभ्यता, तहज़ीब का समाज में बड़ी तेजी से क्षरण हुआ है। इसके लिए अब तक बी ग्रेड की फिल्मों, उपन्यासों को जिम्मेदार ठहराया जाता रहा। ओटीटी प्लेटफार्म के प्रचलन के बाद भाषायी संस्कार पूरी तरह से गुम होने लगे। जिन अपशब्दों को सबके सामने बोलने-कहने में लोग झिझकते थे, उन्हें टीवी पर देखकर आम बोलचाल का हिस्सा बना लिया गया। ऐसे में राजनेताओं की ओर जो लोग सत्ता में बैठे हैं, उनकी जिम्मेदारी कई गुना ज्यादा बढ़ जाती है कि वे भाषायी शिष्टाचार की न केवल हिफाज़त करें, बल्कि उसे बढ़ाएं भी। खुद ऐसी भाषा बोलें कि जनता तक अच्छा संदेश जाए। सस्ती लोकप्रियता हासिल करने वाले अक्सर अपने बचाव में तर्क देते हैं कि जनता जो देखना-सुनना चाहती है, हम वही दिखाते हैं। लेकिन यह तर्क सत्तारूढ़ नेताओं पर लागू नहीं हो सकता। बल्कि अगर वे ऐसा करें तो उन्हें कटघरे में खड़ा करने की जरूरत है, क्योंकि वे लोकशिक्षण की अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं। बिहार चुनाव में जब नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर मुख्यमंत्री पद लिया है, तो वे अपनी जिम्मेदारी से मुकर ही रहे हैं।

पाठक जानते हैं कि कुछ दिनों पहले ही महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया, जबकि इसके कयास काफी दिनों से लग रहे थे। कौन सा गठबंधन किस तरह आगे बढ़ता है, यह उसका अपना मसला है। विरोधी गठबंधन उस पर सवाल उठा सकता है। लेकिन कट्टे वाली भाषा बोलकर प्रधानमंत्री राजनैतिक शिष्टाचार से एक पायदान और नीचे उतर गए। भाजपा में उनका अनुसरण करने वाले नेता भरे पड़े हैं। इसलिए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा ने कहा कि राहुल गांधी दुर्भाग्य लेकर आते हैं। वो जहां जाते हैं हार मिलती है। सौभाग्य-दुर्भाग्य की बात करना अंधविश्वास है, जो संवैधानिक भावना के खिलाफ है। वहीं अपने विरोधी के लिए, ऐसा कहना भी सर्वथा अनुचित ही है। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी के पोखर में कूदकर और मछली पकड़ने पर कहा कि मलेशिया के बीच (समुद्री किनारे) से उनका मन भर गया जो लंगूर की तरह पानी में कूद गए। देश में नेता प्रतिपक्ष को लंगूर बताकर मंत्री महोदय कुछ देर की सुर्खी बटोर सकते हैं, लेकिन आखिर में यह देश की छवि पर दाग लगाती है। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव के लिए ऐसे अपशब्दों की भरमार भाजपा नेताओं के पास है, जिनका इस्तेमाल वे अक्सर करते हैं। लेकिन वहीं सवाल उठता है कि क्या ये नेता बिहार की जनता के विवेक को इतना कम करके आंकते हैं कि वह निम्नस्तरीय भाषा सुनकर प्रभावित होगी। क्या अपने विरोधियों को मात देने के लिए कोई नैतिक तरीका या बात भाजपा के पास नहीं बची है। और अब शायद जदयू का भी वही हाल हो गया है।

एक वक्त में शरद यादव और नीतीश कुमार के नेतृत्व में जद यू सिद्धांतों की राजनीति करती थी। लेकिन अब केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने मोकामा में कहा कि, 'कुछ लोग हैं, उन्हें चुनाव के दिन घर से बाहर नहीं निकलने देना है। अगर वे ज्यादा गिड़गिड़ाएं तो उन्हें अपने साथ ले जाइए और वोट देने के बाद घर वापस लाकर छोड़ दीजिए। अभी कमान संभालिए। चुनाव के लिए अब समय नहीं बचा है।' बता दें कि जनसुराज समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या के बाद मोकामा चुनावी उथल-पुथल का मैदान बन गया है। इस हत्याकांड में जदयू के प्रत्याशी अनंत सिंह को आरोपी बनाया गया और विपक्ष की मांग पर अनंत सिंह को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद से ललन सिंह ने मोकामा की कमान संभाल ली है। अनंत सिंह की उम्मीदवारी तो रद्द नहीं हुई, बल्कि ललन सिंह अनंत सिंह का बचाव कर रहे हैं कि उन्हें फंसाया गया है। उन्होंने सारे लोगों ने अनंत सिंह बनने की अपील की और अब सीधे-सीधे अपने विरोधी मतदाताओं को घर पर बंद रखने की धमकी दे रहे हैं। विपक्ष जिस वोट चोरी का डर पहले दिन से बिहार में दिखा रहा है, वह सच होता दिख रहा है। ललन सिंह के बयान वाले वीडियो को कांग्रेस, आरजेडी सभी ने पोस्ट किया और चुनाव आयोग से सवाल किए कि क्या वह इसमें कोई कार्रवाई करेगा। तब जाकर चुनाव आयोग ने ललन सिंह को नोटिस भेजा है और 24 घंटे में जवाब देने कहा है। लेकिन यहां चुनाव आयोग का ढीला-ढाला रवैया बता रहा है कि इसमें कोई बड़ा एक्शन नहीं लिया जाएगा। जो बात विपक्षी दलों ने पहले देख ली, वह चुनाव आयोग को नजर क्यों नहीं आई।

भाजपा-जदयू की चुनावी रंगदारी को क्या चुनाव आयोग रोक पाएगा, यह गंभीर सवाल अब उठ रहा है।

# आसान नहीं बिहार का मैदान भाजपा के लिए

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार खत्म हो गया है और गुरुवार, 6 नवंबर को 121 सीटों पर मतदान होगा। करीब तीन हफ्ते तक चले चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यधारा के मीडिया, खासकर टेलीविजन चैनलों की रिपोर्टिंग और इन चैनलों के लिए कथित ओपिनियन पोल करने वाली एजेंसियों के अनुमानों को मानें तो बिहार में एक बार फिर भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। वैसे मामला इतना आसान नहीं है क्योंकि जो पेशेवर पत्रकार बिहार जाकर वहां स्वतंत्र रूप से राजनीतिक हालात का जायजा ले रहे हैं, उनकी रिपोर्ट बताती है कि ज़मीनी हकीकत टीवी चैनलों की रिपोर्टिंग और सर्वे एजेंसियों के अनुमानों से बिल्कुल अलग है।

पूरे चुनाव अभियान के दौरान सत्ता पार्टी के लिए ढिंढोरची की भूमिका निभाने वाला मीडिया बताता रहा है कि महागठबंधन बिखराव का शिकार है और उसकी पार्टियों के बीच सीटों का बंटवारा ठीक से नहीं हो पा रहा है। चुनाव की घोषणा के बाद जब एक सप्ताह तक राहुल गांधी बिहार नहीं पहुंचे तो बताया गया कि तेजस्वी यादव से मतभेदों के चलते राहुल ने बिहार के चुनाव से अपने को अलग कर लिया है, जिसकी वजह से उनकी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान लोगों में महागठबंधन को लेकर जो उत्साह था, वह अब नदारद है। जब कांग्रेस की ओर से तेजस्वी को महागठबंधन की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री पद का और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के नेता मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया गया तो सवाल खड़ा किया गया कि किसी मुस्लिम को उप मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार क्यों नहीं घोषित किया गया।

यह सही है कि महागठबंधन की पार्टियों में सीटों के बंटवारे को लेकर काफी खींच-तान रही और तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने में भी कांग्रेस ने अनावश्यक देरी की, जिसका लोगों में नकारात्मक संदेश गया। ये दोनों ही काम महागठबंधन के नेता चुनाव की घोषणा होने से पहले भी कर सकते थे। हालांकि मीडिया तब भी उसके खिलाफ माहौल बनाने के लिए किन्हीं और मुद्दों का सहारा लेता।

बहरहाल मीडिया ने महागठबंधन के खिलाफ माहौल बनाने में अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी, बल्कि ऐसा करने में उसने एनडीए की पार्टियों के प्रवक्ताओं और अफवाहें फैलाने के लिए कुख्यात भाजपा के आईटी सेल को भी पीछे छोड़ दिया, लेकिन अभी तक मीडिया में एनडीए की पार्टियों में मचे घमासान को लेकर कोई चर्चा देखने-सुनने को नहीं मिली; और दूसरे दौर का मतदान खत्म होने तक भी नहीं मिलेगी।

हकीकत यह है कि महागठबंधन में मची खींच-तान तो देर से ही सही, मगर खत्म हो गई और उसकी सभी पार्टियां एकजुट होकर चुनाव लड़ रही हैं, जबकि दूसरी ओर एनडीए के घटक दलों के बीच जैसे-तैसे सीटों का बंटवारा हो जाने के बाद अभी तक परस्पर अविश्वास बना हुआ है। वे पार्टियां और उनके नेता अब चुनाव मैदान में भी एक-दूसरे को निबटाने और पुराना हिसाब चुकता करने में लगे हुए हैं। हिंदी भाषी राज्यों में बिहार ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहां भाजपा आज तक अपना मुख्यमंत्री नहीं बना सकी है। इस बार वह हर हाल में अपनी यह हसरत पूरी करना चाहती है, इसलिए उसकी पूरी कोशिश है कि जनता दल (यू) किसी भी सूरत में 50 से ज्यादा सीटें न जीत पाए। पिछली बार 2020 में भी भाजपा 74 सीटों के साथ एनडीए में सबसे बड़ी पार्टी थी, जबकि जनता दल (यू) को महज 43 सीटें ही मिली थी। इसके बावजूद भाजपा को मजबूरी में नीतीश को मुख्यमंत्री बनाना पड़ा था। इस बार वह हर हाल में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से दूर रखना चाहती है।

यह बात नीतीश कुमार भी अच्छी तरह समझ रहे हैं। इसीलिए वे चुनाव प्रचार में भाजपा से लगभग दूरी बनाए हुए हैं और सिर्फ अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए ही प्रचार कर रहे हैं। यही नहीं, उनकी पार्टी चिराग पासवान को सबक सिखाने के इंतजाम में भी जुटी है। पिछली बार चिराग ने एनडीए से अलग होकर चुनाव लड़ा था कई सीटों पर जनता दल (यू) को हराने में अहम भूमिका निभाई थी। माना जाता है कि ऐसा उन्होंने भाजपा के कहने पर किया था, सो नीतीश कुमार इस बार चिराग की पार्टी को ज्यादा से ज्यादा सीटों पर हरवा कर पुराना हिसाब चुकता करना चाहते हैं। उधर चिराग पासवान भी यही काम नीतीश कुमार और जीतनराम मांझी के साथ करने में जुटे हैं।

इस सबके अलावा भाजपा और जनता दल (यू) में आंतरिक कलह भी कम नहीं है। भाजपा में कई पुराने नेता सम्राट चौधरी को हारते हुए देखना चाह रहे हैं, तो वहीं जेडीयू में ललन सिंह और संजय झा की चाहत है कि विजय चौधरी और विजेंद्र यादव किसी सूरत में जीत न पाएं। मगर इन सब बातों को भाजपा के प्रचारक की भूमिका निभा रहा मीडिया देखते-समझते हुए भी नजरंदाज कर रहा है। इस पूरे सूरत-ए-हाल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी अच्छी तरह समझ रहे हैं, इसलिए हर बार की तरह उन्होंने इस बार खुद को दांव पर नहीं लगाया है। उनके चुनावी भाषणों से 'यह मोदी की गारंटी है' जैसे जुमले नदारद हैं। अलबत्ता स्तरहीन कटाक्षों और संवादों के मामले में वे अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर हमेशा की तरह नया रिकॉर्ड बनाते दिख रहे हैं। ऐसा करने में अमित शाह, योगी आदित्यनाथ सहित तमाम नेता भी पीछे नहीं हैं। चुनाव आयोग हमेशा की तरह एनडीए के सहयोगी दल की भूमिका में काम करते हुए मूकदर्शक बना हुआ है।



अनिल जैन

> महागठबंधन की पार्टियों में सीटों के बंटवारे को लेकर काफी खींच-तान रही और तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने में भी कांग्रेस ने अनावश्यक देरी की, जिसका लोगों में नकारात्मक संदेश गया। ये दोनों ही काम महागठबंधन के नेता चुनाव की घोषणा होने से पहले भी कर सकते थे। हालांकि मीडिया तब भी उसके खिलाफ माहौल बनाने के लिए किन्हीं और मुद्दों का सहारा लेता।

हिंदी भाषी राज्यों में बिहार ही एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां चुनाव में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के मुद्दे ज्यादा असर नहीं दिखा पाते हैं। सिर्फ 2014 का लोकसभा चुनाव अपवाद था, जिसमें भाजपा ने अकेले दम पर अभूतपूर्व जीत हासिल की थी। हालांकि उसकी भी अहम वजह यह थी कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद की पार्टियां अलग-अलग चुनाव लड़ी थीं। फिर भी भाजपा को वह जीत सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की बदौलत नहीं बल्कि नरेन्द्र मोदी द्वारा पेश किए गए विकास के गुजरात मॉडल और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर मिली थी। उस चुनाव के डेढ़ साल बाद ही बिहार विधानसभा के चुनाव हुए थे, जिसमें लालू प्रसाद और नीतीश कुमार मिल कर लड़े। कांग्रेस भी उनके गठबंधन में शरीक थी। भाजपा के चुनाव अभियान की कमान पार्टी के अध्यक्ष बन चुके अमित शाह ने संभाली थी। उस चुनाव में मोदी और शाह ने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खूब प्रयास किए थे। उन्होंने सभाओं में यहां तक कहा था कि, 'अगर भाजपा हार गई तो पाकिस्तान में पटाखे फूटेंगे।' फिर भी भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा था। उस चुनाव में भाजपा के साथ लड़ीं रामविलास पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी की पार्टियों का तो सफाया ही हो गया था। उसके बाद विधानसभा का एक और लोकसभा के दो चुनाव भाजपा नीतीश कुमार के साथ ही लड़ी और किसी भी चुनाव में उसे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की जरुरत नहीं पड़ी। एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए नीतीश कुमार का नाम ही काफी था।

इस बार भी नीतीश भाजपा के साथ हैं लेकिन अमित शाह 2015 के चुनाव की तर्ज पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास में लगे हैं। जाहिर है कि भाजपा नीतीश कुमार के चेहरे का लाभ तो उठाना चाहती है लेकिन चुनाव अपने एजेंडे पर ही लड़ना चाहती है ताकि चुनाव के बाद वह मुख्यमंत्री पद से नीतीश को दूर रख सके। हालांकि नीतीश के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ने का एनडीए को नुकसान हो सकता है।

लगता है कि भाजपा को उस नुकसान का अहसास है और उसकी भरपाई के लिए ही वह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा चला रही है। अगर ऐसा नहीं होता है तो 20 साल के बिहार सरकार के काम-काज और 11 साल के केंद्र सरकार के काम-काज पर वोट मांगा जाता और आगे के विकास का रोडमैप बिहार की जनता के सामने रखा जाता। लेकिन अमित शाह तीखे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने वाले भाषण दे रहे हैं, जिसका नुकसान भी हो सकता है। वे मर चुके शहाबुद्दीन का जिक्र जगह-जगह अपने भाषणों में कर रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि शहाबुद्दीन के जीवनकाल में ही नीतीश कुमार ने ऐसी स्थिति कर दी थी कि लोग उनसे नहीं डरते थे। खगड़िया की सभा में अमित शाह ने कहा कि सैकड़ों बख्तियार खिलजी आ जाएं तब भी नालंदा को नहीं जला पाएंगे। हर सभा में वे घुसपैठियों को बाहर निकालने की बात करते हैं, जबकि इसका आंकड़ा कोई नहीं दे पा रहा है कि बिहार में एसआईआर होने के बाद कितने घुसपैठिए मिले।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# तेजस्वी के खिलाफ धारणा की लड़ाई हार रहे हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

■ **कल्याणी शंकर**

आगामी 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है, जिसका सभी संबंधित दलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। जनमत सर्वेक्षण सत्तारूढ़ एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के पक्ष में हैं, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ सत्ता-विरोधी भावनाएं भी प्रबल हैं।

भाजपा नेता पहले से ही जीत का दावा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर घोषणा की है कि भाजपा-एनडीए बिहार में व्यापक जीत दर्ज करेगी।

राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि ये सर्वेक्षण पार्टियों और उनके नेताओं को प्रभावित करते हैं। ये नेतृत्व, जातिगत गतिशीलता और मतदाताओं की धारणाओं पर भी निर्भर करते हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाला और कांग्रेस, वाम दलों और छोटे दलों के साथ गठबंधन करने वाला इंडिया ब्लॉक, दो दशकों के एनडीए शासन को समाप्त करना चाहता है। मजबूत नेतृत्व और संगठन के साथ, मतदाताओं का मूड आगे एक उतार-चढ़ाव भरा चुनाव होने का संकेत देता है।

स्थानीय विधायकों में असंतोष, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और रोज़गार सृजन की कमी के साथ, सत्तारूढ़ गठबंधन के समर्थन को कमज़ोर कर रहा है। हालांकि एनडीए को उच्च जातियों और वृद्ध मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है, लेकिन युवाओं और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समूहों को जोड़ने में इसकी असमर्थता पार्टी के लिए चुनौतियां पेश करती है।

चुनाव के नतीजे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के स्टार प्रचारक नेताओं से काफ़ी प्रभावित होते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मतदाताओं, खासकर महिलाओं का भरपूर समर्थन प्राप्त है, जो मुफ़्त बिजली, स्वच्छ पानी और एक करोड़ रोज़गार सृजित करने की योजना जैसी उनकी पहलों की सराहना करती हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 25 लाख महिलाओं की सहायता के लिए एक महिला कल्याण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक को 10,000 रुपये आवंटित किए हैं।

सी वोटर सर्वेक्षण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता में उतार-चढ़ाव देखा गया, परन्तु उत्तरदाताओं ने उन्हें अपना पसंदीदा मुख्यमंत्री चुना। एक आश्चर्यजनक दावेदार जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर थे, जो 16 प्रतिशत वोटों के साथ एक पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में उभरे।

एनडीए का बिहार भर में एक मज़बूत नेटवर्क है, जिसमें भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) और जनता दल (यूनाइटेड) जद(यू) दोनों के कार्यकर्ता शामिल हैं, साथ ही आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) समूहों का भी समर्थन प्राप्त है। प्रधानमंत्री द्वारा समर्थित हालिया विकास परियोजनाओं ने एनडीए के अभियान को मज़बूत करने में मदद की है।

भाजपा ने जद(यू) का समर्थन किया और भाजपा के शीर्ष नेता एनडीए के लिए प्रचार कर रहे हैं, और वित्तपोषण कोई समस्या नहीं है।

हालांकि, एनडीए स्थानीय स्तर पर संघर्ष कर रहा है, जहां उसे अपने विरोधियों जितनी विश्वसनीयता और ज़मीनी समर्थन का अभाव है।

राजद के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जबकि उनके पास लगभग 30प्रतिशत मुस्लिम-यादव मतदाता हैं। नवीनतम सी-वोटर सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि वह बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए शीर्ष विकल्प बने हुए हैं। लालू यादव के पुत्र तेजस्वी युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं और उन्होंने मतदाताओं से कई लोकलुभावन वायदे किए हैं। इनमें पेंशन और स्वास्थ्य सेवा जैसे सामाजिक कल्याण लाभों में वृद्धि, साथ ही सरकारी रोज़गार अभियानों और छोटे व्यवसायों को समर्थन के माध्यम से रोज़गार सृजन पहल शामिल हैं।

तेजस्वी राजद का नेतृत्व करते हैं, लेकिन उनके पिता लालू प्रसाद यादव और परिवार के अन्य सदस्यों का अभी भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। पारिवारिक विवाद अक्सर तेजस्वी को पार्टी की रणनीति के बजाय आंतरिक कलह को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मजबूर करते हैं। परिवार के कुछ सदस्य कानूनी मुद्दों का सामना कर रहे हैं, जिनमें ज़मीन के बदले नौकरी घोटाले की ईडी जांच भी शामिल है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी राजद के साथ गठबंधन उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे हैं। अब वह कांग्रेस के वफादारों का समर्थन जुटाने के लिए रैलियां और रोड शो करने की योजना बना रहे हैं।

उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा भी राज्य में सक्रिय रूप से प्रचार कर रही हैं। हालांकि, पार्टी को मजबूत स्थानीय नेताओं की कमी के कारण संघर्ष करना पड़ रहा है। कांग्रेस के लगातार खराब प्रदर्शन को गठबंधन में एक कमज़ोर कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। 1995 के बिहार विधानसभा चुनावों के बाद से, कांग्रेस किसी भी चुनाव में 30 से ज़्यादा सीटें जीतने में कामयाब नहीं हुई है। इस बार, कांग्रेस ने 61 उम्मीदवार उतारे हैं, जिनमें से 56 सीटों पर भाजपा और जद(यू) से उसका बीच सीधा मुकाबला है- ये सीटें मुख्यत: एनडीए के नियंत्रण में हैं।

> नवीनतम सी-वोटर सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि वह बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए शीर्ष विकल्प बने हुए हैं। लालू यादव के पुत्र तेजस्वी युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं और उन्होंने मतदाताओं से कई लोकलुभावन वायदे किए हैं। इनमें पेंशन और स्वास्थ्य सेवा जैसे सामाजिक कल्याण लाभों में वृद्धि, साथ ही सरकारी रोज़गार अभियानों और छोटे व्यवसायों को समर्थन के माध्यम से रोज़गार सृजन पहल शामिल हैं।

भाजपा मुख्यत: शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सक्रिय है, जहां जनसंख्या लगभग 30प्रतिशत है। ऐतिहासिक और सामाजिक कारकों के कारण, उच्च जातियों का प्रभुत्व पिछड़े और हाशिए पर पड़े समुदायों तक उसकी पहुंच को सीमित करता है, जो बिहार जैसे राज्य में एक बड़ी ओबीसी और दलित आबादी के लिए एक चुनौती हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के कई नेता बिहार में प्रचार कर रहे हैं।

एनडीए नीतीश कुमार के कल्याणकारी अनुभवों पर ज़ोर देता है, जबकि इंडिया ब्लॉक युवा नेतृत्व और मतदाता भागीदारी बढ़ाने पर ज़ोर देता है। युवा वोट और कुल मतदान प्रतिशत बिहार के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

वोटवाइब के नवीनतम सर्वेक्षण में कड़ी टक्कर दिखाई दे रही है, जिसमें महागठबंधन को 34.7प्रतिशत और एनडीए को 34.4प्रतिशत समर्थन प्राप्त है। जन सुराज को 12.3प्रतिशत समर्थन प्राप्त है, जबकि 8.4प्रतिशत लोगों को त्रिशंकु विधानसभा की आशंका है।

यह चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके परिणाम का स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर कई नेताओं के भविष्य पर गहरा असर पड़ेगा। अगर एनडीए 2025 के बिहार चुनावों में फिर से जीतता है, तो इससे भाजपा को 2026 के कई विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त बल मिलेगा।

इस समय नीतीश कुमार की हार उनके राजनीतिक करियर का अंत हो सकती है।

राहुल और प्रियंका गांधी को भी इस बार इंडिया ब्लॉक की जीत की अत्यंत आवश्यकता है। ये नतीजे चिराग पासवान, प्रशांत किशोर और अन्य छोटी पार्टियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

## आपके पत्र

### आंध्रप्रदेश के व्यंकटेश्वर मंदिर में भगदड़ से श्रद्धालुओं की मौत

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। कासीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ मचने से कम से कम 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए। हादसा उस समय हुआ जब एकादशी की मौके पर हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे। हिन्दू पर्व पर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के साथ घटना होती है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौतें होती हैं। यह पहली और आखिरी घटना नहीं है हिन्दुओं के त्योहार पर मंदिर में भगदड़ मचने की घटना एक इत्तेफाक समझकर विस्मृत की जाती है। लेकिन ऐसी घटनाओं का जख्म दशकों तक नहीं भुलाया जा सकता । आंध्रप्रदेश के राज्य सरकार के मंत्री जिम्मेदारी से बचते नजर आए उन्होंने कहा कि यह मंदिर निजी स्वामित्व वाला है और सरकार के एंडोमेंट्स विभाग के अधीन नहीं आता। उन्होंने बताया कि मंदिर की क्षमता बहुत सीमित थी, लेकिन करीब 25 हजार श्रद्धालु एक साथ पहुंच गए। मंदिर प्रशासन ने न तो कोई विशेष व्यवस्था की और न ही सरकार को सूचना दी। गृह मंत्री ने कहा कि इस बार एकादशी और कार्तिक मास का शनिवार होने से भीड़ सामान्य से कहीं ज्यादा थी। इस तरह के जवाब तथा सरकार अपनी जवाबदेही से मुंह मोड़ती नजर आ रही है। दरअसल, ऐसी घटनाओं पर राज्य और जिला प्रशासन ने हाथ खड़े कर दिए हैं। ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। 2024 में हाथरस में हुई भगदड़ सबसे घातक थी, इसमें 121 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। तिरुपति मंदिर उत्सव के दौरान छह लोगों की मौत हो गई। मुम्बई में बांद्रा टर्मिनल रेलवे स्टेशन में भगदड़ से करीब नौ लोगों की मौत हो गई।

हरिद्वार मनसा देवी मंदिर में 27 जुलाई को भयंकर भीड़ जमा होने के बाद भगदड़ मची, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई और कई लोग घायल हो गए। किसी ने करंट फैलने की अफवाह फैलाई थी, जिसके चलते ये हादसा हुआ। गोवा के शिरगांव गांव में श्री लाईराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान अचानक भगदड़ मच गई, इस हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान देर रात धक्का-मुक्की शुरू हुई और भगदड़ मच गई। इस दौरान नीचे जमीन पर सोए लोगों को भीड़ ने कुचल दिया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक इस हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गए।

इंदौर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक हवन का आयोजन किया गया था, इस दौरान भारी भीड़ जुटी थी और एक प्राचीन बावड़ी (कुएं) के ऊपर बना स्लैब नीचे गिर गया। इस हादसे में करीब 36 लोगों की मौत हो गई। आंध्र प्रदेश के राजामंडी शहर में गोदावरी नदी के किनारे 'पुष्करम' उत्सव के दौरान भारी भीड़ जुट गई और भगदड़ में 27 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। ऐसे अवसरों पर सावधानी आवश्यक है, शासन प्रशासन की ओर से भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय करने चाहिए तथा जनता को भी संयम बरतना चाहिए ताकि जानमाल को नुकसान न हो।

**कांतिकुमार मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### स्वच्छ प्रशासन की चिंता

*'यूं देश में ऐसे अफसरों की कमी नहीं है, जिन्होंने अपने सरकारी कार्यकाल के अनुभव लिखे हैं। इनमें सबसे पहला नाम तो आर.एस. वी.पी. नरोन्हा का है जो मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव थे। सत्तर के दशक में प्रकाशित उनकी आत्मकथा का शीर्षक है- 'अ टेल टोल्ड बाइ एन इडियट।' इसमें उन्होंने बेहद रोचक शैली में निर्वाचित सरकार तथा अफसरशाही के आपसी व्यवहार को चित्रित किया है। श्री नरोन्हा की ख्याति एक बेहद सुलझे हुए ईमानदार, कर्मठ व कुशल अफसर की थी। वे चीफ सेक्रेटरी थे तब लूना या ऐसी किसी मोपेड से अपने घर से वल्लभ भवन आया करते थे। कहना होगा कि अपने समय में ऐसे गुणों वाले वे अकेले अधिकारी नहीं थे। यह बात और है कि वे अपने अनुभवों को लिपिबध्द कर गए।'*

*'मध्यप्रदेश में ही उनके बाद एक और मुख्य सचिव हुए श्री सुशीलचंद्र वर्मा। वे 1960 की शुरुआत में रायपुर में कलेक्टर थे। श्री वर्मा ने 1984-85 के आसपास 'एक कलेक्टर की डायरी' शीर्षक से अपने अनुभव लिखे जो उन दिनों देशबन्धु में धारावाहिक रूप से प्रकाशित भी हुए। श्री वर्मा की शैली भी बहुत रोचक और किस्सागोई थी। नरोन्हाजी की ही तरह वर्माजी ने भी रेखांकित किया कि अगर अधिकारी ठान ले तो वह भय अथवा राग से मुक्त होकर कैसे काम कर सकता है, और साथ ही साथ अपने अधीनस्थों को भी स्वच्छ वातावरण में काम करने के लिए प्रेरणा दे सकता है।'*

**(देशबन्धु में 7 नवम्बर 2013 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/11/blog-post.html

## प्रकाश पर्व

### कुल तारण गुरु नानक आया

गीता में कहा गया है जब-जब धरा पर धर्म का नाश होने लगता है और पाप कर्म बढ़ जाता है तब-तब प्रभु अवतार धारण कर पापियों का नाश करने धरा पर आते हैं। ऐसी ही हालात इस देश की हो गई थी जब गुरु नानक देव जी का इस धरा पर आगमन हुआ था। भाई गुरुदास जी के अनुसार, राजे सिंह मुकदम के चमचे अधिकारीगण प्रजा को कष्ट पहुंचा रहे थे उसी समय नानक जी का धरा पर आना हुआ-

सुणी पुकार दातार प्रभु गुरु नानक जगमाहि पठाइया।

गुरु नानक देव जी के आगमन पर संसार में पाप की चादर फैली हुई थी वह हट गई और हर तरफ ज्ञान रूपी प्रकाश फैलने लगा-

सतगुरु नानक प्रगटिया मिट्टी धुंध जग चाणन होया।<br>
जिओ कर सूरज निकलिया तारे छपे अंधेर पलोया।<br>
गुरमुख कलविच प्रगट होआ।।

गुरु नानक देव का जन्म माता तृप्ता एवं पिता मेहता कालू कल्याणचंद के घर ननकाना साहिब (जो अब पाकिस्तान में है) में राए भोऐ की तलवंडी में कार्तिक पूर्णिमा को सन् 1469 में हुआ था। आपने अरबी, फारसी गुरमुखी ऊर्दू की पढ़ाई बचपन में कर ली थी। आप सभी काम कर लेते थे। गाय-भैंस चराना, खेती बाड़ी करना। आपके जीजा जयराम ने सुलतानपुर लोदी के नवाब दौलत खां के यहां नौकरी में लगा दिया पर वहां आपका मन निरंकार से ही जुड़ा रहा। एक बार आप के पिताजी ने 20 रुपए देकर कोई सच्चा सौदा करने भेजा। गुरुदेव को रास्ते में कुछ साधु मिले जो भूखे थे उनको भोजन हेतु 20 रुपए की खाने की सामग्री लाकर दान कर दिया यह सोचकर कि इससे सच्चा सौदा और क्या हो सकता है? इस कारण उन्हें पिता की डांट खानी पड़ी। आपने मोदी खाने की नौकरी छोड़ दी और जगह-जगह यात्राएं कर समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। प्रभु परमात्मा का नाम सिमरन कराया। धर्म प्रचार हेतु कई जगह की यात्रा भी की।

आपका धर्म प्रचार करने का अंदाज भी निराला था। हरिद्वार में गंगा जी में पश्चिम दिशा में जल चढ़ाया और लोगों के पूछने पर आपने कहा कि मैं पंजाब में अपने खेतों में पानी डाल रहा हूं। लोगों ने हँसते हुए पूछा कि वहां पानी कैसे पहुंचेगा?

तब गुरुदेव ने कहा- जिस तरह पूर्व दिशा में सूर्य को हजारों मील दूर जल चढ़ाने से पहुंच सकता है उसी तरह मेरे पश्चिम में स्थित खेतों में जल चढ़ाने से पहुंचेगा उसी तरह । एक बार मक्का मदीना में काबे की तरफ पैर रखकर सो गए। काजी ने जब यह देखा तो पूछा कौन काफिर इस तरह सो रहा है। तब गुरुदेव ने कहा थका हुआ था सो उधर पैर रखकर सो गया। अब आप जिस तरफ खुदा न हो उधर मेरे पैर घुमा दीजिए। काजी ने गुस्से में गुरुदेव के पैर पकड़ कर चारों ओर घुमाना शुरु किया वे यह देखकर हैरान रह गए जिस तरफ आपके पैर रखता उधर ही काबा दिखाई देता। आपकी शिक्षा थी कि नाम जपो ते वंड छको।

घालि खाये किछ हथों देए नानक राह पछाजै से।

इस तरह आपने यह भी शिक्षा दी कि प्रभु परमात्मा की भक्ति करने हेतु वन कंदराओं में जाने की जरूरत नहीं है वरन गृहस्थ में रहकर अपने परिवार का उदर पोषण करना है और मन निरंकार के साथ जोड़े रखना है। इस बात को नामदेव ने इस प्रकार कहा है-

नामा कहै त्रिलोचना मुख ते नाम सम्भाल।<br>
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

गुरु नानक शाह फकीर हिन्दुओं के गुरु और मुसलमानों के पीर थे। आपने जीवन के आखिरी 18 साल करतारपुर में रहकर खेती बाड़ी भी की। यहीं पर भाई लहणा आकर मिले थे और उनकी सेवा करते उनकी हर आज्ञा का पालन करते थे इसी से प्रसन्न होकर उनको अपने अंग से लगा कर अंगद देव बना दिया। उन्हें शिक्षाएं देकर गुरता गद्दी देकर दूसरा नानक बना कर इस संसार से विदाई ली। आज उनका प्रकाश पर्व है।

**-इंदर सिंह आहुजा**

**उल्टा पुल्टा**

भिखारी- ऐ भाई एक रुपया दे दे, तीन दिन से भूखा हूं।
राहगीर- तीन दिन से भूखा है तो एक रुपए का क्या करेगा?
भिखारी- वजन तोलूंगा कितना घटा है..!!

# रेल दुर्घटना में मृतकों के परिवार को एक-एक करोड़ मुआवजा और नौकरी दी जाए-कांग्रेस




**बिलासपुर**, 4 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा मेमू लोकल ट्रेन और माल गाड़ी के बीच गतौरा स्टेशन के पास भीषण एक्सीडेंट हुआ ,जिसमे कई लोगो की मृत्यु हुई है और बहुत लोग घायल हो गए है, आज शाम 7.00 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 01 द्वारा शहीद विनोद चौबे प्रतिमा के पास केंडल जला कर मृत लोगो को श्रद्धांजलि दी गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की ।

कांग्रेस ने कहा कि देश मे आये दिन रेल दुर्घटनाएं हो रही है ,पर रेल मंत्री न तो इस्तीफा दे रहे है और न ही सिस्टम में कोई सुधार के लिए कारगर व्यवस्था कर रहे है, जब से संचार प्रणाली कंप्यूटेरिसड हुआ है ,रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है , रेल मंत्रालय कहता है कि एक ही ट्रैक में दो से तीन गाड़ियों का परिचालन होता है और एक निश्चित दूरी पर गाड़ियां रुक जाती है किंतु इस दुर्घटना ने सिद्ध कर दिया कि सरकार की सारे सिस्टम फेल है पैसेंजर अपनी जान को जोखिम में रख कर यात्रा करे, कांग्रेस ने कहा कि एक्सीडेंट इतनी भीषण थी कि ट्रेन की इंजन और बाद वाली बोगी माल गाड़ी के ऊपर चढ़ गई ।

कांग्रेस रेल प्रशासन से मांग करती है कि मृतको के परिजनों को एक -एक करोड़ की मुआवजा ,परिवार के एक सदस्य को रेल विभाग में नियमित नौकरी और गम्भीर घायल लोगो को कम से कम 50-50 लाख की सहायता एवं सामान्य घायल लोगो को 5 -5 लाख की मदद दी जाए।

कांग्रेस ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से तत्काल इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि जब तक जिम्मेदारी तय नही होगी तब तक विभाग में कसावट नही आएगी और मजबूर जनता दुर्घटनाओं का शिकार होती रहेगी। केंडल जलाने और शोक सभा में पूर्व महापौर रामशरण यादव, नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप,प्रवक्ता ऋषि पांण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजू यादव,पूर्व पार्षद रमाशंकर बघेल ,पूर्व पार्षद स्वर्णा शुक्ला

शेख नजरुद्दीन,आशुतोष शर्मा,अयाज़ खान,अहमद असद,रवि गेडाम,रमजान गौरी,कृष्ण मुरारी बाजपेयी,रितेश मसीह,वकार खान,वसीम बख्स,अखलाक खान,कमल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## घायलों का हाल जानने विधायक अटल और लहरिया अस्पताल पहुंचे

लाल खदान के पास हुए रेल हादसा पर दुख व्यक्त करते हुए कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा तकनीकी लापरवाही की जांच होनी चाहिए पर यह हादसा लदान को प्राथमिकता देने का नतीजा है मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घायलों की समुचित इलाज की बात उन्होंने शासन से कहा बिलासपुर चौकसे कॉलेज के पास गेवरा मेमू एवं मालगाड़ी के बीच हुए भीषण हादसा की सूचना मिलते ही कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल राहत एवं सहायता हेतु साथियों के साथ प्रमुख रूप से राजेंद्र शुक्ला प्रमोद नायक अभय नारायण राय जितेंद्र पांडे शिवबालक कौशिक सुरेश ठाकुर मौके पर पहुंचे ।अटल श्रीवास्तव ने कहा कि ये रेल हादसा रेलवे की लापरवाही का नतीजा है। रेल्वे द्वारा यात्री गाड़ियों की सुरक्षा और सुविधा को दरकिनार कर कोयला लदान को प्राथमिकता में परिवहन किया जा रहा है रेल हादसा रेलवे की लापरवाही और कोयला लदान के परिवहन के दबाव का नतीजा है। अटल श्रीवास्तव ने हादसे में मृत यात्रियों के प्रति संवेदना व्यक्त कर इस गंभीर घटना की तत्काल जांच करने एवं दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने कहा गया। अटल श्रीवास्तव रेलवे हॉस्पिटल पहुंच कर घायलों का हालचाल जाना एवं हॉस्पिटल प्रबंधन से तत्काल और बेहतर इलाज करने हेतु निर्देशित किया।



=रेल हादसे की जानकारी होते ही कांग्रेस ह्ह्ह विधायक दिलीप लहरिया मौके पर पहुंचे विधायक अटल श्रीवास्तव विधायक दिलीप ल हरिया एवं कांग्रेस के नेताओं ने जिला प्रशासन से बातचीत की। कलेक्टर पुलिस अधीक्षक से सहायता की बात की और हर संभव सहयोग करते हुए उन्होंने शासन प्रशासन अनुरोध किया कि सबसे पहले घायलों का इलाज और जो परिजन वहां पहुंचे हैं उनकी समुचित व्यवस्था की जाए।

=कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव कांग्रेस विधायक दिलीप लहरिया राजेंद्र शुक्ला प्रमोद नायक अभय नारायण राय जितेंद्र पांडे शिव बालक कौशिक आदि ने रेलवे हॉस्पिटल और सिम्स पहुंचकर घायलों से और उनके परिजनों से मुलाकात की और हर संभव सहायता प्रदान करने की बात कही।

## संपादकीय

### खचाखच वाहन : हादसों को आमंत्रण

*छत्तीसगढ़ की सड़कों पर सवारियों से खचाखच भरे वाहनों के दृश्य आम हैं। जितनी भी तरह के व्यवसायिक वाहन हैं, बसें हों या पिकअप वैन, स्कूली बसें अथवा ऑटो रिक्शे- ठूंस-ठूंसकर उनमें सवारियां भरी जाती हैं। बेशक यह हर फेरे में अधिकाधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में होता है। व्यवसायिक स्पर्धा के चलते अधिकतम सवारियां बटोरने के चक्कर में वाहनों को खचाखच तो भरा ही जाता है, रास्ते की सवारियां भी न छोड़ने की प्रवृत्ति से उन्हें तेज गति से दौड़ाया जाता है ताकि कोई और वाहन हाथ न मार ले।*

*किसी भी शहर के रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, प्रमुख चौक-चौराहों पर बसें हों या ऑटो- ओवरलोडिंग करते हैं। चूंकि ये शेयरिंग वाहन होते हैं जो निर्धारित जगहों तक पहुंचाने के लिये एक निश्चित किराया लेकर दौड़ते हैं। ऐसे लोग जो स्वतंत्र रूप से ऑटो को किराया देने में असमर्थ होते हैं, वे मजबूरी में घंटों रुकते हैं और व्यवसायिक वाहनों में बड़ी कठिनाई से बैठते हैं। ऐसे वाहन जब दुर्घटनाग्रस्त होते हैं तो वे इस लिहाज से भयानक होते हैं कि मरने वालों तथा घायलों की संख्या भी काफी होती है।*

*कोरबा के पाली थाना क्षेत्र में स्थित चैतुरगढ़ पर्यटन स्थल पर गया एक ऑटो पोतापाल की ढलान पर अनियंत्रित होकर तीन पलटियां खा गया जिससे एक व्यक्ति मारा गया तथा चार लोग घायल हो गये। वैसे तो भारत समेत प्रदेश में न जाने कितनी दुर्घटनाएं व्यवसायिक वाहनों से होती हैं लेकिन इस हादसे का विशेष रूप से इसलिये ज़िक्र हो रहा है क्योंकि उस ऑटो में 14 सवारियां थीं। ये सभी बिलासपुर के मोपका क्षेत्र के रहने वाले थे। बिलासपुर से यह स्थान दो-चार नहीं बल्कि करीब 8\ किलोमीटर दूर है। सामान्यतः ऑटो का इस्तेमाल शहर के भीतर या आसपास के 5-7 किलोमीटर तक किया जाता है। फिर, चैतुरगढ़ के लिये चढ़ाई भी है। इतने लोगों को ढोते हुए इतनी लम्बी दूरी तय करना और फिर चढ़ना-उतरना एक ऑटोरिक्शा के लिये कितना कठिन हो सकता है- इसे समझा जा सकता है।*

*इस तरह की लापरवाही सर्वत्र देखने को मिलती है और ओवरलोडिंग के कारण होने वाले हादसे भी भरपूर होते हैं। इसके बावजूद न तो ऑटोचालक निर्धारित संख्या से अधिक लोगों को बिठाने में परहेज करते हैं और न ही सवारियां खुद पर मंडराते खतरे को भांप पाते हैं। एक और तथ्य जो अक्सर दिख पड़ता है, वह यह कि पर्यटन स्थलों अथवा किसी सामाजिक-राजनीतिक कार्यक्रम में आने-जाने के लिये बैठे हुए लोगों के साथ वाहन संचालकों को भी जल्दी होती है। क्षमता से ज्यादा लोगों से भरे तथा तेज दौड़ते वाहनों को काबू करना मुश्किल होता है। लोगों से भरी बसें, पिकअप, ऑटो रिक्शे, ट्रैक्टर ट्रॉलियां इसीलिये पलटती हैं। परिवहन विभाग तथा यातायात पुलिस कड़े कदम उठाकर ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों चालकों के खिलाफ कार्रवाई करे।*

# खैरा गांव में रास्ता बाधित होने की शिकायत पर कलेक्टर ने दिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश

### साप्ताहिक जनदर्शन:कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**बिलासपुर**, 4 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उन्होंने एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए। जनदर्शन में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल एवं निगम आयुक्त अमित कुमार ने भी लोगों की समस्याएं सुनी। लोगों ने जनदर्शन में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक हित से जुड़े विषयों को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवेदन दिया।



जनदर्शन में आज कोटा ब्लॉक के ग्राम खैरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि गांव के ही धीरेन्द्र कुमार साहू ने सरकारी रास्ते में घर बनवाना शुरू कर दिया है जिससे किसानों को अपनी फसल घर और खलिहान तक ले जाने में दिक्कत हो रही है। कलेक्टर ने उनका आवेदन एसडीओ कोटा को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत बिल्हा के ग्राम सारधा के सरपंच ने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सरपंच ने बताया कि उनके ग्राम पंचायत में उचित मूल्य की दुकान के लिए भवन की आवश्यकता है।

वर्तमान में पंचायत भवन का उपयोग कर राशन वितरण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इस मामले को सीईओ जनपद पंचायत को सौंपते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम दर्रीभाठा निवासी श्री बांके विश्वकर्मा और रोहित चंद्राकर ने कलेक्टर से मुलाकात कर बताया कि गांव के ही श्री निर्दोष चंद्राकर द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर मकान बनाया जा रहा हैं। उन्होंने नलजल योजना के तहत लगे सार्वजनिक नल को भी अपने बाउन्ड्रीवॉल में लगा लिया है। इस मामले की जांच एसडीओ मस्तूरी करेंगे। ग्राम पंचायत पत्थरखान के ग्रामीणों ने अटल चौक से सुलभ शौचालय तक रोड निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत पत्थरखान में अटल चौक से सुलभ शौचालय तक कच्ची सड़क है जिससे आने जाने एवं रात के समय गांववासियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इस मामले को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सारधा के आश्रित ग्राम खेकसही के ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर बताया कि उन्हें नल जल योजना के अंतर्गत किसी प्रकार की कोई सुविधाएं नहीं मिल रही है।

योजना के तहत हर घर में पाइपलाइन के माध्यम से पेयजल पहुंचाना था लेकिन ग्रामीण सुविधाओं से वंचित है। कलेक्टर ने पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम खेकसही में ही राशन वितरण की व्यवस्था करवाने भी आवेदन दिया। बताया कि सारधा से ग्राच की दूरी लगभग 3 किमी है। कलेक्टर ने आवेदन खाद्य नियंत्रक को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मोपका के हेमंत कुमार राठौर ने इलेक्ट्रिक व्हीकल सब्सिडी के संबंध में आवेदन दिया। कलेक्टर ने इस मामले को आरटीओ को सौंपा।

# हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधुओं को नहीं मिली जमानत लेकिन दोनों की पत्नियों को राहत

**बिलासपुर**, 4 नवंबर (देशबन्धु)। भयादोहन और सूदखोरी के मामले में हिस्ट्रीशीटर तोमर बंधुओं रोहित व वीरेंद्र की अग्रिम जमानत याचिका को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। हाई कोर्ट ने तोमर बंधुओं की पत्नियों को जमानत दे दी है। कोर्ट ने भतीजे को भी जमानत दे दी है। परिवार के सदस्यों ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि आर्गेनाइज क्राइम में परिवार के सदस्यों को जानबुझकर फंसा रही है।

राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारी ने तोमर बंधुओं को अग्रिम जमानत देने का विरोध किया। विधि अधिकारी ने कहा कि तोमर बंधुओं का लंबा आपराधिक रिकार्ड रहा है। दोनों खिलाफ 16 से अधिक मामले दर्ज है। पुलिस की छापामार कार्रवाई में उनके घर से ब्लैंक चेक के अलावा हथियार और कारतूत जब्त किया है। सूदखोरी का धंधा भी करते पाए गए हैं। इसके लिए तोमर बंधुओं के पास विधिवत लाइसेंस भी नहीं है।

मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के सिंगल बेंच में हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने तोमर बंधुओं की याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने दोनों भाइयों की पत्नी और भतीजे की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। परिवार की ओर से दायर याचिका में पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि साधारण मारपीट के मामले में आर्गेनाइ क्राइम में परिवार के सदस्यों को पुलिस फंसा रही है।

रायपुर के तेलीबांधा और पुरानी बस्ती थाने में वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर पर एक्सटॉर्शन और सूदखोरी का केस पुलिस ने दर्ज किया है। पुलिस जब तोमर बंधुओं के घर में दबिश दी थी, तब कैश, चेक और जमीनों के दस्तावेज मिले थे।



पुलिस ने जांच के बाद दावा किया कि पूरा मामला आर्गेनाइज क्राइम से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने तोमर बंधुओं के खिलाफ अलग-अलग 7 एफ आई आर दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

तोमर भाइयों के घर से पुलिस को नकद 37 लाख 10 हजार 350 रुपए, 734 ग्राम सोने के आभूषण, 125 ग्राम चांदी के जेवरात

बी.एम.डब्ल्यू कार, थार कार, ब्रेजा कार, सी पीयू, आईपैड, लैपटॉप, चेक, एटीएम कार्ड, डी.व्ही.आर, ई-स्टाम्प, जमीनों के दस्तावेज, नोट गिनने का मशीन, लेन-देन का हिसाब, अवैध रूप से रखी 5 तलवार, 1 रिवाल्वर, 1 पिस्टल, जिंदा राउंड और आवाजी कारतूस ।

एक महिला ने 2015 में पुरानी बस्ती थाना में कर्ज नहीं चुकाने पर अननेचुरल सेक्स करने की रिपोर्ट दर्ज कराई, एक युवक ने 2016 में पुरानी बस्ती थाना में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई, कारोबारी को पैसा वसूलने जान से मारने की धमकी दी, कोतवाली थाने में एफआईआर, भाठागांव की एक महिला ने मारपीट और जान से मारने की रिपोर्ट 2017 में दर्ज कराई, भाठागांव की महिला ने 2018 में पुरानी बस्ती थाना में ब्लैकमेलिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई, कोतवाली थाना में एक महिला ने 2019 में सूदखोरी और ब्लैकमेलिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई, कबीर नगर के कारोबारी ने 2019 में ब्लैकमेलिंग-सूदखोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई, अमलीडीह के एक व्यक्ति ने मारपीट और गाली-गलौज की रिपोर्ट दर्ज कराई, वीआईपी रोड स्थित होटल में पार्टी के दौरान जानलेवा हमला करने का केस दर्ज है।

# कलेक्टर ने की धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा

### टीएल बैठक में तेजी से काम करने दिए निर्देश

**बिलासपुर**, 4 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज साप्ताहिक टीएल बैठक में धान खरीदी सहित शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस माह 15 नवम्बर से किसानों से धान खरीदी शुरू होने वाली है। चेकलिस्ट के अनुरूप संबंधित अधिकारी तमाम तैयारियां पूर्ण कर ओके रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दे। खरीदी कार्य से जुड़े कर्मियों को अंतिम रूप से प्रशिक्षण भी दिया जाये। धान बेचने और इसका भुगतान पाने में किसानों को किसी भी स्तर पर कोई दिक्कत नहीं होने चाहिए। बैठक में निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



कलेक्टर ने बैठक में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने दिसम्बर के अंत तक प्राप्त लक्ष्य का 75 प्रतिशत उपलब्धि पूर्ण करने को कहा है। कलेक्टर ने कहा कि कुछ किसान पीएम किसान सम्मान योजना के लाभ पाने से छूटे हुए हैं। ऐसे एक-एक किसान की पतासाजी कर उन्हें योजना का फायदा दिलाया जाए। पीएम सूर्यघर निःशुल्क बिजली योजना के तहत जिले में 4 हजार के लगभग आवेदन मिल चुके हैं। उन्होंने शिविर लगाकर और ज्यादा लोगों को इसका लाभ पहुंचाने को कहा है। बिलासपुर शहर में कार्यरत 123 रेसिडेन्सियल संगठनों और बैंकों की संयुक्त बैठक लेकर उन्हें इस योजना के लिए प्रोत्साहित करने को कहा है। शहरी विद्युतीकरण योजना के तहत अंधेरे एवं असामाजिक तत्वों के जमावड़े वाले जगहों काा चिन्हांकन कर वहां बिजली एवं स्ट्रीट लाईट विस्तार करने प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। नगर निगम और सीएसईबी मिलकर इस योजना में आगे काम करेंगे। आने वाले रबी फसलों की मौसम में कम पानी की जरूरत वाले फसलों के लिए किसानों को जागरूक करने कहा गया। सांसद खेल महोत्सव की प्रगति की भी बैठक में समीक्षा की गई। खेल अधिकारी ने बताया कि 12 से 14 नवम्बर तक बहतराई स्टेडियम में इसका जिला स्तरीय कार्यक्रम होगा। इसके पहले ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन करा लेने की समझाईश जनपद पंचायत एवं बीईओ को दी गई। विभिन्न विषयों से संबंधित लंबित मामलों का तेजी से निराकरण के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए।

# महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल के जरिए दिया जा रहा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश

### पोषण आहार और मानसिक स्वास्थ्य के विषय में दी जा रही जानकारी

**बिलासपुर**, 4 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस मैदान में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए सूचना-प्रचार स्टॉल से लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियों मिल रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्योत्सव में लगाए गए स्टॉल से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, पोषण आहार, मानसिक स्वास्थ्य, बाल अधिकार से जुड़ी जानकारी और अन्य योजनाओं की जानकारी मिल रही है।




पुलिस मैदान में आयोजित राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए 25 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं, इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में पोषण आहार एवं पारंपरिक व्यंजनों के माध्यम से लोगों को संतुलित भोजन के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत बेटियों के शिक्षा एवं संरक्षण का संदेश प्रभावी रूप से दिया जा रहा है, जहां लोग सेल्फी लेकर इस संदेश का प्रचार कर रहे हैं।

इसके साथ ही विभागीय योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना,मातृ वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

स्टॉल का विशेष आकर्षण मनोबल टीम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियाँ हैं, टीम द्वारा विभिन्न मनोरंजक खेलों के माध्यम से लोगों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और स्वस्थ मानसिक आदतों के बारे में जानकारी दे रही है। इसी के साथ फोस्टर केयर योजना की जानकारी भी आमजन को दी जा रही है, जिसके अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों के लिए सुरक्षित एवं सहयोगी परिवेश उपलब्ध कराने की प्रक्रिया और इस संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि सक्षम परिवार जरूरतमंद बच्चों की परवरिश में योगदान दे सकें। राज्योत्सव में आने वाले लोग स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, विभागीय अधिकारियों द्वारा उन्हें योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी जा रही है।

# प्रसूता को देखने पहुंची मितानिन से महिला गार्ड ने की अभद्रता

### लगातार आ रहे ऐसे मामले, कार्यवाही की मांग



कोरबा, 04 नवंबर (देशबन्धु)। सरकारी मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध होकर हो रहे जिला अस्पताल में पिछले रात महिला सुरक्षा कर्मियों ने गायत्री पटेल नामक मितानिन से दुर्व्यवहार किया और उसे बाहर निकालने की कोशिश की। उनके द्वारा एक बुजुर्ग परिजन से भी दोयम दर्जे का व्यवहार किया गया। इस घटनाक्रम को लेकर मितानिन संगठन भडक् गया है। उसके द्वारा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है वरना काम ठप कर देंगे।

कोरबा के जिला अस्पताल में देर रात्रि यह घटना हुई। जानकारी मिली कि नगर निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 4 की मितानिन गायत्री पटेल अपने वार्ड की प्रसूता को उपचार के लिए यहां लाई थी। कुछ समय के बाद जब मरीज से मिलने पहुंची तो यहां नियुक्त महिला सुरक्षा कर्मियों ने उसे धक्का देकर बाहर करने का प्रयास किया बल्कि मरीज को डिस्चार्ज करने की धमकी भी दे डाली। बताया गया कि यहां मौजूद एक बुजुर्ग परिजन में सुरक्षा कर्मियों के इस घटिया व्यवहार पर आपत्ति दर्ज कराई। इस घटनाक्रम को लेकर जमकर कहां सुनी हो गई और अपरातफरी का माहौल बन गया। मितानिन ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्ष कविता राठौर ने कहा कि ऐसा कोई पहली बार नहीं हुआ। यहां पर पहले भी इस तरह की घटनाएं हुई है और सुरक्षा कर्मियों का निचले स्तर का बर्ताव सामने आया है। कुछ दिन पहले ही सुरक्षा कर्मियों ने एक मरीज से मारपीट कर डाली थी जिसकी शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई गई। कविता ने हाल की घटना की जांच प्रशासन से करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। उनकी ओर से ऐलान किया गया है कि अगर प्रशासन ने हमारी मांग पर जांच के साथ एक्शन नहीं लिया तो जल्द ही काम को ब्रेक कर दिया जाएगा।

## अग्रसेन महाराज पर बेहुदा टिप्पणी करने वाले तत्व को भेजे जेल

### अग्रवाल समाज ने बैठक में सरकार से की मांग



कोरबा, 04 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रान्तीय अग्रवाल संगठन के तत्वावधान में अग्रसेन भवन कोरबा में अग्रवाल समाज ने बैठक की। उन्होंने अग्रसेन महाराज पर बेहुदा टिप्पणी करने वाले तथाकथित नेता अमित बघेल को गिरफ्तार कर गैरजमानतीय अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की। कहा गया कि उसके खिलाफ पहले से ही कई अपराधिक प्रकरण दर्ज है। कार्यवाही के अभाव में उसका मनोबल बढ़ रहा है।

समाज की बैठक में कहा गया कि इस व्यक्ति के द्वारा कुछ दिन पूर्व भगवान अग्रसेन, अग्रवाल समाज, सिंधी समाज, ब्राह्मण समाज, तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विरुद्ध अत्यंत अभद्र, अशोभनीय और आपत्तिजनक टिप्पणियाँ की गईं। उसके बेहुदा बयानों से समस्त अग्रवाल, सिंधी एवं ब्राह्मण समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। अग्रवाल समाज की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि शीघ्र और संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई, तो अग्रवाल समाज राजधानी रायपुर कूच करेगा और विधानसभा का घेराव करेगा। बैठक में संगठन के पदाधिकारी अशोक मोदी, श्रीकांत बुधिया, राजेन्द्र अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, श्रीमती शोभा केडिया, प्रेमा अग्रवाल, किरण मोदी, प्रीति मोदी, सरला मित्तल, मनीषा गोयल, बिमला अग्रवाल, रश्मी सरावगी, गोपाल अग्रवाल, शिव अग्रवाल, रामसेवक अग्रवाल, शिवशंकर, जगदीश अग्रवाल सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप


### ज्ञानेन्द्र सीए की परीक्षा में सफल



कोरबा, 04 नवंबर (देशबन्धु)। ज्ञानेंद्र शुक्ला ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए 3 नवंबर को सीए की डिग्री हासिल कर ली है। आरएसएस नगर निवासी बालकोकर्मी शशिकांत शुक्ला एवं श्रीमती सीता शुक्ला के पुत्र ज्ञानेंद्र ने सीए फाइनल, इंटरमीडिएट और फाउंडेशन कोर्स परीक्षा सफल कर जिले को गौरवान्वित किया है। ज्ञानेंद्र ने न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल व सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल से हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा प्रावीण्य सूची में उत्तीर्ण की।

### पूर्व आयुक्त आरपी तिवारी का निधन

कोरबा, 04 नवंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम कोरबा के पूर्व उपायुक्त आरपी तिवारी 78 वर्ष का बीमारी के बाद बालको चिकित्सालय में निधन हो गया। स्व. श्री तिवारी कमला नेहरु महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक डॉ सुनील कुमार तिवारी, रिलायंस मुंबई में कार्यरत अनिल कुमार तिवारी, बालकोकर्मी अरुण कुमार तिवारी एवं श्रीमती शशि तिवारी के पिता हैं। स्व. श्री तिवारी अपनी मृदुभाषिता, अनुशासनप्रिय अधिकारी के रुप में पहचाने जाते रहे। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार 5 नवंबर को नेताजी सुभाष चैक (कोसाबाड़ी) स्थित निवास से सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। पोड़ी-बहार मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।



### कमला नेहरू कॉलेज में दी गई श्रद्धांजलि



कोरबा, 04 नवंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम कोरबा के पूर्व उपायुक्त स्व. आरपी तिवारी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मंगलवार की दोपहर कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में श्रद्धांजलि सभा रखी गई। वे महाविद्यालय में फोरेस्ट्री के विभागाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार तिवारी के पिता हैं। प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर समेत सहायक प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने दो मिनट की मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई।

### बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शनी में दिखाया कौशल



कोरबा, 04 नवंबर (देशबन्धु)। विकसित और आत्मनिर्भर भारत विषय पर केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 के विद्यार्थियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कुल 7 विषय पर प्रदर्शनी में मॉडल रखे गए। छात्रों ने इसके बारे में निरीक्षकर्ताओं को जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य एसके चौधरी ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। स्वागत विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अर्चना खरे ने किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने बच्चों को नवाचार के लिए प्रेरित करते हुए उनके उत्तरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी।संचालन श्रीमती मैरी पी मिंज ने किया। विद्यालय के विज्ञान विभाग के सभी शिक्षकों केके मिश्र, मनीष तिवारी, श्रीमती ज्योति रानी एवं श्रीमती किरण मिंज ने जज की भूमिका निभाई। माइक, फोटोग्राफी एवं डिजिटल सपोर्ट परवेज़ रजा, सौरभ आनंद एवं विद्यालय के कंजरवेंसी स्टाफ का रहा। इसमें से चयनित मॉडल क्षेत्रीय स्तर पे प्रतिभाग करेंगे। अंत में श्रीमती अर्चना खरे ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### परिसंपत्ति का सर्वे कराने सहमत हुए जटराज के लोग

कोरबा, 04 नवंबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा के कार्यालय में 30 अक्टूबर को प्रशासन, एसईसीएल प्रबंधन एवं ग्राम जटराज के ग्रामवासियों के मध्य अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई थी। इसमें बसाहट, रोजगार एवं मुआवजा संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। वार्ता से संतुष्ट होकर ग्रामवासियों ने सर्वसम्मति से परिसंपत्तियों के सर्वे के लिए सहमति प्रदान की। इसके अनुक्रम में 3 नवम्बर को ग्रामवासियों की उपस्थिति एवं आपसी सहमति से कुल 12 परिसंपत्तियों का सर्वे किया गया। सर्वे कार्य राजस्व विभाग एवं एसईसीएल की संयुक्त टीम द्वारा संपन्न किया गया। मौके पर तहसीलदार दर्री सुश्री प्रियंका चंद्रा, तहसीलदार दीपका अमित केरकेट्टा एवं एल एंड आर के नवीन चंद्रा अपनी-अपनी टीमों सहित उपस्थित रहे।

### लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में 7 को होगा यूनिटी मार्च का आयोजन

जांजगीर, 04 नवंबर (देशबन्धु)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में युवाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा 6 अक्टूबर से प्रारंभ किए गए 150 यूनिटी मार्च कार्यक्रम के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में सांसद जांजगीर-चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े की उपस्थिति में 07 नवम्बर प्रातः 8 बजे से यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा नगर पंचायत राहौद से प्रारंभ होकर नगर पंचायत खरौद होते हुए नगर पंचायत शिवरीनारायण तक निकाली जाएगी। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने पदयात्रा के सुचारू संचालन के संबंधित अधिकारियों आवश्यक दायित्व सौंपे हैं।

### कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक



जांजगीर, 04 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राइस मिलर्स की बैठक ली। बैठक में उन्होंने मिल पंजीयन, उपयोगी बारदाना आपूर्ति एवं धान उपार्जन से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन, मिलिंग, परिवहन, स्टोरेज एवं वेयरहाउस संबंधी दिक्कतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें तथा मिलर्स के साथ आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि जिले का कस्टम मिलिंग कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा सके। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी कौशल किशोर साहू, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सहित राइस मिलर्स एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अल्का और अन्य कलाकारों ने जादू चलाया दर्शकों पर

### राज्योत्सव के दूसरे दिन हुई प्रस्तुति



कोरबा, 04 नवंबर (देशबन्धु)। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य शासन द्वारा इस वर्ष को रजत वर्ष के रूप में बड़े हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर के 'घण्टाघर स्थित ओपन थिएटर मैदान' में राज्योत्सव-2025 का जिला स्तरीय तीन दिवसीय भव्य आयोजन किया गया है।

आयोजन के दूसरे दिन को मंच पर छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की झलक दिखाई दी। प्रख्यात छत्तीसगढ़ी लोक गायिका अलका चंद्राकर ने अपनी सुमधुर आवाज में एक से बढक़र एक जस गीत एवं लोकगीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उनके गीतों पर दर्शक तालियों की गडग़ड़ाहट से झूम उठे और पूरा वातावरण छत्तीसगढ़ी सुरों से गूंज उठा। मां जगदम्बा की आराधना के साथ अपने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए तरी हरि ना .. सुआ लहकत है डार मा , जैसे सुआगीत एवं जसगीतो के साथ ही अनेक लोकगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अलका चंद्राकर के साथ-साथ स्थानीय लोक कलाकारों ने भी आकर्षक प्रस्तुतियाँ देकर छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा को जीवंत कर दिया। इशिता कश्यप, स्नेहा भक्ता, अशवीका साव, अरशिका आर्या, मौली राठौर, मोहम्मद इस्माइल शेख, अपूर्वा सिंह, धारा सोनवानी, पृथा मिश्रा, भारती चौरसिया, मोनिका अग्रवाल, गायत्री दीवान, कृष्ण नंद चौहान, जया राठौर, धनसाय साहू, थिरमन दास जैसे कलाकारों द्वारा आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। लोकनृत्य, गीत-संगीत और पारंपरिक कला से सजे कार्यक्रम ने राज्योत्सव के दूसरे दिवस को अविस्मरणीय बना दिया। इस अवसर पर नगर निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत दिनेश नाग, डॉ राजीव सिंह, गोपाल मोदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## पारदर्शिता के साथ जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में हो धान खरीदी

### 15 नवंबर से खरीदी को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

कोरबा, 04 नवंबर (देशबन्धु)। 15 नवंबर से कोरबा जिले में धान खरीदी 49 समितियों के 65 उपार्जन केन्द्रों में शुरू होना है। इससे पहले प्राथमिक तैयारियां पूरी की जा रही है। कलेक्टर अजीत वसंत ने व्यवस्थित खरीदी को लेकर संबंधितों की बैठक ली। उन्हें कहा गया कि पारदर्शिता और बेहतर सिस्टम के साथ खरीदी की जाए। इस बात का ध्यान रखें कि किसानों को खरीदी से लेकर भुगतान की प्रक्रिया में दिक्कत न हो।

कलेक्टर अजीत वसंत ने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष पात्र किसानों का पंजीयन भी जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। धान खरीदी कार्य में सभी राजस्व अधिकारियों को खरीदी के शुरुआत से ही सक्रिय रहने, अवैध धान के आवक पर रोक लगाने और पात्र किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इस बात का विशेष ध्यान रखने की बात कही।



उन्होंने सभी तहसीलदारों को नक्शा बटांकन के कार्यो को गम्भीरता से लेते हुए अगले 15 दिवस में जिले में अभियान चलाकर नक्शा बटांकन के कार्यो में उल्लेखनीय प्रगति लाने, राजस्व निरीक्षक, पटवारियों को सक्रियता से कार्य करने एवं तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने सभी तहसीलों में लंबित 1 से 3 वर्ष, 3- 5 वर्ष एवं 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित भू अर्जन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण में राजस्व अधिकारियों को व्यक्तिगत रुचि लेते हुए शीघ्रता से निराकृत करने की बात कही।

त्रुटि सुधार के आवेदनों को भी गम्भीरता से निराकरण करने के लिए कहा। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा तन्मय खन्ना, अपर कलेक्टर कटघोरा ओंकार यादव, सभी एसडीएम, प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख, अधीक्षक भू अभिलेख, सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

## गुरूनानक देव का प्राकट्य पर्व आज, गुरूद्वारों में आयोजन



कोरबा, 03 नवंबर (देशबन्धु)। सिख पंथ के प्रवर्तक एवं प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकट दिवस प्रकाश पर्व के रूप में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। कोरबा नगर सहित जिले के सभी गुरुद्वारों में इस पर्व के लिए विशेष तैयारियाँ की गई हैं।

प्रकाश पर्व से पूर्व विभिन्न स्थानों पर नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएँ, बच्चे और युवक-युवतियाँ शामिल हुए। कीर्तन दलों द्वारा पूरे मार्ग में वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयकारे गूंजते रहे। मार्ग में श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा कर संगत का स्वागत किया। गुरु नानक देव जी ने अपने समय की सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप सिख धर्म की स्थापना की थी। उन्होंने मानवता, समानता और सेवा का संदेश दिया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही उनका प्राकट्य हुआ था। तब से यह तिथि सिख समाज द्वारा गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के रूप में धूमधाम से मनाई जाती है। कोरबा, बालको नगर, जमनीपाली, कटघोरा, दीपका, बाकीमोंगरा, कुसमुंडा और पाली क्षेत्र के गुरुद्वारों में बीते एक सप्ताह से प्रभात फेरी और नगर कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालु सुबह-सुबह प्रभात फेरी निकालकर भजन-कीर्तन करते हुए गुरु घर पहुँच रहे हैं। आज से सभी गुरुद्वारों में 48 घंटे का अखंड पाठ आरंभ हुआ है, जिसका समापन कार्तिक पूर्णिमा के दिन होगा। इसके उपरांत सुबह से ही शब्द कीर्तन और रागी जत्थों द्वारा शबद गायन का कार्यक्रम चलेगा। दोपहर में गुरु का लंगर वितरित किया जाएगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शाम 7 बजे से गुरुद्वारा परिसर में मुख्य दीवान सजाया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध रागी जत्थे संगत को गुरुवाणी का अमृतपान कराएँगे। इस दौरान शहर के प्रमुख नागरिक, समाजसेवी एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित इस पवित्र आयोजन में सम्मिलित होकर गुरु नानक देव जी के उपदेशों को आत्मसात करें और सामाजिक सौहार्द एवं सेवा की भावना को आगे बढ़ाएँ।

## रेल हादसे की जिम्मेदारी तय करने के साथ हो जांच- ज्योत्सना महंत



कोरबा, 04 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत गतौरा के पास मंगलवार को हुए मेमू ट्रेन और मालगाड़ी की भिड़ंत में हताहत हुए यात्रियों के प्रति संवेदना जताई है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए रेल प्रशासन से कहा है कि जल्द ही संबंधितों के लिए मुआवजा की घोषणा हो, वहीं रेल हादसे की जिम्मेदारी तय करने के साथ वास्तविक कारणों की जांच कराई जानी चाहिए।

गतौरा स्टेशन के पास हुई दुर्घटना में कोरबा से जा रही मेमू ट्रेन की मालगाड़ी से करारी टक्कर हुई। इस घटना में कुछ यात्री हमेशा के लिए शांत हो गए जबकि कई बुरी तरह चोटिल हुए। सांसद श्रीमती महंत ने इसे लेकर कहा कि एक बार फिर रेल आवागमन की व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए है। मेमू ट्रेन का मालगाड़ी पर चढऩा बड़ी लापरवाही को दर्शाता है। यह सिस्टम का दोष है या मानवीय लापरवाही, इसकी जांच करने के साथ निश्चित रूप से जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए और कार्यवाही भी होना चाहिए। सांसद ने छत्तीसगढ़ और देश के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हो रहे हादसों पर चिंता जताई और कहा कि ऐसे मामले कई प्रकार के प्रश्न चिन्ह खड़े करते है। उन्होंने यह भी कहा कि एक तरफ लगातार ट्रेनें बंद की जा रही है। यात्री सुविधाओं की कटौती करने के साथ रेलवे का पूरा फोकस कोयला व अन्य सामान परिवहन पर है। ऐसे में रेलवे अगर रिकार्ड बना रहा है तो केवल दुर्घटनाओं का। सरकार के मंत्रियों के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों को चाहिए कि वे विभिन्न क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं की व्यवहारिक व प्रायोगिक समीक्षा करने के साथ उचित समाधान भी खोजें।

## देव दीपावली- हसदेव की महाआरती, होगा श्रृंगार

**कोरबा,** 04 नवंबर (देशबन्धु)। देश की पवित्र नदियों में देव दीपावली पर होने वाले आयोजनों की तर्ज पर कोरबा में हसदेव की महाआरती कार्तिक पूर्णिमा बुधवार को होगी। अनगिनत दीपक के प्रकाश से नदी के घाटों की आभा को चार चांद लगेंगे। जीवनदायिनी हसदेव के उपकार को मानते हुए उसे श्रृंगारित किया जाएगा।

देव दीपावली पर नमामि हसदेव समिति इसका आयोजन कर रही है। उसके द्वारा 5 दिवसीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ इसी स्थान पर किया जा रहा है। जिसमें वेदमंत्रों के साथ आहुतियां दी जा रही है। देव दीपावली पर प्रात 9 बजे से हवन पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा होगी। सायं 5.30 बजे दीपोत्सव आरंभ होगा, जिसमें हजारों दीपों से घाट को आलोकित किया जाएगा। सायं 6 बजे से 108 मीटर चुनरी महोत्सव में हसदेव मैया को 108 मीटर चुनरी चढ़ाई जाएगी। इसके बाद नौका विहार के अंतर्गत भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जीवंत झांकी की जीवंत झांकी प्रदर्शित होगी। भगवान राम-



लक्ष्मण की वेशभूषा में बच्चे नौका पर सवार होंगे और भगवान लक्ष्मीनारायण नदी मार्ग से घाट तक आगमन करेंगे। इसके पश्चात् भगवान श्री लक्ष्मीनारायण का 108 लीटर दूध से दुग्धाभिषेक किया जाएगा। पूरे घाट में 108 ब्राह्मणों द्वारा ब्रह्मनाद और शंखनाद होगा। अगली कड़ी में 11 वैदिक पुरोहित महाआरती का भव्य आयोजन करेंगे।

घाट पर आकर्षक रंगोली सजाई जाएगी। भव्य आतिशबाजी, डीजे साउंड और लाइट शो से संध्या काल में सर्वमंगला घाट का पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर हो जाएगा। पाटेश्वर धाम, बालोद (छत्तीसगढ़) के संत रामबालक दास महात्यागी कौशल्या धाम के पावन सान्निध्य में सभी धार्मिक अनुष्ठान और विशेष पूजन संपन्न होंगे, जिसमें मुख्य यजमान के रूप में जुड़ावन सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, विद्या भारती, मध्य क्षेत्र तथा बतौर विशिष्ट यजमान गोपाल मोदी जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, कोरबा, श्रीमती संजू देवी राजपूत महापौर, नगर पालिक नियम, कोरबा, फूल सिंह राठिया विधायक, रामपुर विधानसभा, कोरबा बसंत अग्रवाल समाज सेवी, रायपुर, शुभम कुमार नाग प्रदेश संयोजक, विश्व हिन्दू पारिषद, बजरंग दल छत्तीसगढ़, ज्योति पाण्डेय शिवशक्ति माँ भवानी मन्दिर, कोरबा, डॉ अन्नपूर्णा बोर्डे अध्यक्ष, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, कोरबा, योगेश जैन अध्यक्ष, जिला चेम्बर आफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्री, कोरबा, संतोष दास महंत जिलाध्यक्ष, संयुक्त मानिकपुरी पानिका समाज,कोरबा एवं नमन पाण्डेय माँ सर्वमंगला मन्दिर, कोरबा शामिल होंगे।

# अप्पू राजा से साकार हो रही है सुग्घर रायगढ़, आरुग रायगढ़ की परिकल्पना

## राज्योत्सव समारोह कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से तैयार तोप, मशीनगन और स्वच्छता शुभंकर 'अप्पू राजा' रहे आकर्षण का केंद्र

रायगढ़, 04 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में नगर निगम रायगढ़ द्वारा लगाए गए कबाड़ से जुगाड़ से तैयार तोप, मशीनगन और स्वच्छता शुभंकर 'अप्पू राजा' आकर्षण का केंद्र बने रहे। लोगों ने इनके साथ उत्साहपूर्वक सेल्फी ली और नगर निगम की रचनात्मक पहल की सराहना की।

बता दें कि अनुपयोगी सामग्री से तैयार की गई तोप और मशीनगन यह संदेश देती हैं कि कचरे का भी सृजनात्मक उपयोग कर उपयोगी और आकर्षक वस्तुएँ बनाई जा सकती हैं। वहीं नगर निगम रायगढ़ की अभिनव पहल अप्पू राजा का उद्देश्य सुग्घर रायगढ़, आरुग रायगढ़ की परिकल्पना को मूर्त रूप देना और शहर को




स्वच्छ, स्वस्थ एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करना है। यह पहल न केवल स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता फैला रही है, बल्कि उनमें सामूहिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित कर रही है।

नगर निगम रायगढ़ के आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि निगम द्वारा पिछले कुछ वर्षों से स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। सघन सफाई व्यवस्था, नालों की सफाई, सौंदर्यीकरण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को गति देने हेतु सुग्घर रायगढ़, आरुग रायगढ़ अभियान आरंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण की शुरुआत के बाद से अब तक रायगढ़ नगर निगम की रैंकिंग इस वर्ष सबसे बेहतर रही है। नागरिकों की भागीदारी से अगले वर्ष रायगढ़ को देश के टॉप 10 स्वच्छ शहरों में स्थान दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। स्थानीय नागरिकों ने भी निगम के इस प्रयास को सराहनीय और प्रेरणादायक बताया। उनका कहना था कि यह पहल रायगढ़ को स्वच्छता और सौंदर्य के आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित करेगी।

### कौन हैं अप्पू राजा'?

रायगढ़ जिले की पहचान हाथियों से जुड़ी है। इसी प्रेरणा से नगर निगम ने छोटे हाथी के प्रतीकात्मक स्वरूप को स्वच्छता जागरूकता के शुभंकर के रूप में अपनाया और उसका नाम अप्पू राजा रखा। छत्तीसगढ़ शासन के रजत जयंती वर्ष में नगरीय प्रशासन विभाग के स्वच्छ एवं सुंदर शहर निर्माण के उद्देश्य को साकार करने हेतु यह शुभंकर आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेगा और शहर को सुग्घर एवं आरुग बनाने की दिशा में अग्रसर करेगा।

## सार-संक्षेप

### धान खरीदी केन्द्रों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें

#### 15 नवम्बर से होंगी धान खरीदी प्रारंभ 9 नवम्बर से किसानों को जारी होंगे टोकन

**कोरिया,** 04 नवंबर (देशबन्धु)। आज कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कृषि, सहकारिता, खाद्य, मार्कफेड तथा नोडल अधिकारियों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि 15 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ होंगी इसके पूर्व सभी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित भी करें। उन्होंने बारदाने से संबंधित व्यवस्था उपार्जन पूर्व करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही नहीं बरतने की हिदायत दी।

धान उपार्जन एवं निराकरण प्रक्रिया में संभावित अनियमितताओं को नियंत्रित करने हेतु शासन द्वारा जिला एवं तहसील स्तर पर 'इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर' की स्थापना की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। उपार्जन केंद्र प्रभारियों और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान के उचित रखरखाव, किसानों की सुविधाओं और पारदर्शिता के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयपूर्व सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की 'किसानों से एक-एक दाना धान खरीदने की प्रतिबद्धता' को पूर्ण करने के लिए सभी स्तरों पर संवेदनशीलता और तत्परता अपेक्षित है।

#### संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी व उड़नदस्ता दल तैनात

जिले के उपार्जन केंद्रों को पूर्व वर्षों के अनुभवों के आधार पर अतिसंवेदनशील, संवेदनशील एवं सामान्य श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। संवेदनशील केंद्रों पर पृथक नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे, जो नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट देंगे।

#### 21 उपार्जन केंद्रों से 1.37 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य

खरीफ वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसान 22 हजार 126 से 1 लाख 37 हजार 468 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। विगत खरीफ वर्ष 2024-25 में पंजीकृत किसानों की संख्या 20 हजार 117 थीं, जिसमे से 19 हजार 606 किसानों ने उपार्जन केंद्रों में धान विक्रय किए थे। इस वर्ष साख सहकारी समिति सहित 21 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। धान खरीदी के लिए टोकन आवेदन प्रक्रिया 9 नवम्बर 2025 से प्रारंभ होगी। किसानों को सुबह 8 बजे से सुबह 9.30 बजे प्रदान किया जाएगा।

कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों से कहा कि पीएम पोर्टल, सीएम जनदर्शन तथा जिला स्तरीय साप्ताहिक जनदर्षन में मांग एवं शिकायत से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण त्वरित गति से करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि समय-सीमा के भीतर सभी आवेदनों का निरीक्षण कर संबंधित प्रकरणों का निराकरण करते हुए संबंधित आवेदकों को भी सूचना दें।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सड़कों, चौक, चौराहे पर घुमंतू एवं अवारा मवेषियों के जमावड़ा पर चिंता व्यक्त करते हुए पषु पालन विभाग, नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों को तत्काल इस पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

आज जनदर्शन में लगभग 25 आवेदको ने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के समक्ष अपनी समस्याओं एवं शिकायत तथा मांग से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए जिस पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती दीपिका नेताम सहित जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### वेद पुराण के ज्ञाता मालिकराम साहू का निधन श्रद्धांजलि देने पहुंचे महेश साहू

**खरसिया,** 04 नवंबर (देशबन्धु)।ग्राम देवरी डुमरपाली के वेद पुराण ज्ञाता क्षेत्र में वेद पुराण रामायण के माध्यम से धर्म की अलख जगाने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रोत समाज सेवा के लिए प्रसिद्ध धार्मिक और सामाजिक प्रवृत्ति के धनी स्वर्गीय मालिकराम साहू के दसकर्म में खरसिया क्षेत्र के लोकप्रिय जन नेता छाया विधायक महेश साहू ने साथियों सहित सम्मिलित होकर पुण्यात्मा के श्रीचरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की और परमपिता परमेश्वर से उन्हें अपने श्री धाम में स्थान देते हुए मोक्ष प्रदान करने की प्रार्थना की परिजनों को सांत्वना देते हुए ईश्वर से उन्हें इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर कैलाश शर्मा रिंकू महंत महिपाल पंकज नीलेश रजक की भी उपस्थिति रही।

### ई-ऑफिस के सुचारू क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण



**रायगढ,** 04 नवंबर (देशबन्धु)। शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल, नोडल अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के दौरान ई-ऑफिस के संचालन संबंधी सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों को ई-फाइल निर्माण, फाइल अग्रेषण, इनबॉक्स प्रबंधन, नई ड्राफ्ट फाइल तैयार करने, मसौदे की स्वीकृति एवं प्रेषण, फाइल क्लोजिंग, फाइल/रसीद जोड़ने एवं संलग्न करने जैसी प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया गया। साथ ही स्पैरो पोर्टल के माध्यम से वार्षिक कार्य निष्पादन प्रतिवेदन, गोपनीय प्रतिवेदन एवं अचल संपत्ति विवरण भरने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती बंसल ने कहा कि शासन की मंशा सभी विभागों में कार्यप्रणाली को पूर्णतः डिजिटल और पारदर्शी बनाना है। ई-ऑफिस प्रणाली से न केवल कागज-रहित कार्य को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि निर्णय प्रक्रिया भी अधिक त्वरित और प्रभावी होगी।

उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और किसी भी शंका का समाधान वहीं पर करने का आग्रह किया। प्रशिक्षण में जिले के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए।

### समग्र शिक्षा में रिक्त पदों पर अंतिम सूची जारी

**रायगढ़,** 04 नवंबर (देशबन्धु)। जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा रायगढ़ अंतर्गत स्पीच थेरेपिस्ट, हेल्पर/आया एवं स्पेशल एजूकेटर के रिक्त पदों के लिए पात्र आवेदकों से गत दिवस आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे।

प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण कर पात्र/अपात्र सूची प्रकाशित करते हुए आवेदकों से 26 सितम्बर 2025 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था। स्पीच थेरेपिस्ट पद के लिए एक भी पात्र आवेदक नहीं मिलने के कारण, स्पीच थेरेपिस्ट पद के लिए योग्य/पात्र उम्मीद्वार से 29 सितम्बर 2025 तक पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे।

## जिले में सौर संयंत्रों की मरम्मत में आएगी तेजी

### 31 स्पेयर इन्वर्टर और 240 बैटरी बैंक की मांग भेजी गई

कोरिया, 04 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के जोनल कार्यालय, कोरिया द्वारा जिले में स्थापित सौर संयंत्रों को फिर से सुचारू रूप से संचालित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर से क्रेडा प्रधान कार्यालय रायपुर को 31 नग स्पेयर इन्वर्टर एवं 240 नग बैटरी बैंक की मांग शीघ्र उपलब्ध करवाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

जोनल कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आर.वी.ई., डीडीजी एवं सौभाग्य योजनांतर्गत जिले के कई गांवों में सौर संयंत्र स्थापित किए गए थे। इनमें से अधिकांश संयंत्रों की वारंटी अवधि समाप्त होने के कारण इनके इन्वर्टर और बैटरी बैंक खराब हो गए हैं, जिसके चलते संयंत्र पूर्ण क्षमता से कार्य नहीं कर पा रहे हैं।परिणामस्वरूप कई गांवों में पेयजल आपूर्ति एवं घरेलू विद्युत उपयोग प्रभावित हो रहा है।

क्रेडा, जिला कार्यालय कोरिया द्वारा सौर संयंत्रों की वास्तविक स्थिति और आवश्यक सामग्री का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर प्रधान कार्यालय रायपुर को भेजा गया है। स्पेयर इन्वर्टर कुल 31 नग, बैटरी बैंक कुल 240 नग के लिए प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

क्रेडा अधिकारियों ने बताया कि स्पेयर इन्वर्टर और बैटरी बैंक उपलब्ध होते ही तकनीकी टीम द्वारा गांवों में तत्काल सुधार कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित सुविधाएँ पुनः सक्रिय हो सकेंगी।

इन संयंत्रों के चालू हो जाने से पेयजल आपूर्ति में सुधार होगा, सामुदायिक भवनों, स्कूलों और पंचायत कार्यालयों में विद्युत सुविधा, ग्रामीण समुदाय की ऊर्जा आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण लाभ पुनः शीघ्र बहाल हो जाएंगे।

## ग्रामीण आजीविका संसाधनों और पक्के आवासों से खुल रही विकास की नई राह

### राज्योत्सव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की गतिविधियाँ बनी प्रदर्शन का आकर्षण

**कोरिया, देशबन्धु,** 04 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का प्रदर्शनी स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहाँ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का मॉडेल, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा एवं अमृत सरोवर जैसी योजनाओं की झलकियाँ दिखाई गई हैं। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत संचालित महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित विविध उत्पादों की प्रदर्शनी भी लोगों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है।

#### शुभारंभ पर हितग्राहियों को मिली खुशियों की चाभी

राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री भइयालाल राजवाड़े ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नव-निर्मित आवासों की प्रतीकात्मक चाभी ग्राम पंचायत भांड़ी के हितग्राही श्री रामस्वरूप, श्रीमती सुमरी, श्रीमती लालो तथा श्रीमती बइया को प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

#### जिले में 3,367 परिवारों को मिला पक्का घर

कोरिया जिले में जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के 2,432




और जनपद पंचायत सोनहत के 935 हितग्राहियों ने अपने नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास में गृहप्रवेश किया है। इस प्रकार कुल 3,367 परिवारों के जीवन में पक्के मकान की खुशियाँ साकार हुई हैं।

#### वोकल फॉर लोकल थीम बनी आकर्षण का केंद्र

बिहान से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा कोरिया अमृत ब्रांड के अंतर्गत तैयार उत्पादों का विशेष स्टॉल लगाया गया है। इनमें कोरिया मोदक, अचार, मिलेट कुकीज़, वंदना मसाले, टेराकोटा शिल्प, बांस कला, सोन हनी, सुगंधित चावल, पीनट बटर, पीनट पिकल और कर्मा उत्पाद शामिल हैं। राज्योत्सव के पहले दो दिनों में ही लगभग ?34,000 की बिक्री दर्ज हुई है। विधायक राजवाड़े ने कहा कि कोरिया अमृत ब्रांड अब प्रदेश में कोरिया जिले की ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता की पहचान बन चुका है।

## जनप्रतिनिधि और पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में हुआ नशामुक्त अभियान साइबर जागरुकता कार्यक्रम

### जिला पंचायत अध्यक्ष शिखा गवेल और पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल की उपस्थिति में हुआ आयोजन

**खरसिया,** 04 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती के अवसर पर खरसिया ब्लॉक के खड़गांव गांव में आयोजित नशा मुक्ति और साइबर जागरूकता अभियान में महिलाओं ने इतिहास रच दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना से हुई। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। आज खड़गांव की महिलाएं सिर्फ घर नहीं, समाज की दिशा भी बदल रही हैं।

खड़गांव एक समय नशे के नाम से पूरे क्षेत्र में बदनाम था परंतु यहां की महिलाओं द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए गाँव को जागरूक किया। जिसका पूरे गांव में धीरे धीरे असर हो रहा है और गांव नशे से दूर हो रहा है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गवेल जिनके उद्बोधन ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा जब एक महिला नशा मुक्त करने का संकल्प लेती है, तो वह केवल अपने परिवार को नहीं, बल्कि पूरे समाज को बचाती है। आज खड़गांव की माताएं और बहनें जिस जोश से आगे आई हैं, यह अपने आप में मिसाल है। नशा हर घर की खुशियाँ छीन लेता है।

हमें अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए इसे गांव से खत्म करना होगा। साथ ही डिजिटल युग में साइबर अपराधों से भी हमें सजग रहना है। जागरूक महिला, सशक्त समाज की पहचान है।

श्रीमती शिखा गबेल जी ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर गांव में हो रही अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाएँ और प्रशासन को सहयोग दें। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन महिलाओं की शक्ति और जागरूकता से ही संभव है।

#### डरे नहीं आगे आए पुलिस और प्रशासन आपके साथ है पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने कहा कि महिलाएं आगे आए और नशामुक्त अभियान में गाँव को जागरूक करें। आपको डरने की बिल्कुल जरूरत नहीं है अगर आपको कोई नुकसान पहुंचाने की कोशिश भी करें तो पुलिस प्रशासन आपके साथ है। महिलाएं जब नशा मुक्ति का संकल्प लेती हैं, तो गांव अपने आप बदल जाता है। कार्यक्रम में महिलाओं ने खुलकर अपनी आवाज बुलंद की। खरसिया के खड़गांव में महिलाओं ने संभाली कमान — नशा छोड़ो, गांव बचाओ का दिया सशक्त संदेश। ग्राम पंचायत केवाली की सरपंच श्रीमती राजकुमारी राठिया और उपसरपंच भानमती राठिया ने गांव में चल रही अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने का आह्वान किया। मंच से महिलाओं ने एक सुर में नारा लगाया अब नशा नहीं चलेगा, खड़गांव बदलेगा! इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने साइबर अपराधों पर जानकारी देते हुए कहा कि महिलाएं आज डिजिटल रूप से सशक्त हो रही हैं, पर सावधानी जरूरी है। नशा मुक्त अभियान और साइबर जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल एसडीएम प्रवीण तिवारी, एसडीओपी प्रभात पटेल, थाना प्रभारी जांगड़े, जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामकुमारी राठिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष कन्हैया राठिया, जिला कार्यसमिति सदस्य भूपेन्द्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष छेदू राम राठिया, बजरंग सिदार सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बरगढ़ खोला आंचल से लेकर दूर-दराज के गांवों से आईं सैकड़ों महिलाओं की भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। ढोलङ्कमांदर की थाप पर महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी और नशा मुक्ति की मशाल जलाकर रजत जयंती के इस अवसर को यादगार बना दिया।




## बिजली बिल अनावश्यक बढ़ने के विरोध में प्रदेश व्यापी प्रदर्शन

**एमसीबी चिरमिरी,** 04 नवंबर (देशबन्धु)। छ ग सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में जुलाई महीने से बिजली की दरों में वृद्धि की गयी है उक्त बढ़ी हुई दरों और नये लगाये गये स्मार्ट मीटर से प्रदेश के गरीब तबके और आम जनता अत्यधिक बिजली बिल आने से परेशान है। जबकि छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है, आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महँगी करना समझ से परे है। कहा जा रहा है कि वितरण कंपनी को घाटा हो रहा था इस कारण बिजली दर बढ़ाई गयी है जबकि वितरण कंपनी को अपने खर्चो में कटौती करनी चाहिए थी विद्युत की 4 कंपनियों की जगह है , अगर 1 कंपनी होती तो अतिरिक्त 3 कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारी के वेतन और खर्चो की बचत होती। सरकार विद्युत कंपनियों के खर्चे कम नहीं कर रहे जिसकी भरपाई छत्तीसगढ़ की जनता से बिजली दर में बढाकर की जा रही है। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैर जरुरी चार्ज लिए जातें हैं। विद्युत कंपनी छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रही है।

इस कारण आम आदमी पार्टी आज 4 नवम्बर 2025 को प्रदेशव्यापी जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन के जरिए बेतहाशा बिजली दर वृद्धि का विरोध करती है। 3 जुलाई 2025 को भी आम आदमी पार्टी सभी जिलों में बढ़ी हुई बिजली दर पर सरकार को ज्ञापन दिया था और धरना प्रदर्शन किया था किन्तु सरकार ने मांग नहीं मानी इसलिए आम आदमी पार्टी की सरकार से पुनः इस आन्दोलन के माध्यम से मांग है कि आम जनता के हितों को देखते हुए सरकार बढ़ी हुई बिजली दर कम करे।

यदि सरकार बढ़ी हुई बिजली दर को वापिस नहीं लेती है तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी आम जनता के लिए इससे भी बड़ा आंदोलन/धरना प्रदर्शन करेगी।



आज के आंदोलन में मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के इंकलाबी साथी प्रदेश उपाध्यक्ष × सभापति जिला पंचायत सदस्य सुखमंती सिंह, कोरबा लोकसभा अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा,विश्वजीत पाण्डेय,राजेश मंगतानी, राम प्रवेश साहू, संदीप यादव, मोहम्मद मुस्ताक अंसारी,मनमोहन सांधे, शारदा यादव, संगोपत सिंह, दीपक, रेनी तिवारी,राजेंद्र कुमार अहिरवार, दिनेश बघेल, कासिम उमर,गुलाबिया सिंह, संगीता सिंह, हिमानी साहू,अनीता सिंह, कमलेश अहिरवार, सुमेर सिंह, रज्जू सिंह, राम नारायण बैगा, रामा यादव, राकेश सेन, विनोद कुमार, राजा बसोर, वाजिद अली, उज्ज्वल झा, दुर्गा राव, प्रेमवती आदि सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन धरना प्रदर्शन में उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

रायगढ़, 04 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ के सभाकक्ष में 3 एवं 4 नवम्बर को दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के दिशा-निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी डॉ.जय कुमारी चौधरी की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में जिले के सभी विकासखंड स्तरीय महिला एवं पुरुष सुपरवाइजरों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री मुक्त टी.बी. पंचायत अभियान के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों को टी.बी. मुक्त बनाने हेतु सुपरवाइजरों को विस्तृत जानकारी और व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायतवार निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध टी.बी. संदेहास्पद मामलों की पहचान एवं जांच के निर्देश दिए गए।

साथ ही, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की अद्यतन प्रगति, रिपोर्टिंग प्रणाली एवं फील्ड स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों की समीक्षा भी की गई।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. जय कुमारी चौधरी ने कहा कि टी.बी. मुक्त पंचायत का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब हम हर स्तर पर जागरूकता, जांच और समय पर उपचार सुनिश्चित करें।

## सार-संक्षेप

### सिक्ख समाज ने निकाली भव्य शोभा यात्रा

#### भगवान परशुराम सेवा समिति सहित कई संगठनों ने किया स्वागत




**सारंगढ़,** 04 नवंबर (देशबन्धु)। सिक्ख समाज ने आज गुरुनानक जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य शोभा यात्रा निकाली जिसमें भगवान परशुराम सेवा समिति,भाजपा मंडल सारंगढ़ सहित अन्य कई समाज और संगठनों ने भव्य स्वागत किया और इसमें शामिल हुए आज प्रतापगगंज गुरुद्वारा में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमे धर्मनिरपेक्षता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सभी समाज के लोग शामिल होते हैं।

### नए सड़क निर्माण की मांग को लेकर महिलाएं लामबंद

#### चक्काजाम की तैयारी तेज



जांजगीर, 04 नवंबर (देशबन्धु)। पामगढ़ के डोंगाकोहरौद क्षेत्र में सड़क निर्माण की मांग को लेकर अब महिलाओं ने भी मोर्चा संभाल लिया है। डोंगाकोहरौद सहित केशला, भीलौनी, ससहा और धनगांव की महिलाएं लंबे समय से जर्जर सड़क की समस्या से परेशान हैं। अब उन्होंने नए सड़क निर्माण की मांग को लेकर आगामी दिनों में चक्काजाम करने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में सोमवार को समरसता भवन, डोंगाकोहरौद में क्षेत्र के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाएं, ग्रामीणजन और विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि क्षेत्र की सड़कों की हालत बदतर है, जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इधर, बैठक के दौरान एसडीएम, तहसीलदार, लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी, जनपद सीईओ और थाना प्रभारी सड़क मार्ग पर स्थिति का जायजा लेते रहे, परंतु उनकी ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से कोई चर्चा नहीं हो सकी। इस कारण नागरिकों में नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से सड़क पर उतरकर चक्काजाम करेंगे। महिलाओं ने भी साफ कहा कि अब वे अपनी मांगों को लेकर पीछे नहीं हटेंगी। प्रशासनिक अधिकारियों की चुप्पी के बीच ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है और आने वाले दिनों में आंदोलन का स्वर और तीखा होने की संभावना जताई जा रही है।

### बिलासपुर रेल हादसा

#### जिला प्रशासन की मेडिकल टीम मौके के लिए रवाना



जांजगीर, 04 नवंबर (देशबन्धु)। बिलासपुर जिले में हुए रेल हादसे की जानकारी मिलते ही कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर एसडीएम अकलतरा सुमित बघेल के नेतृत्व में मेडिकल टीम को तत्काल राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग के लिए बिलासपुर रवाना किया गया है।

कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि जांजगीर-चांपा जिला प्रशासन लगातार बिलासपुर जिला प्रशासन के संपर्क में है और हर संभव सहायता के लिए तैयार है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हादसे में घायल या प्रभावित यात्रियों को हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

#### आपातकालीन संपर्क

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अप्रत्याशित स्थिति के मद्देनज़र यात्रियों एवं उनके परिजनों की सुविधा हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं

बिलासपुर- 7777857335, 7869953330
चांपा - 8085956528
रायगढ़ - 9752485600
पेंड्रा रोड - 8294730162
कोरबा- 7869953330

### सामान्य सभा की बैठक कल

जांजगीर, 04 नवंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक 06 नवम्बर को समय दोपहर 01 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

# चंद्रहासिनी मंदिर क्षेत्र में बढ़ी चैन स्नैचिंग की वारदातें, पुलिस की निष्क्रियता पर उठ रहे सवाल

डभरा, 04 नवंबर (देशबन्धु)। चंद्रपुर मुख्यालय क्षेत्र में इन दिनों चैन स्नैचिंग की घटनाओं ने पुलिसिंग व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चंद्रहासिनी देवी मंदिर के आसपास लगातार हो रही लूट की घटनाओं से श्रद्धालुओं में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, पुसौर निवासी एक महिला 22 अक्टूबर को अपने परिजनों के साथ चंद्रहासिनी देवी मंदिर दर्शन के लिए आई थी। दर्शन उपरांत जब वह प्रसाद लेने के लिए मंदिर गली स्थित एक दुकान के सामने खड़ी थी, तभी




बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल में सवार दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे। हेलमेट पहने बदमाशों ने महिला के गले से करीब 14.350 ग्राम वजन का मंगलसूत्र झपट लिया और महानदी पुल, सारंगढ़ की ओर फरार हो गए। महिला ने घटना की रिपोर्ट 24 अक्टूबर को थाने में दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज में दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह, 3 नवम्बर को मंदिर परिसर में चल रहे शिवपुराण कथा के दौरान एक अन्य महिला के साथ भी चैन स्नैचिंग की वारदात हुई। बदमाशों ने महिला के गले से दो तोला सोने की माला झपट ली और मौके से फरार हो गए। एक सप्ताह में हुई दो घटनाओं से चंद्रपुर क्षेत्र की महिलाएं दहशत में हैं। वहीं, पुलिस अभी तक दोनों मामलों में आरोपियों का सुराग नहीं लगा पाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर क्षेत्र में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, ऐसे में पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया जाना चाहिए। फिलहाल पुलिस दोनों घटनाओं के आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## मड़वा पॉवर प्लांट क्षेत्र में तेन्दुए की उपस्थिति पर वन विभाग ने की स्थिति स्पष्ट



जांजगीर, 04 नवंबर (देशबन्धु)। मड़वा पॉवर प्लांट क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व तेन्दुए की उपस्थिति की सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में लगातार निरीक्षण और निगरानी की कार्रवाई की थी। विभाग द्वारा की गई गश्त और ट्रैकिंग के दौरान पिछले चार दिनों से क्षेत्र अथवा इसके आस-पास के किसी भी भाग में तेन्दुए की उपस्थिति नहीं पाई गई है। विभाग का अनुमान है कि वह वन्यप्राणी अब अपने प्राकृतिक आवास की ओर लौट चुका है।

वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे भयभीत न हों, किंतु सतर्क अवश्य रहें। विभाग की उड़नदस्ता टीम द्वारा आसपास के ग्रामों में मुनादी और जन-जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जा रही है। ग्रामीणों से अनुरोध किया गया है कि वे प्रातः एवं सायंकाल के समय बच्चों और वृद्धजनों को अकेले बाहर न जाने दें, खेतों या खुले स्थानों पर रात में अकेले न रहें तथा पशुधन को सुरक्षित बाड़ों में रखें। यदि किसी स्थान पर तेन्दुए या किसी अन्य वन्यजीव की उपस्थिति का आभास हो, तो तत्काल उड़नदस्ता प्रभारी श्री टेकराज सिदार (मो. 8223813383) या संबंधित वन परिक्षेत्र कार्यालय को सूचित करें। वन विभाग क्षेत्र में सतत गश्त, निगरानी और जन-जागरूकता अभियान जारी रखे हुए है। नागरिकों से अपेक्षा की गई है कि वे शांत रहें, अफवाहों पर ध्यान न दें और विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। वन्यजीव हमारे पर्यावरण की अमूल्य धरोहर हैं, इनके साथ सह-अस्तित्व ही वास्तविक संरक्षण है।

#### विभाग ने चेतावनी भी दी

विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा वन्यजीव को हानि पहुँचाने, डराने, चिढ़ाने या किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि करने पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। तेन्दुआ अनुसूची-1 के अंतर्गत संरक्षित वन्यप्राणी है, जिसकी रक्षा और संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## नौकरी लगाने के नाम पर 20 लाख की ठगी, आरोपी दंपति नागपुर से गिरफ्तार



जांजगीर, 04 नवंबर (देशबन्धु)। सक्ती के बाराद्वार नौकरी लगाने के नाम पर 20 से 21 लाख रुपये की ठगी करने वाले दंपति को बाराद्वार पुलिस ने नागपुर (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना बाराद्वार में प्रार्थी जयकिशन अग्रवाल पिता मनोज कुमार अग्रवाल, निवासी ग्राम बाराद्वार,ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी जनरैल सिंह लोहिया एवं उसकी पत्नी वैशाली लोहिया, निवासी ई-146, नियर इंडियन पेट्रोल पंप, वैशाली नगर, थाना पांचपौली, जिला नागपुर (महाराष्ट्र) ने बैंक में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे करीब 20-21 लाख रुपये नगद एवं बैंक माध्यम से लेकर धोखाधड़ी की है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने नागपुर में दबिश देकर आरोपी दंपति जनरैल सिंह पिता लाहौर सिंह, उम्र 34 वर्ष श्रीमती वैशाली जनरैल सिंह लोहिया, उम्र 36 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र यादव, सहायक उपनिरीक्षक यशवंत राठौर, म.प्र.आर. श्यामा जायसवाल, प्र.आर. मनीष राजपूत, श्रीकांत सेगर एवं थाना बाराद्वार स्टाफ का योगदान रहा।

### मौसम साफहोते ही तापमान में आई गिरावट, होने लगा ठंड का अहसास

जांजगीर, 04 नवंबर (देशबन्धु)। मोंथा चक्रवात के शांत होने के बाद रुक-रुककर हो रही बूंदाबांदी थम गई है और अब मौसम साफ होने लगा है। आसमान में हल्की बदली छाई रही, लेकिन रविवार की सुबह हल्की ठंड का अहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार जिले का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह सात बजे के बाद निकली गुनगुनी धूप ने लोगों को राहत दी, हालांकि दोपहर बाद फिर से बदली छा गई और ठंडी हवाओं के कारण शाम तक ठंड बढ़ने लगी। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट की संभावना जताई है। मौसम में आए इस बदलाव से बाजारों में गरम कपड़ों की मांग बढ़ गई है। शहर के

# महंगी बिजली दरों के विरोध में आम आदमी पार्टी का प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन

#### पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारी, उत्पादन हमारा तो बिजली महंगी क्यों

जांजगीर, 04 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बढ़ी हुई बिजली दरों के विरोध में आम आदमी पार्टी ने आज प्रदेशभर में धरना प्रदर्शन किया। जिला जांजगीर में कचहरी चौक पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए।

प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार जनता की परेशानियों से बेपरवाह है। जनता महंगे बिजली बिलों से त्रस्त है और अब स्मार्ट मीटर के नाम पर निजी बिजली कंपनियों से मिलीभगत कर सरकार उपभोक्ताओं से मनमाना शुल्क वसूल रही है। पार्टी ने आज एसडीएम




जांजगीर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा, जिसमें बिजली दरों में बढ़ोतरी वापस लेने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष डॉ. हेमंत कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है, फिर भी जनता को सस्ती बिजली नहीं मिल रही। सरकार कह रही है कि वितरण कंपनी को घाटा हो रहा था, जबकि यह तर्क वास्तविकता से परे है। प्रदेश महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती मिथिलेश बघेल ने कहा कि सरकार गलत आंकड़े पेश कर रही है और निजी उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की नीति अपना रही है। उन्होंने कहा पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारी, उत्पादन हमारा तो रेट ज्यादा क्यों सरकार बड़े उद्योगपतियों के करोड़ों के बकाया बिलों को नजरअंदाज कर गरीब उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। बिजली बिलों में अनावश्यक चार्ज जोड़कर जनता की जेब काटी जा रही है। जिला सचिव विनय गुप्ता ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने इससे पहले भी 3 जुलाई को इसी विषय पर ज्ञापन सौंपा था, परंतु सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार बिजली दर वृद्धि को वापस नहीं लेती, तो आने वाले समय में पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

धरना प्रदर्शन में परमेश्वर प्रसाद सांडे, ललित बघेल, परदेशी कश्यप, बीना पटेल, फिरतराम मनहर, ऋषि यादव, अविनाश सिंह, प्रेम नारायण पांडे, राजीव केडिया, प्रिंस दिवाकर, मेलाराम, गणेश बिंद, साहेब लाल यादव, डॉ. रामराज कुर्रे, रामकृष्ण कश्यप, सतीश राठौर, रहमैया रत्नाकर, गणपत महिलांगे, संतोष कुर्रे, राजा कुर्रे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों व शहरवासियों उपस्थित रहे

# तालाबों का संरक्षण क्यों नहीं?

#### अनुरोध पटेल ने नया तालाब के सरंक्षण हेतु जनदर्शन में दिया आवेदन

**सारगढ़,** 04 नवंबर (देशबन्धु)। सारंगढ़ के कई तालाबों की स्थिति बदतर हो गई है जिस तालाब से सारंगढ़ के हर घर में कभी दाल पकाया जाता था जो कि रियासतकालीन तालाब कही जाने वाली नया तालाब शहर के माध्यम विभिन्न प्रकार की ब्यवसाय से घिरी हुई यही कारण है कि आज नया तालाब दूरदर्शा,गंदगी का आज पर्याय बन गया है !शहर के लिए हमेशा आवाज उठाने वाले अधिवक्ता अनुरोध पटेल ने मंगलवार को जन सुनाई में कलेक्टर को निवेदन किया है जिसमे उन्होंने लिखा है कि सारंगढ़ नगर के मध्य में नया तालाब अवस्थित है जो की ऐतिहासिक धार्मिक एवं नैसर्गिक से सिर्फ़ महत्व की हैं बल्कि इस तालाब से जन भावना एवं जन आस्था भी जुड़ी हुई है वर्तमान में अतिक्रमण एवं होटलों के अवशिष्ट पदार्थों के डालने से अस्तित्व को खो कर लबरेज़ होते हुए एक




दलदल के रूप में परिवर्तित हो चली है!

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि इस तालाब के किनारे पर नगर के प्रतिष्ठित तिवारी परिवार के द्वारा राम सप्ताह का आयोजन किया जाता था इसका एक धार्मिक महत्व है साथ ही तालाब में सारंगढ़ राज परिवार के द्वारा इस स्मृति चिन्ह का कछुआ भी छोड़ा गया था एवं इस तालाब के एक घाट का नामकरण भी गवर्नर पचरी रूप में प्रचलित है विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस तालाब का पानी नगर के हर एक व्यक्ति पीने के रूप में इस्तेमाल करता था एवं इस तालाब से इसकी स्वच्छता एवं निर्मलता को सुरक्षित रखने लिए चौकीदार की ड्यूटी लगायी जाती थी ऐसे तालाब का वर्तमान में दोजख में परिवर्तित हो जाना विकास इस दौर में विनाश की ओर इंगित करता है ऐसे धार्मिक एतिहासिक एवं जन जीवन के लिए बहुमूल्य जल स्त्रोतों का नया तालाब को तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण एवं प्रदूषण मुक्त कराने की कवायद करेंगे ताकि जनजीवन पर इस तालाब प्रदूषित होने से किसी भी प्रकार का संकट उत्पन्न न हो एवं यह ऐतिहासिक धार्मिक एवं नैसर्गिक से परिपूर्ण जनता की बहुमूल्य धरोहर नया तालाब प्रदूषण एवं अतिक्रमण से मुक्त होकर सुरक्षित एवं संरक्षित होकर अपने सम्पूर्ण अस्तित्व को प्राप्त कर सके इसी के मद्देनजर अनुरोध ने आवेदन दिया है जिसपर कलेक्टर ने त्वरित संज्ञान लेते हुए नगर पालिका सीएमओ और एसडीएम को निराकरण हेतु प्रेषित किया है ।

## हेलमेट जागरूकता अभियान, साप्ताहिक बाजारों में जनजागरण



जांजगीर, 04 नवंबर (देशबन्धु)। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा आज विशेष हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना-चौकी क्षेत्रों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अभियान के तहत थाना बलौदा, जांजगीर, सारागांव, मुलमुला एवं चौकी पंतोरा क्षेत्र के साप्ताहिक बाजारों जैसे बलौदा, ग्राम सुकली, पंतोरा, कुटीघाट और ग्राम देवरी में पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों ने लोगों को बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, ट्रिपल सवारी, तेज गति, मोबाइल पर बात करते हुए ड्राइविंग और शराब सेवन कर वाहन चलाने जैसी खतरनाक आदतों से बचने की अपील की।

# देश विदेश

## ब्रिटेन में शरण के लिए 2024 में रिकॉर्ड संख्या में मिले आवेदन

**यूनाइटेड किंगडम,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन में वर्ष 2024 में शरण लेने के लिए 1,08,000 आवेदन प्राप्त हुए, जो 1979 में रिकॉर्ड संख्या शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे अधिक आंकड़ा है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के हवाले से द टाइम्स अखबार ने यह जानकारी दी है। रिपोर्टों के अनुसार 2024 में शरण प्राप्त करने वाले आवेदनों की संख्या 2023 की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। ओईसीडी के आंकड़ों के अनुसार प्रवासियों ने 2024 में ब्रिटेन में अवैध रूप से प्रवेश करने के 44,000 प्रयास किए, जिनमें से अधिकांश इंग्लिश चैनल पार करके आए थे। वर्ष 2023 में यह संख्या 37,000 थी। पाकिस्तानी नागरिकों से 10,000 से अधिक शरण आवेदन आए।

### भारत-अमेरिका सैन्य सहयोग समूह की 22वीं बैठक आयोजित

# दोनों देशों ने रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर

■ **सशस्त्र बलों के बीच रक्षा सहयोग व रणनीतिक व परिचालन रक्षा सहयोग को बढ़ावा देना उद्देश्य**

**होनोलूलू,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत और अमेरिका के सैन्य सहयोग समूह (एमसीजी) की 22वीं बैठक आयोजित की गई है। 3-4 नवंबर को हवाई में सैन्य सहयोग समूह की बैठक के दौरान भारत और अमेरिका ने रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया।

इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (एचक्यू आईडीएस) के मुख्यालय ने मंगलवार को बताया कि बैठक की सह-अध्यक्षता भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) के प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड के डिप्टी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जोशुआ एम रुड ने की।

इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ हेडक्वार्टर ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सैन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने, संचालन क्षमता को बढ़ाने और एक स्वतंत्र, खुले और



सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर चर्चा हुई।'

भारत-अमेरिका सैन्य सहयोग समूह एक ऐतिहासिक मंच है जिसका उद्देश्य दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच रक्षा सहयोग तथा रणनीतिक और परिचालन रक्षा सहयोग को बढ़ावा देना है। इससे पहले, भारत-अमेरिका सैन्य सहयोग समूह (एमसीजी) की 21वीं बैठक नवंबर 2024 में दिल्ली में आयोजित की गई थी। उस समय बैठक में क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण आदान-प्रदान, रक्षा औद्योगिक सहयोग और पारंपरिक व अन्य खतरों से निपटने के लिए तैयारियों को मजबूत करने वाले संयुक्त अभ्यासों की प्रगति समेत कई विषयों पर चर्चा हुई। पिछली बैठक में दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी के महत्व पर जोर दिया। दोनों देशों ने सक्रिय जुड़ाव और रणनीतिक रिश्ते को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के समक्ष आने वाली गतिशील चुनौतियों के विरुद्ध भारत-अमेरिका सैन्य सहयोग के दायरे का विस्तार करने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की थी। भारत और अमेरिका ने सितंबर में प्रमुख वार्षिक सैन्य अभ्यास भी किया था।

## अमेरिका में शटडाउन से हवाई अड्डे बुरी तरह प्रभावित

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शटडाउन की स्थिति एक महीने से भी ज़्यादा समय से चल रही है। इसका असर अब हवाई अड्डों पर साफ दिखने लगा है। कर्मचारियों की कमी के कारण उड़ानों में देरी और सुरक्षा जांच की लंबी लाइनें बढ़ती जा रही हैं। पिछले सप्ताहांत




स्थिति और खराब हो गई। सिर्फ़ रविवार को ही पूरे अमेरिका में पांच हज़ार से ज़्यादा उड़ानें देर से चलीं। सोमवार को व्हाइट हाउस ने इसके लिए डेमोक्रेट नेताओं को जिम्मेदार बताया और कहा कि उनकी राजनीति की वजह से आम लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं डेमोक्रेट दल का कहना है कि सरकार और राष्ट्रपति गलत आरोप लगा रहे हैं।

शटडाउन कब खत्म होगा, यह तय नहीं है। ऐसे में यातायात विभाग ने चेतावनी दी है कि आगे और उड़ानें देर से चलेंगी या रद्द भी हो सकती हैं। हवाई यातायात नियंत्रक को भी बिना वेतन के काम करना पड़ रहा है। परिवहन सचिव शॉन डफी ने कहा कि इन कर्मचारियों पर वित्तीय बोझ बढ़ रहा है और यदि यही स्थिति जारी रही तो कई लोग नौकरी छोड़ने पर मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि देश में पहले से ही लगभग 2,000 से 3,000 नियंत्रकों की कमी है। फ्लाइटअवेयर के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार दोपहर तक 2,530 से ज्यादा उड़ानें देरी से चल रही थीं और 60 से ज़्यादा रद्द कर दी गई थीं।

## भारतीय राजदूत ने अमेरिकी सीनेटर से की मुलाकात

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने रिपब्लिकन सीनेटर माइक राउंड्स से मुलाकात कर भारत और अमेरिका के बीच प्रौद्योगिकी, नवाचार और व्यापार में सहयोग पर चर्चा की।



■ **टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर हुई चर्चा**

सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में, राजदूत क्वात्रा ने इस बैठक को बेहद सकारात्मक बताया। क्वात्रा ने आगे कहा, 'भारत और अमेरिका के बीच प्रौद्योगिकी और नवाचार में सहयोग बढ़ाने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में उत्पादक आदान-प्रदान के लिए एक रोडमैप विकसित करने पर उपयोगी बातचीत हुई। साथ ही, व्यापार और भारत द्वारा अमेरिका से हाइड्रोकार्बन की बढ़ती खरीद पर हमारे वर्तमान द्विपक्षीय सहयोग से भी उन्हें अवगत कराया। ऊर्जा सहयोग भारत-अमेरिका साझेदारी का एक प्रमुख घटक बन गया है और भारत अब अमेरिकी कच्चे तेल और लिक्विड प्राकृतिक गैस की खरीद में तेजी ला रहा है। दक्षिण डकोटा का प्रतिनिधित्व करने वाले रिपब्लिकन सीनेटर राउंड्स, साइबर सुरक्षा पर सीनेट सशस्त्र सेवा उपसमिति के अध्यक्ष और सीनेट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कॉकस के सह-अध्यक्ष हैं। वे नवाचार को बढ़ावा देने और उभरती प्रौद्योगिकियों में अमेरिकी नेतृत्व को मजबूत करने के उद्देश्य से विधायी पहलों में शामिल रहे हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 5 नवम्बर, 2025 कार्तिक शुक्ल पक्ष 15**

### राशिफल

मेष - आज का दिन आपके लिए बेहद अनुकूल रहेगा। आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी।

वृषभ - आज आपको सावधान रहने की सलाह दी जाती हैं। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

मिथुन - आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा।

कर्क - आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे। नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा।

सिंह - आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा। आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी।

कन्या - आज का दिन किसी भी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा है। हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है।

तुला - आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे।

वृश्चिक - आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा। आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी।

धनु - आज आपको यात्रा ना करने की सलाह दी जाती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई के संबंध में चिंता रह सकती है। मेहनत करने पर भी आज काम में सफलता नहीं मिलेगी। क्रोध पर संयम रखें।

मकर - आपको कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ सकता है। पारिवारिक समस्याओं का प्रभाव आपके मस्तिष्क पर पड़ेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता होगी। समाज में अपमानित होने का डर लगा रहेगा।

कुंभ - आज आपको मानसिक राहत मिलेगी। शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होने के कारण आपका उत्साह बढ़ेगा। दोस्तों और पड़ोसियों के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। घर में रिश्तेदार और मित्रों के आने से खुशी का अनुभव करेंगे।

मीन - नकारात्मक विचारों को अपने मन से हटाएं। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। किसी से वाद-विवाद या झगड़े को हर संभव टालने का प्रयास करें। खान-पान पर संयम बरतने की जरुरत है। शारीरिक स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1556 - पानीपत के दूसरे युद्ध में मुग़ल शासक अकबर ने हेमू को हराया।
1630 - स्पेन और इंग्लैंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
1639 - मैसाच्युसेट्स में पहले डाकघर की स्थापना।
1678 - जर्मनी की विशेष सेना ब्रैंडनबर्गर्स ने स्वीडन में ग्रीफ्सवाल्ड शहर पर क़ब्ज़ा किया।
1725 - स्पेन और आस्ट्रिया ने गुप्त समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1811 - स्पेन के खिलाफ मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर का प्रथम स्वतंत्रता संघर्ष।
1854 - क्रीमिया के युद्ध में ब्रिटिश और फ्रांस की संयुक्त सेना ने इकेरमान में रूसी सेना को पराजित किया।
1870 - महान् स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास का जन्म।
1872 - उल्येसेस एस ग्रांट अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति निर्वाचित।
1914 - इंग्लैंड एवं फ्रांस द्वारा तुर्की के विरुद्ध युद्ध की घोषणा।
1920 - 'इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी' की स्थापना।
1930 - अमेरिका के महान् साहित्यकार सिन्क्लेयर लेविस को साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
1951 - नावेदा परमाणु परीक्षण केंद्र में अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया।
1961 - भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने न्यूयार्क की यात्रा की।
1976 - सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
1985 - 24 वर्ष तक शासन करने के बाद तंजानिया के राष्ट्रपति जूलियस न्येरे द्वारा पदत्याग।
1995 - इजरायल के प्रधानमंत्री यित्जाक रॉबिन की गोली मारकर नृशंस हत्या।

# 22 करोड़ महिलाएं गर्भनिरोधक उपायों से वंचित : संरा




■ **1990 के बाद से दुनिया भर में आधुनिक गर्भनिरोधक तरीकों का उपयोग दोगुना हो गया : यूएनएफपीए**

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार 1990 के बाद से दुनिया भर में आधुनिक गर्भनिरोधक तरीकों का उपयोग दोगुना हो गया है। लेकिन करीब 22.4 करोड़ महिलाएं खासकर, विकासशील देशों में अब भी सुरक्षित और प्रभावी परिवार नियोजन साधनों का उपयोग नहीं कर पा रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आधुनिक गर्भनिरोधक उपायों का बढ़ता उपयोग एक बड़ी स्वास्थ्य सफलता है। इससे लाखों युवाओं को अनचाही गर्भावस्था से बचने और अपने भविष्य के बारे में फैसला करने की आजादी मिली है। हालांकि यूएनएफपीए ने चेतावनी दी है कि बहुत से लोगों के लिए अब भी यह मूल मानव अधिकार 'बच्चों को जन्म देने या न देने का फैसला' सीमित बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र संस्था ने बताया कि गर्भनिरोधक की अनुपलब्धता से अनचाही गर्भावस्थाओं में बढ़ोतरी होती है और असुरक्षित गर्भपात के कारण मातृ मृत्यु दर भी बढ़ती है। इसके साथ ही किशोरियों में प्रारंभिक गर्भधारण, स्कूल छोड़ने की दर और लैंगिक हिंसा के मामलों में भी वृद्धि देखी जाती है। यूएनएफपीए की कार्यकारी निदेशक दीने केइता ने कहा कि गर्भनिरोधक जीवन बचाते हैं और आर्थिक रूप से भी लाभदायक हैं। उनके अनुसार गर्भनिरोधक की जरूरत पूरी करने पर खर्च किया गया हर एक डॉलर लगभग 27 डॉलर का आर्थिक लाभ देता है। रिपोर्ट में गर्भनिरोधक से जुड़ी आम भ्रांतियों पर भी प्रकाश डाला गया है। यूएनएफपीए ने स्पष्ट किया है कि आधुनिक गर्भनिरोधक सुरक्षित हैं और अनचाही गर्भावस्था से जुड़े स्वास्थ्य जोखिम किसी भी गर्भनिरोधक विधि से अधिक समस्या वाले होते हैं।

## सूडान में हत्या व यौन हिंसा की घटनाएं जारी : यूएन

**संयुक्त राष्ट्र।** सूडान के अल-फशर शहर पर रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के कब्जे को एक सप्ताह से ज़्यादा समय हो चुका है। इस दौरान वहां आम लोगों को पकड़कर मार देने और महिलाओं के साथ अत्याचार किए जाने की घटनाएं अब भी जारी हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय कार्यकर्ताओं ने यह जानकारी दी।



समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी में महिलाओं और बच्चों सहित नागरिकों के खिलाफ अपराधों की रिपोर्ट मिली है। ओसीएचए के अनुसार, कथित तौर पर सैकड़ों नागरिक मारे गए हैं, जिनमें मानवीय कार्यकर्ता भी शामिल हैं। बड़ी संख्या में लोग शहर के अंदर फंसे हुए हैं और बाहरी दुनिया से उनका कोई संपर्क नहीं है। जीवन रक्षक सहायता की डिलीवरी अभी भी आरएसएफ द्वारा रोकी जा रही है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत उनका दायित्व है कि वे ऐसी राहत को तेजी से और बिना रुकावट के आगे बढ़ने दें। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने बताया है कि 26 अक्टूबर को शहर के पतन के बाद से लगभग 71,000 लोग एल फशर और आसपास के इलाकों से पलायन कर चुके हैं, जिनमें से ज्यादातर 40 किलोमीटर दूर तवीला शहर के भीड़भाड़ वाले शिविरों में चले गए हैं।

### अमेरिका के परमाणु परीक्षण पर आया स्पष्टीकरण, कहा

# सिस्टम टेस्ट होगा न कि परमाणु विस्फोट


**वाशिंगटन,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने स्पष्ट किया है कि हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने परमाणु हथियार परीक्षणों की जो बात कही है उसमें वास्तविक रूप से परमाणु विस्फोट नहीं बल्कि 'सिस्टम टेस्ट' होगा।



श्री राइट ने फ़ॉक्स न्यूज़ के कार्यक्रम में बताया कि ये परीक्षण अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का हिस्सा हैं। उनके अनुसार, 'हम जिन परीक्षणों की बात कर रहे हैं, वे सिस्टम टेस्ट हैं, न कि परमाणु विस्फोट। इन्हें 'नॉन-क्रिटिकल एक्सप्लोजन' कहा जाता है। उन्होंने बताया कि इन परीक्षणों के जरिए हथियारों के विभिन्न हिस्सों को जांचा जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे 'आवश्यक संरचना और विस्फोट की तैयारी' की जरूरतों को सही ढंग से पूरा करते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या नेवादा रेगिस्तान के पास रहने वाले लोग विस्फोट के बाद बनने वाले मशरूम आकार के बादल की चपेट में आ सकते हैं तो उन्होंने कहा 'इस बारे में कोई चिंता नहीं है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने सीबीएस न्यूज को दिए साक्षात्कार में इस बात का खुलासा किया था कि पाकिस्तान, रूस और चीन परमाणु परीक्षण कर रहे हैं तो ऐसे में अमेरिका को रूस और चीन की तरह 'बराबरी के आधार पर' अपने परमाणु हथियारों का परीक्षण शुरू करना चाहिए। गौरतलब है कि अमेरिका ने 1992 में कांग्रेस द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद किसी भी प्रकार का वास्तविक परमाणु परीक्षण बंद कर दिया था। अमेरिका का आख़िरी वास्तविक परमाणु विस्फोट तीन दशक पहले नेवादा टेस्ट साइट पर हुआ था। जहां अब परीक्षण केवल कंप्यूटर सिमुलेशन और प्रयोगशाला विश्लेषण के जरिए किए जाते हैं।

## फिलीपींस में तूफान कलमेगी से चार की मौत, कई घर तबाह

**मनीला,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। फिलीपींस में तूफान कलमेगी ने चार लोगों की जान ले ली है। आपदा प्रबंधन टीम के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। सेंट्रल फिलीपींस में



भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई, जिससे कई घर डूब गए। वहीं हजारों लोगों को सुरक्षित स्थलों पर शिफ्ट करना पड़ा।

रॉयटर्स के मुताबिक प्रांतीय सूचना अधिकारी एंजेलिज ओरोंग ने बताया कि सेबू के सेंट्रल प्रांत में तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा है। दो और मौतों की अभी भी पुष्टि की जा रही है। ओरोंग ने फोन पर कहा, 'हमें इतनी ज्यादा बाढ़ की उम्मीद नहीं थी। द मनीला टाइम्स ने 'ऑफिस ऑफ सिविल डिफेंस' के डिप्टी एडमिनिस्ट्रेटर राफेलिटो एलेजांद्रो के हवाले से बताया कि 387,000 लोगों को लैंडफॉल से पहले दूसरी जगह भेज दिया गया।

**चिंताजनक** *अब बांग्लादेश बना नया नार्को हब*

# आईएसआई व दाऊद ने दुनिया से बचने के लिए बुना जाल

■ **डी-सिंडिकेट ने अब बांग्लादेश में बना लिया अपना अड्डा**
■ **अब ड्रग्स गैंग ने की बड़ी संख्या में युवाओं की भर्ती**

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। नशीले पदार्थ लंबे समय से आईएसआई के लिए अपने टेरर इंफ्रास्ट्रक्चर को फंड करने का एक बड़ा जरिया रहे हैं। इस बीच भारतीय एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं और आईएसआई के समर्थन से फल फूल रहे दाऊद इब्राहिम के नारकोटिक्स बिजनेस पर शिकंजा कस रही हैं। नतीजतन, डी कंपनी को अपना नेटवर्क बढ़ाना पड़ रहा है ताकि नुकसान की भरपाई कर सके। डी-सिंडिकेट ने अब बांग्लादेश में अपना अड्डा बना लिया है और नशीले पदार्थों के व्यापार को और बढ़ाने के लिए सऊदी अरब में भी विस्तार की योजना बना रहा है। भारत में सिंडिकेट अपने पैर नहीं पसार पा रहा है इसलिए बांग्लादेश को अच्छे विकल्प के तौर पर सेट कर रहा है।

आईएसआई ने डी-सिंडिकेट को निर्देश दिया है कि वह भारत में ड्रग्स बांग्लादेश के रास्ते पहुंचाए। वहां की वर्तमान अंतरिम सरकार का पाकिस्तान के प्रति रवैया दोस्ताना है, और आईएसआई इसी स्थिति का पूरा फायदा उठा रहा है।

आईएसआई ने दाऊद गैंग से यह भी कहा है कि वह बांग्लादेश का इस्तेमाल सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पश्चिमी और मध्य पूर्वी देशों में भी ड्रग्स तस्करी के लिए करे। गैंग ने ड्रग्स के व्यापार को अंजाम देने के लिए बड़ी संख्या में युवाओं की भर्ती भी की है। म्यांमार से ऑपरेट होने वाले ड्रग माफिया के साथ भी संबंध बढ़ाए हैं।



इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी का कहना है कि आशंका है कि बांग्लादेश में ऑपरेशन को बड़े स्तर पर अंजाम दिया जाएगा। इनपुट है कि आईएसआई नशीले पदार्थों की तस्करी में बांग्लादेश को अपना मुख्य ऑपरेटिंग सेंटर बनाने के लिए सभी संभावित संसाधनों का इस्तेमाल करेगा। इसका मतलब यह होगा कि फोकस पाकिस्तान से हट जाएगा, जो ड्रग्स ट्रेड का मुख्य केंद्र रहा है। या इसे यूं समझा जा सकता है कि जब फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) जैसे संगठन टेरर फंडिंग की जांच करेंगे, तो उंगली पाकिस्तान की ओर नहीं बल्कि बांग्लादेश की ओर मुड़ जाएगी।

पाकिस्तान अपनी खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के कारण एफएटीएफ के रेडार पर नहीं आना चाहता। आईएसआई की ग्रे लिस्ट में वापस आने का मतलब सीधा होगा कि पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई है। इस्लामाबाद यह बर्दाश्त नहीं कर सकता, क्योंकि उस पर चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर प्रोजेक्ट 2.0 (सीपीईसी) को फंड करने के लिए चीन का दबाव है। पाकिस्तान सऊदी अरब के बाजार पर भी नजर रख रहा है।

## सुडोकू 7083


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 7 |
| 8 | 2 | | | | | 6 | 9 | |
| | | 4 | | 3 | | 5 | 2 | |
| | | 2 | | | 9 | 1 | 6 | |
| 3 | | | 1 | | 6 | | | 2 |
| | 1 | 8 | 2 | | | 7 | | |
| | 4 | 5 | | 2 | | 3 | | |
| | 8 | 6 | | | | | 1 | 5 |
| 7 | | | | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 7083



**बायें से दायें:-**
१. बदचलन, दुश्चरित्र, कुकर्मी
३. खजाना, धनागार
५. न्यारा, अलग तरह का
६. किसी वस्तु के मिलने पर फिर से खाने, करने, भोगने की इच्छा
७. हरियाली युक्त
८. किसी वस्तु-व्यक्ति, इमारत की सुरक्षा में लगे लोगों का दल
१३. प्रशंसा, तारीफ़
१५. सूचना १६. शिक्षा, उपदेश, लाभप्रद राय
१७. एक राक्षसी
१८. सरलता
२०. सूर्य
२२. नया ऊगा हुआ
२३. नयापन

**ऊपर से नीचे:-**
१. गाली, अपशब्द
२. चापलूस
३. शोरगुल
४. करीब-करीब
५. जो किसी से न डरे
९. जिसे नुकसान न हुआ हो
१०. प्रेम, प्यार (उर्दू)
११. होश, चेतना
१२. स्वेच्छाचारिता
१४. विभाग, हुक्म करने की जगह (उर्दू)
१७. इबादत, आराधना
१९. निवासी (उर्दू)
२०. आखिर, अवसान
२१. डूबा हुआ, मग्न

### वर्ग पहेली-7082

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ नि | ख | २ र | ना | ■ | ■ | ३ रू | का | ४ व | ट |
| म्न | ■ | ह | ■ | ५ उ | त्कृ | ष्ट | ■ | र | ■ |
| ६ त | मी | ज | ■ | द्धा | ■ | ७ ज | ग | द | ग्नि |
| म | ■ | ८ न | ९ ग | र | ज | न | ■ | ल | ■ |
| ■ | १० स्व | ■ | दी | ■ | ■ | ■ | ११ शु | ■ | १२ ख |
| १३ न | र | वे | ध | ■ | १४ क | ■ | १५ भ | द्र | ता |
| ■ | च | ■ | १६ र | स | नी | य | ■ | ■ | वा |
| १७ अ | ना | थ | ■ | ■ | नि | ■ | १८ अ | १९ पा | र |
| ग्र | ■ | ■ | २० स | र | का | २१ र | ■ | ग | ■ |
| २२ जा | न | व | र | ■ | ■ | २३ ब | हु | ल | ता |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

### सुडोकू 7083 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 1 | 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 |

## दुनिया को जानें

# विश्व की पहली सन्निहित बुद्धिमान प्रौद्योगिकी का उपयोग शुरू

**बीजिंग,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। 'एम्बोडीड इंटेलिजेंस' का शाब्दिक अर्थ है 'एम्बोडीड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी सन्निहित कृत्रिम बुद्धिमत्ता', जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता को रोबोट व नए ऊर्जा वाहनों आदि भौतिक निकायों में एकीकृत करती है। इससे 'मस्तिष्क' को एक 'शरीर' मिलता है और उनमें मनुष्यों की तरह समझने, सीखने और अपने पर्यावरण के साथ गतिशील रूप से अंत:क्रिया करने की क्षमता मिलती है। 3 नवंबर को, दुनिया की पहली वास्तविक मशीन सुदृढ़ीकरण अधिगम तकनीक को पहली बार एक दैनिक औद्योगिक उत्पादन लाइनों में आधिकारिक तौर पर लागू किया गया।



चीन के शांगहाई शहर में इन नए रोबोट कर्मचारियों को दुनिया की पहली वास्तविक मशीन सुदृढ़ीकरण अधिगम तकनीक से लैस किया गया है। इस तकनीक ने रोबोटों के प्रशिक्षण चक्र को काफी कम कर दिया है। पहले रोबोटों के लिए किसी नए कौशल को सीखने के लिए प्रशिक्षण केंद्र में हफ्तों या महीनों तक का समय लगता था। अब, वे कार्यस्थल पर केवल दस मिनट में इसे आसानी से सीख सकते हैं।

# खेल जगत

## सपने देखना बंद न करें, आपको नहीं पता किस्मत कहां ले जाएगी: हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को अपनी कप्तानी में पहली बार विश्व चैंपियन बनाने वाली हरमनप्रीत कौर ने देश के युवाओं के नाम संदेश दिया है। भारतीय कप्तान ने कहा कि युवा सपने देखना कभी बंद न करें, आपको नहीं पता किस्मत आपको कहां ले जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा साझा एक वीडियो में हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'जब से मुझे बचपन में पसंद और नापसंद का अंदाजा हुआ, मेरे हाथ में हमेशा बल्ला रहा। मैं अपने पिता के बल्ले से खेला करती थी। बल्ला बड़ा था, एक दिन मेरे पिता ने अपने एक बल्ला काटकर छोटा कर दिया। हम उससे खेला करते थे। जब हम टीवी पर कोई मैच देखते थे, या भारत को खेलते हुए देखते थे, या विश्व कप देखते थे, तो मैं सोचती थी कि मुझे भी ऐसे ही किसी मौके की जरूरत है। उस समय, मुझे महिला क्रिकेट की जानकारी नहीं थी।



# स्मृति, दीप्ति व जेमिमा टीम ऑफ द टूर्नामेंट में शामिल

## दक्षिण अफ्रीका व ऑस्ट्रेलिया की भी तीन तीन खिलाड़ी टीम में

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (देशबन्धु)। नए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप क्रिकेट चैंपियन भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना, टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित की गई ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में शतक जड़ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं जेमिमा रॉड्रिग्ज की त्रिमूर्ति दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वुल्फर्ट की कप्तानी में चुनी गई आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में जगह बनाने में कामयाब रही। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट को कमेंटेटर इयान बिशप, मेल जोंस और ईशा गुहा, गौरव सक्सेना (आईसीसी जनरल मैनेजर-इवेंट एंड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) और एस्टली वासुदेवन (जर्नलिस्ट रिप्रेजेंटेटिव) की चयन समिति ने चुना।



आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025

आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट :लारा वुल्फर्ट (कप्तान), मारीजान कैप व नडाइन क्लार्क (तीनों द.अफ्रीका), जेमिमा रॉड्रिग्ज, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्ज (तीनों भारत), एशले गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड, एलाना किंग (तीनों ऑस्ट्रेलिया), ब्रिटेन की सोफी एक्लेस्टोन व पाकिस्तान की सिदारा नवाज (विकेटकीपर)। 12वीं खिलाड़ी नेट शिवर ब्रंट (इंग्लैंड)।

नए चैंपियन भारत की स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा और जेमिमा रॉड्रिग्ज, उपविजेता दक्षिण अफ्रीका की लारा वुल्फर्ट,मारिजेन कैप व नडाइन डी क्लार्क तथा सेमीफाइनल में भारत से हार कर बाहर होने वाली ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड, एलाना किंग व एशले गार्डनर के रूप में तीन तीन खिलाड़ियों और पाकिस्तान की एक एक खिलाड़ी को महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में एकादश में जगह मिली जबकि नेट शिवर ब्रंट (इंग्लैंड) को 12 वीं खिलाड़ी के महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में जगह मिली।भारत सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वल्फर्ट रविवार को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल और लीग मैच में भी आमने सामने थी।

भारत ने टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित की गई दीप्ति शर्मा और शेफाली वर्मा के हरफनमौला खेल की बदौलत नवी मुंबई में महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को को 52 रन से हरा कर पहली बार विश्व कप चैंपियन बनने का गौरव पाया। दक्षिण अफ्रीका की वुल्फर्ट ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड और फाइनल में भारत के खिलाफ शतक जड़ने केसाथ तीन अर्द्धशतकों सहित 71.37की औसत से कुल सबसे ज्यादा 571 रन बनाए।

### वाल्वर्ट बनीं नम्बर एक वनडे बल्लेबाज



**दुबई।** दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लॉरा वाल्वर्ट ने विश्व कप के सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल में शतक लगाकर भारत की स्मृति मंधाना को पीछे छोड़ते हुए आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। वुलफ़ार्ट ने सेमीफ़ाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 और फाइनल में भारत के खिलाफ 101 रनों की पारी खेली थी। इस प्रदर्शन से उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 571 रन बनाए, जो विश्व कप में अब तक का रिकॉर्ड बल्लेबाजी प्रदर्शन है। इसके साथ ही उन्हें 814 रेटिंग अंक मिले, जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। यह मंधाना के 811 रेटिंग अंकों से तीन अधिक हैं। मंधाना विश्व कप के दौरान लगातार नंबर एक बल्लेबाज बनी रहीं, लेकिन नॉकआउट चरण में वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थीं। उन्होंने सेमीफ़ाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 और फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 रन बनाए। इसके बावजूद वह विश्व कप में दूसरी सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। एलिस पेरी ने भी सेमीफ़ाइनल में भारत के ख़िलाफ 77 रन की पारी खेलकर टॉप-10 में जगह बनाई और सातवें स्थान पर पहुंचीं। वह सोफ़ी डिवाइन के साथ सातवां स्थान साझा कर रही हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

# द्रविड़ के बेटे अन्वय अंडर-19 वन-डे चैलेंजर ट्रॉफी टीम में हुए शामिल



■ द्रविड के बेटे हैदराबाद के आरोन जॉर्ज की कप्तानी वाली टीम 'सी' का हिस्सा हैं

**मुंबई,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीआई) की जूनियर सिलेक्शन कमिटी ने मंगलवार को आने वाली पुरुष अंडर-19 वन-डे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए टीमों की घोषणा कर दी। यह टूर्नामेंट 5 से 11 नवंबर तक हैदराबाद में होगा। टीमों में एक खास नाम अन्वय द्रविड़ का है, जो भारत के पूर्व हेड कोच और इस खेल के दिग्गजों में से एक द्रविड़ के छोटे बेटे हैं। वह हैदराबाद के आरोन जॉर्ज की कप्तानी वाली टीम 'सी' का हिस्सा हैं। खास बात यह है कि अन्वय हाल ही में सुर्खियों में थे, जब उन्होंने पिछले महीने विनोद मांकड़ ट्रॉफी में कर्नाटक की अंडर-19 टीम को जीत दिलाई थी।

**टीम 'ए':** विहान मल्होत्रा (कप्तान) (पीसीए), अभिज्ञान कुंडू (उपकप्तान और विकेटकीपर) (एमसीए), वंश आचार्य (एससीए), बालाजी राव (विकेटकीपर) (सीएससीएस), लक्ष्य रायचंदानी (सीएयू), विनीत विकेटकीपर (टीएनसीए), मार्कंडेय पंचाल (यूटीसीए), सात्विक देसवाल (सीएपी), वी. यशवीर (एचवाईसीए), हेमचुदेशन जे (टीएनसीए), आर.एस. अंबरीश (टीएनसीए), हनी प्रताप सिंह (आरसीए), वासु देवानी (जीसीए), युद्धाजित गुहा (सीएबी), ईशान सूद (पीसीए)।

**टीम 'बी':** वेदांत त्रिवेदी (कप्तान) (जीसीए), हरवंश सिंह (उपकप्तान और विकेटकीपर) (एससीए), वफी कच्छी (एचवाईसीए), सागर विर्क (पीसीए), सायन पॉल (सीएबी), वेदांत सिंह चौहान (पीसीए), प्रणव पंत (डीडीसीए), एहित सलारिया (विकेटकीपर) (यूटीसीए), बी.के किशोर (टड्डीएनसीए), अनमोलजीत सिंह (पीसीए), नमन पुष्पक (एमसीए), डी दीपेश (टीएनसीए), मोहम्मद मलिक (एचवीसीए), मोहम्मद यासीन सौदागर (एमसीए), वैभव शर्मा (केएससीए)।

**टीम 'सी':** एरॉन जॉर्ज (कप्तान) (एचवाईसीए), आर्यन यादव (उपकप्तान) (पीसीए), अंकित चटर्जी (सीएबी), मणिकांत शिवानंद (केएससीए), राहुल कुमार (पीसीए), यश कासवंकर (गोवा सीए), अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर) (केएससीए), युवराज गोहिल (विकेटकीपर) (एससीए), खिलन ए पटेल (जीसीए), कनिष्क चौहान (एचसीए), आयुष शुक्ला (एमपीसीए), हेनिल पटेल (जीसीए), लक्ष्मण पृथी (डीडीसीए), रोहित कुमार दास (सीएबी), मोहित उलवा (एससीए)।

**टीम 'डी':** चंद्रहास डैश (कप्तान) (सीएबी), मौल्यराजसिंह चावड़ा (उपकप्तान) (जीसीए), शांतनु सिंह (यूपीसीए), अर्नव बुग्गा (डीडीसीए), अभिनव कन्नन (टीएनसीए), कुशाग्र ओझा (आरसीए), आर्यन सकपाल (वीकेटकीपर) (एमसीए), ए. रापोल (विकेटकीपर) (एचवाईसीए), विकल्प तिवारी (सीएससीएस), मोहम्मद एनां (केसीए), अयान अकरम (यूपीसीए), उद्धव मोहन (डीडीसीए), आशुतोष महिदा (बीसीए), एम तोषित यादव (आंध्र सीए), सोलिब तारिक (जेकेसीए)।

# जीतेश भारत 'ए' के कप्तान होंगे, धीर उपकप्तान

## 14 बरस के वैभव सूर्यवंशी व प्रियांश आर्य भी टीम में शामिल

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर(देशबन्धु)। विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज जीतेश शर्मा एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के दोहा में 14 से 23 नवंबर तक खेले जाने वाले राइजिंग स्टार्स टी 20 एशिया कप (पहले यह टूर्नामेंट इर्मजिंग टूर्नामेंट के नाम से जाना जाता था) टूर्नामेंट में भारत ए के कप्तान होंगे जबकि नमन धीर उपकप्तान होंगे। चयनकर्ताओं ने बिहार के 14 बरस के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और दिल्ली के प्रियांश आर्य को भी भारत ए टीम में शामिल किया गया है। वैभव सूर्यवंशी को राइजिंग स्टार्स टी 20 एशिया कप के लिए भारत ए टीम में चुने जाने के कारण ही चार टीमों की अंडर 19 चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चुनी गई चार टीमों में शामिल नहीं किया गया। अंडर 19 चैलेंजर ट्रॉफी को जूनियर राष्ट्रीय चयन समिति अगले साल होने वाले अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की अंडर 19 टीम को चुनने के लिए बेहद अहम मानती हैं। वैभव सूर्यवंशी का अगले साल होने वाले आईसीसी अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुना जाना फिलहाल पक्का ही नजर आता है। राइजिंग स्टार्स टी -20 एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति ने किया। आईपीएल में दिल्ली के प्रियांश आर्य ने पंजब किंग्स के लिए और वैभव सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स के तूफानी शतक जड़ सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति में सभी का ध्यान खींचा। प्रियांश आर्य ने साथ ही



राइजिंग स्टार्स टी 20 एशिया कप

■ टीम का चयन अगरकर की अध्यक्षता वाली सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति ने किया

दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया। अपनी पहली ही आईपीएल में 2025 में प्रियांश ने पंजाब किंग्स के लिए शतक जड़ने के साथ करीब 180 की स्ट्राइक रेट से 475 रन बनाए थे। बीसीसीआई तेज गेंदबाजों के लिए बड़ा पूल तैयार करने के लिए गुरजपनीत सिंह, व्यस्क विजय कुमार युद्धवीर सिंह और यश ठाकुर पर खास निगाह रही और इन सभी को भारत ए टीम में चुना गया है। साथ ही तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में रमणदीप सिंह और सूर्यांय)श शेगड़े को भी भारत ए टीम में चुना गया है। एसीसी राइजिंग स्टार्स टी 20 एशिया कप में शिरकत करने वाली आठ टीमों को चार चार टीमों के को दो ग्रुप ए : अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हांगकांग व श्रीलंका तथा ग्रुप बी भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई में बांटा गया है। यूएई में सितंबर में हुए टी 20 एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को हरा खिताब जीता था। एसीसी और पीसीबी के अध्यक्ष पाकिस्तान के मोहसिन नकवी से भारतीय टीम ने ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। तब नकवी यह ट्रॉफी लेकर ही भाग गए थे। इसके बाद अब राइजिंग एशिया कप टी 20 टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें पहली बार आमने सामने होगी।

### कार्यक्रम

- 14 नवम्बर: ओमान वि पाक, भारत वि यूएई।
- 15 नवम्बर : बांग्लादेश वि हांगकांग, अफगानिस्तान वि.श्रीलंका।
- 16 नवम्बर :ओमान वि यूएई, भारत वि पाकिस्तान।
- 18 नवम्बर :पाकिस्तान वि यूएई, भारत वि ओमान।
- 19 नवम्बर : अफगानिस्तान वि हांगकांग, बांग्लादेश वि श्रीलंका।
- 21 नवम्बर : सेमीफाइनल : ए 1 वि बी 2 , बी 1 वि ए 2
- **23 नवम्बर : फाइनल।**

**चुनी गई भारतीय टीम है :** जीतेश शर्मा (कप्तान - विकेटकीपर),नमन धीर (उप कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी,नेहाल वढेरा, सूर्यांश शेडगे, रमणदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर। गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार व्यस्क, युद्धवीर सिंह,अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुयश शर्मा।

**स्टैंडबाय :** गुरनुर सिंह कुमार कुशाग्र,तनुष कोटियान, समीर रिजवी, शेक रशीद।

# घुटने की चोट के कारण बीबीएल से बाहर हुए अश्विन

**नई दिल्ली**, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने बिग बैश लीग में आगामी सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ करार किया था। वह इस लीग में खेलने वाले भारत के पहले खिलाड़ी बनने वाले थे। लेकिन इंजरी की वजह से आर अश्विन पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। सिडनी थंडर और अश्विन ने खुद इस खबर की पुष्टि की है। आर अश्विन की हाल ही में घुटने की सर्जरी इंजरी हुई है। वह रिकवरी की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और बीबीएल शुरू होने तक पूरी तरह फिट नहीं हो पाएंगे। इस वजह से वह आगामी सीजन से बाहर हो गए हैं। सिडनी थंडर ने मंगलवार को जारी एक बयान में आर अश्विन की इंजरी की वजह से सीजन से बाहर होने की पुष्टि की है। साथ ही कहा है कि टीम उनकी रिकवरी प्रक्रिया पर नजर रखेगी और देखेगी कि सीजन के दूसरे या आखिरी चरण में वह खेलने के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं। आर अश्विन ने एक बयान में कहा, 'चेन्नई में तैयारी के दौरान घुटने में चोट लग गई। मेरा ऑपरेशन हुआ है। आगामी सीजन में नहीं खेल पाउंगा। मै इस टीम के लिए खेलने को लेकर काफी उत्साहित था।' उन्होंने कहा, 'रिहैब, रिकवरी और मजबूत वापसी के लिए कड़ी मेहनत करना जरूरी है। सिडनी थंडर से जुड़कर बहुत अच्छा महसूस हुआ। टीम के लिए पहली गेंद फेंकने से पहले ही मुझे घर जैसा महसूस कराने के लिए शुक्रिया। मैं हमारी महिला और पुरुष दोनों टीमों के हर मैच देखूंगा। अगर मेरी रिकवरी की प्रक्रिया ठीक रही, तो सीजन के अंत में सभी से व्यक्तिगत रूप से मिलना पसंद करूंगा।



चेन्नई में तैयारी के दौरान घुटने में चोट लग गई। मेरा ऑपरेशन हुआ है। आगामी सीजन में नहीं खेल पाउंगा। मै इस टीम के लिए खेलने को लेकर काफी उत्साहित था : आर अश्विन

## सार संक्षेप

### अशरफुल बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच नियुक्त

**ढाका।** पूर्व बंगलादेशी खिलाड़ी मोहम्मद अशरफुल को आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला से पहले राष्ट्रीय बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है।अशरफुल वरिष्ठ सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन की जगह लेंगे, जो बीसीबी द्वारा डेविड हेम्प से अलग होने के बाद से बल्लेबाजी इकाई की देखरेख कर रहे हैं। 214 में बीपीएल में मैच फिक्सिंग के कारण प्रतिबंधित होने के बाद अशरफुल पहली बार राष्ट्रीय ड्रेसिंग रूम में वापसी करेंगे। अशरफुल ने घरेलू सर्किट के साथ-साथ ग्लोबल सुपर लीग में भी विभिन्न पदों पर बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया है, जहां उन्होंने दो मौकों पर रंगपुर राइडर्स की बल्लेबाजी इकाई का मार्गदर्शन किया था। इस बीच, पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर और वर्तमान बोर्ड निदेशक अब्दुर रज्जाक आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम के टीम निदेशक के रूप में कार्य करेंगे। आयरलैंड को नवंबर से दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला और तीन टी2 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलनी है। एसबीएनएस में बोर्ड बैठक के बाद मीरपुर शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रज्जाक ने संवाददाताओं से कहा, 'अशरफुल के पास अनुभव है - यह तो तय है।

### राणा और सांगवान के शतक पुड्डुचेरी को मिले तीन अंक

**नई दिल्ली।** अर्पित राणा (नाबाद 17) और सनत सांगवान (नाबाद 122) के शानदार शतकों से दिल्ली ने पुड्डुचेरी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच में अपनी दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोये 321 रन बनाये और मैच ड्रा हो गया।हालांकि पुड्डुचेरी को पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक मिले जबकि दिल्ली को एक अंक से संतोष करना पड़ा। दिल्ली के पहली पारी के 294 रन के जवाब में पुड्डुचेरी ने 481 रन बनाकर पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की थी।
दिल्ली ने आज बिना कोई विकेट खोये 76 रन से आगे खेलना शुरू किया। नाबाद बल्लेबाजों अर्पित और सांगवान ने अपने-अपने शतक पूरे किये और टीम के स्कोर को 321 रन तक ले गए जिसके बाद मैच ड्रा घोषित किया गया। अर्पित ने 275 गेंदों पर नाबाद 17 रन में 17 चौके और दो छक्के लगाए जबकि सांगवान ने 213 गेंदों पर नाबाद 122 रन में नौ चौके लगाए। दोनों ने पहले विकेट की अविजित साझेदारी में 321 रन जोड़े और मैच ड्रा करवा दिया।

### टिम सीफर्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से बाहर

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से पहले करारा झटका लगा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट इस हफ्ते की शुरुआत में घरेलू क्रिकेट के दौरान दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली में फ्रैक्चर के बाद बाहर हो गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार, नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए बल्लेबाजी करते समय गेंद लगने से सीफर्ट चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। उनकी दाहिनी तर्जनी उंगली के एक्स-रे से चोट का पता चला है। सीफर्ट की अनुपस्थिति में, मिच हे को टीम में शामिल किया गया है, हालांकि डेवोन कॉनवे विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं।

# सीन विलियम्स को राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिलेगी: जिम्बाब्वे क्रिकेट

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने घोषणा की है कि सीनियर खिलाड़ी सीन विलियम्स को अब राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं दी जाएगी। बोर्ड के इस फैसले के बाद विलियम्स का अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त माना जा रहा है। सीन विलियम्स ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्वालीफायर 2025 से अपना नाम वापस ले लिया था। बोर्ड को आंतरिक जांच में पता चला है कि सीन विलियम्स नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे हैं। इसी वजह से विलियम्स ने संभावित डोपिंग रोधी परीक्षण के दौरान खुद को अनुपलब्ध बताया था। अब वह स्वेच्छा से रिहैब कर रहे हैं। जिम्बाब्वे क्रिकेट द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया, 'सभी अनुबंधित खिलाड़ियों से व्यावसायिकता, अनुशासन और टीम प्रोटोकॉल व डोपिंग रोधी नियमों के अनुपालन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है।



■ बोर्ड के इस फैसले से विलियम्स का अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त माना जा रहा है

# पंजाब राज्य जूनियर खो-खो में पटियाला ने जीते लड़के और लड़कियों के खिताब

**होशियारपुर,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। पटियाला ने 2 और 3 नवंबर, 2025 को रयात बाहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित पंजाब राज्य जूनियर खो-खो चैंपियनशिप 2025 में लड़के और लड़कियों दोनों वर्गों में खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम किया। इस चैंपियनशिप का आयोजन होशियारपुर खो-खो एसोसिएशन द्वारा पंजाब खो-खो एसोसिएशन और भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) के तत्वावधान में किया गया था, जिसमें 15 जिलों की अंडर-18 टीमों ने हिस्सा लिया था।लड़कियों के वर्ग में, पटियाला ने फाइनल में संगरूर को 18-4 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। तीसरे स्थान के मैच में, होशियारपुर ने मुक्तसर को 22-18 से हराकर घरेलू दर्शकों के सामने चैंपियनशिप का शानदार समापन किया। व्यक्तिगत प्रदर्शन में, पटियाला की स्नेहप्रीत कौर को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर और संगरूर की जशनप्रीत कौर को सर्वश्रेष्ठ अटैकर का पुरस्कार मिला।लड़कों के वर्ग में पटियाला ने अपना दबदबा कायम रखते हुए फाइनल में जालंधर को 22-7 से हराकर चैंपियनशिप में अपना डबल पूरा किया, जबकि तीसरे स्थान के प्लेऑफ में, होशियारपुर ने लुधियाना को एक कड़े मुकाबले में 14-12 से हराया।

# सीफर्ट वेस्टइंडीज टी-20 इंटरनेशनल टूर से बाहर



टी-20 इंटरनेशनल सीरीज

■ न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच पहला मैच आज ऑकलैंड के ईडन पार्क में शुरू होगा

**क्राइस्टचर्च,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को बताया कि विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट उंगली में फ्रैक्चर के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ आने वाली टी-20 इंटरनेशनल सीरीज से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी-20 इंटरनेशनल सीरीज बुधवार को ऑकलैंड के ईडन पार्क में शुरू होगी। एनजेडसी ने एक बयान में कहा, 'सोमवार को वेलिंगटन फायरबर्ड्स के खिलाफ नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए बल्लेबाजी करते समय उंगली में चोट लगने के बाद सीफर्ट रिटायर्ड हर्ट हो गए और बाद में एक्स-रे में उनकी दाहिनी तर्जनी उंगली में फ्रैक्चर का पता चला।' हेड कोच रॉब वाल्टर ने एक और महत्वपूर्ण सीरीज से ठीक पहले सीफर्ट के बाहर होने पर निराशा जताई। उन्होंने कहा, 'हम सब टिम के लिए बुरा महसूस कर रहे हैं। वह इस टी-20 टीम का एक अहम सदस्य है, क्योंकि वह टॉप ऑर्डर में पावरफुल बैटिंग करता है और विकेटकीपर की भूमिका भी निभाता है, इसलिए अगले पांच मैचों में उसकी कमी खलेगी। उसने हाल की टी-20 सीरीज में दिखाया है कि वह टॉप फॉर्म में आ रहा है, इसलिए यह निराशाजनक है कि एक बड़े इवेंट की तैयारी के बीच यह रुक गया है।

# आज पंजाब एफसी और बेंगलुरु एफसी होंगे आमने-सामने

**फातोर्दा,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। पंजाब एफसी और बेंगलुरु एफसी के बीच एआईएफएफ सुपर कप के ग्रुप सी में आज जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, फातोर्दा में 'निर्णायक' मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों के छह-छह अंक और समान गोल अंतर होने के कारण यह अंतिम ग्रुप मैच सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए निर्णायक साबित होगा। अगर मुकाबला निर्धारित समय में ड्रॉ रहता है तो ग्रुप विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से होगा। पंजाब एफसी ने अपने ग्रुप चरण की शुरुआत गोकुलम केरल एफसी के खिलाफ 3-0 की आसान जीत से की थी, जिसमें निखिल प्रभु, प्रिंसटन रेबेलो और गुरसिमरत सिंह के आत्मघाती गोल की बदौलत जीत मिली। इसके बाद उन्होंने मोहम्मडन एससी को 3-0 से हराया, जिसमें निंथोइंगानबा मीतई, समीर ज़ेल्ज़कोविक और मंगलेनथांग किपगेन ने गोल किए। दूसरी ओर, बेंगलुरु एफसी ने मोहम्मडन एससी को 2-0 से हराकर अभियान की शुरुआत की और फिर गोकुलम केरल एफसी को 4-0 से पराजित किया।मुकाबले से पहले पंजाब एफसी के मुख्य कोच पानायियोटिस डिल्मपेरिस ने कहा, 'हमने अब तक ग्रुप चरण में शानदार जज़्बा और निरंतरता दिखाई है, और मुझे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व है। बेंगलुरु एफसी एक मजबूत टीम है, जिनके पास अनुभव और गुणवत्ता दोनों हैं, लेकिन हमारा ध्यान अपने खेल पर है। जिस तीव्रता के साथ हम यहां तक पहुंचे हैं, उसी को बरकरार रखना होगा। हर खिलाड़ी जानता है कि इस मैच की अहमियत क्या है और हम सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अपना सब कुछ झोंक देंगे।



एआईएफएफ सुपर कप

हमने अब तक ग्रुप चरण में शानदार जज़्बा और निरंतरता दिखाई है, और मुझे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व है : पानायियोटिस डिल्मपेरिस

■ यह अंतिम ग्रुप मैच सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए निर्णायक साबित होगा

# संजीवी ने मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। हैटसन बैडमिंटन सेंटर के ऋत्विक संजीवी ने मंगलुरु में आयोजित मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीतकर तमिलनाडु और भारत का गौरव बढ़ाया।विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज 22 वर्षीय ऋत्विक ने हमवतन रौनक चौहान (14-21, 21-19, 21-19) के खिलाफ एक कड़े फाइनल में जीत हासिल करने के लिए कड़ी टक्कर दी। यह जीत इस सीजन में उनका पहला खिताब है, जिसने बैडमिंटन में भारत के शीर्ष उभरते सितारों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है।हैटसन बैडमिंटन सेंटर के मुख्य कोच रजनीकांत ने ऋत्विक की उपलब्धि पर गहरा गर्व व्यक्त किया: 'ऋत्विक के समर्पण, कड़ी मेहनत और सेंटर की कोचिंग ने एक ऐसा चैंपियन तैयार किया है जिस पर हम सभी को गर्व है। हम ऐसी प्रतिभाओं को निखारने और भारतीय बैडमिंटन के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' ऋत्विक को बधाई देते हुए, हैटसन एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड के अध्यक्ष,आर.जी. चंद्रमोगन ने कहा, 'ऋत्विक की जीत हैटसन बैडमिंटन सेंटर की स्थापना के पीछे के दृष्टिकोण को पुष्ट करती है। हम भारत में होनहार खिलाड़ियों का समर्थन और खेल प्रतिभाओं को विकसित करना जारी रखेंगे।

यह जीत इस सीजन में उनका पहला खिताब

# [अर्थ जगत]

**अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा**

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।



**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाइटन | 2.28 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.89 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.16 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.93 प्रतिशत |
| भारतीय स्टेट बैंक | 0.72 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| पावर ग्रिड | 3.13 प्रतिशत |
| इटरनल | 2.79 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.53 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.86 प्रतिशत |
| मारुति सुजुकी | 1.76 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,20,770 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,49,125 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7872.97 |
| मसूर काली | 8149.89 |
| उड़द दाल | 10364.31 |
| मूंग दाल | 10100.44 |
| अरहर दाल | 10543.32 |

## मांग के अभाव में फंडिंग के लिए जूझ रही देश की 65 स्वच्छ औद्योगिक परियोजनाएं



**हमें नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करना ही होगा इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं है : जयंत सिन्हा**

- 65 स्वच्छ परियोजनाओं को साकार करने के लिए 150 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत
- इन 65 में से मात्र चार परियोजनाओं में परिचालन शुरू हो सका

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत में इस समय 65 स्वच्छ औद्योगिक परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं जो खरीद समझौतों के अभाव में वित्त पोषण के लिए संघर्ष कर रही है। स्वच्छ उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए गठित अंतरराष्ट्रीय संगठन इंडस्ट्रियल ट्रांजिशन एक्सलरेटर (आईटीए), बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

'अनलॉकिंग इंडियाज क्लीन इंडस्ट्रियलाइजेशन ऑपर्च्युनिटी' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इन 65 स्वच्छ परियोजनाओं को साकार करने के लिए 150 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत है। इन परियोजनाओं से दो लाख लोगों को रोजगार मिल सकता है।

इनमें से 51 परियोजनाएं रसायन उद्योग में, पांच एल्युमीनियम उद्योग में, चार इस्पात उद्योग में, तीन विमानन उद्योग में और दो सीमेंट उद्योग में हैं। कुल 65 में से मात्र चार परियोजनाओं में परिचालन शुरू हो सका है, दो अंतिम निवेश निर्णय के चरण में है। अन्य 59 की घोषणा हो चुकी है लेकिन अभी काम ज्यादा आगे नहीं बढ़ सका है। इसके अलावा कार्यक्रम में आईटीए भारत परियोजना समर्थन कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई जिसके तहत आईटीए रिपोर्ट में पहचान की गई परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए बैंक, उद्योग और सरकार के साथ समन्वय करेगा। घरेलू और वैश्विक दोनों स्तरों पर फंड जुटाने के लिए उचित परिस्थितियां बनाने की कोशिश की जाएगी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और एवरसोर्स कैपिटल के अध्यक्ष जयंत सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत और हरित भारत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और विकसित भारत के लिए हरित भारत अनिवार्य है। हमें नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करना ही होगा इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं है।

श्री सिन्हा ने कहा कि यह सच्चाई है कि हरित विकास को उद्योग जगत के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता, इसके लिए नीतिगत हस्तक्षेप की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस साल सबने देखा कि मानसून असामान्य रहा और शायद पहली बार दिवाली के बाद भी लोगों को एसी चलाकर सोना पड़ रहा है। यदि इसी तरह ग्लोबल वार्मिंग बढ़ता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का तापमान गर्मी के दिनों में 50 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने लगेगा।

आईटीए के प्रबंध निदेशक जेम्स स्कफील्ड ने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए बैंकों से ऋण नहीं मिल पाने का सबसे बड़ा कारण मांग में कमी है। बैंकों को लंबे समय के लिए राजस्व की सिक्योरिटी ज्यादा भाती है, आम तौर पर वे चाहते हैं कि 10-15 साल का खरीद समझौता हो। यह एक बड़ी चुनौती है कि हम किस तरह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रयासों से मांग का सृजन कर सकते हैं। हरित सार्वजनिक खरीद जैसी कुछ सरकारी पहलें हो सकती हैं। इसके अलावा खरीदारों के अलायंस, बाजार तंत्र या वित्त पोषण तंत्र हो सकते हैं जो मांग और आपूर्ति में संतुलन बनाने में मददगार हो सकते हैं।

## एक नए युग में प्रवेश कर रही भारत की ऊर्जा-यात्रा : पुरी



**हम अपनी ही जमीन व समुद्र के नीचे छिपी दौलत की ओर ध्यान दे रहे हैं : हरदीप सिंह पुरी**

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत की ऊर्जा यात्रा एक नए युग में प्रवेश कर रही है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में लिखा, 'पीएम मोदी के नेतृत्व में मिशन अन्वेषण भारत के इतिहास में एक सबसे बड़ा सिस्मिक मैपिंग प्रोग्राम बन गया है, जिसे बीते वर्ष अक्टूबर में 792 करोड़ रुपए के निवेश से लॉन्च किया गया था।'

उन्होंने एक वीडियो शेयर कर जानकारी दी कि कई दशकों से हम अपनी अधिकतर जरूरतों के लिए ऑयल और गैस पर निर्भर रहे हैं। यहां तक कि आज भी इनसे हमारी ऊर्जा की 80 प्रतिशत जरूरत पूरी हो रही है। उन्होंने बताया कि दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में हमारी मांग समय के साथ लगातार बढ़ती ही जा रही है। इसी के साथ अनुमान है कि अगले दो दशकों में ग्लोबल एनर्जी डिमांड ग्रोथ में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की ओर से दर्ज की जाएगी और इस फ्यूचर के निर्माण के लिए ही भारत अपने आंतरिक बदलावों पर ध्यान दे रहा है।

हम अपनी ही जमीन और समुद्र के नीचे छिपी दौलत की ओर ध्यान दे रहे हैं और यही मिशन अन्वेषण की भावना है। इस मिशन को लेकर आगे जानकारी देते हुए वीडियो में बताया गया है कि मिशन का उद्देश्य देश भर में 20 हजार ग्राउंड लाइन किलोमीटर्स से अधिक की मैपिंग करना है। उन्होंने मिशन की प्रगति को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक कुल 8000 ग्राउंड-लाइन किलोमीटर्स का सर्वेक्षण किया जा चुका है।

## जीजेईपीसी ने महत्वपूर्ण पॉलिसी सुझाव किए पेश



**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। ग्लोबल ट्रेड में भारत की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) ने केंद्र सरकार से कस्टम्स एक्ट में बदलाव करने, रियायती एक्सपोर्ट क्रेडिट देने, एईजेड एक्ट में संशोधन को जल्द से जल्द पास कराने और एक नेशनल जेम एंड ज्वैलरी पार्क पॉलिसी बनाने जैसे कई अपीलें की हैं।

काउंसिल के एक बयान में बताया गया है कि जीजेईपीसी के चेयरमैन किरित भंसाली ने पीएम मोदी की अध्यक्षता में एक्सपोर्ट सेक्टर के कुछ खास इंडस्ट्री रिप्रेजेंटेटिव्स के साथ एक मीटिंग की। इस मीटिंग में उन्होंने एक्सपोर्ट बढ़ाने और भारत के मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को बेहतर बनाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण पॉलिसी सुझाव पेश किए। भंसाली ने इस मीटिंग में भारत की एक ट्रेड फ्रेंडली एनवायरमेंट को बनाए जाने की जरूरत पर प्रकाश डाला ताकि भारत लीडिंग ट्रेड हब जैसे बेल्जियम, लंदन, यूएसए और यूएई के साथ वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सके।

## पीएलआई योजना का तीसरा चरण लांच



- पीएलआई योजना में अब तक 43,874 करोड़ रुपए का किया गया निवेश
- 30,760 रोजगार व 14.3 मिलियन टन के स्पेशियलिटी स्टील का किया उत्पादन


**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। इस्पात मंत्रालय की ओर से मंगलवार को दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने स्पेशियलिटी स्टील के लिए पीएलआई योजना के तीसरे चरण को लांच किया।

मंत्रालय के अनुसार, पीएलआई योजना ने अब तक 43,874 करोड़ रुपए का निवेश, 30,760 प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 14.3 मिलियन टन के स्पेशियलिटी स्टील का उत्पादन किया है। इस वर्ष सितंबर तक पहले दो राउंड में पार्टिसिपेट करने वाली कंपनियों ने 22,973 करोड़ रुपए का निवेश किया है और 13,284 रोजगार के अवसरों का सृजन किया। इस्पात मंत्रालय की ओर से पीएलआई योजना के तीसरे चरण की 6 मुख्य विशेषताओं के बारे में बताया गया है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, पीएलआई 1.2 के लिए लॉन्च डेट से 30 दिनों के लिए ऑनलाइन पोर्टल के जरिए एप्लीकेशन को इनवाइट किया जाएगा। नोटिफाइड प्रोडक्ट्स के एंड-टू-एंड मैन्युफैक्चरिंग का काम देख रही भारत में रजिस्टर्ड कंपनियां आवेदन के लिए पात्र होंगी। योजना का तीसरा राउंड स्ट्रेटेजिक स्टील ग्रेड्स, कमर्शियल ग्रेड्स (कैटेगरी 1 और 2), कोटेड/वायर प्रोडक्ट्स सहित पांच ब्रॉड टारगेट सेगमेंट में 22 प्रोडक्ट सब-कैटेगरी को कवर करता है।

इंसेन्टिव इंक्रीमेंटल सेल्स का 4 से 15 प्रतिशत तक की रेंज में होगा, जो कि प्रोडक्ट सब-कैटेगरी और उत्पादन के वर्ष पर निर्भर करेगा। फायदे वित्त वर्ष 2026 से अधिकतम पांच वर्ष के लिए उपलब्ध होंगे, जिसमें इंसेटिव वित्त वर्ष 27 से वितरित होंगे। वर्तमान ट्रेंड्स को दिखाने के लिए प्राइस का बेस ईयर 2019-20 से रिवाइज कर 2024-25 कर दिया गया है। मंत्रालय के अनुसार, स्पेशियलिटी स्टील के लिए पीएलआई स्कीम कैबिनेट द्वारा जुलाई 2021 में अप्रूव की गई थी।

## चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजारों में गिरावट




- सेंसेक्स 0.62 प्रतिशत गिरकर 83,459.15 स्तर पर रहा
- निफ्टी 0.64 प्रतिशत लुढ़ककर 25,597.65 अंक पर बंद

**मुंबई,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 519.34 अंक (0.62 प्रतिशत) टूटकर 15 अक्टूबर के बाद के निचले स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 165.70 अंक यानी 0.64 प्रतिशत लुढ़ककर 25,597.65 अंक पर बंद हुआ। यह इसका 16 अक्टूबर के बाद का निचला स्तर है।

बाजार में आज चौतरफा बिकवाली रही और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। धातु, आईटी, ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, रियलिटी, बैंकिंग और स्वास्थ्य समूहों में ज्यादा गिरावट देखी गई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा पिछले सप्ताह नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर में आज रही तेजी से भारतीय शेयर बाजार दबाव में हैं। एनएसई में कुल 3,181 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,062 के शेयर लाल निशान में और 1,034 के हरे निशान में बंद हुए जबकि 85 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। मझौली और छोटी कंपनियां भी दबाव में रहीं। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.51 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 फीसदी टूट गया।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 25 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। पावर ग्रिड में सबसे अधिक 3.13 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 2.79 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 2.53, टाटा स्टील का 1.86, मारुति सुजुकी का 1.76 और बीईएल का 1.69 प्रतिशत टूट गया। एलएंडटी में 1.48 प्रतिशत, एनटीपीसी में 1.34, आईटीसी में 1.29, इंफोसिस में 1.17, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.15,ट्रेंट में 1.12, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.05 और एशियन पेंट्स में 1.02 प्रतिशत की गिरावट रही। टाइटन में सबसे अधिक 2.28 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल का शेयर 1.89 फीसदी, बजाज फाइनेंस का 1.16, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.93 और भारतीय स्टेट बैंक का 0.72 प्रतिशत चढ़ा।

वैश्विक स्तर पर भी गिरावट देखी गई। एशिया में जापान का निक्केई 1.74 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.79 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.41 फीसदी टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.78 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.28 प्रतिशत नीचे था।

## 'पे फेयरनेस सेंटीमेंट' में सबसे आगे भारत



- कंपनियों में काम कर रहे कर्मचारी अपनी सैलरी को लेकर अधिक संतुष्ट
- केवल 11 प्रतिशत कर्मचारी अपनी सैलरी को लेकर असंतुष्ट

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। कंपनियों में काम करने वाले ऐसे कर्मचारियों की संख्या बीते एक वर्ष में 31 प्रतिशत से घटकर 27 प्रतिशत रह गई है, जिन्हें लगता है कि उन मिल रही सैलरी उचित नहीं है। मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनिया भर में कर्मचारियों की फेयर सैलरी को लेकर सोच में सुधार देखने को मिल रहा है।

ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट कंपनी एडीपी की रिपोर्ट बताती है कि सर्वे में शामिल 34 मार्केट में भारत उचित सैलरी मिलने की भावना (पे फेयरनेस सेंटीमेंट) में सबसे आगे बना हुआ है। भारत में केवल 11 प्रतिशत कर्मचारियों ने अपनी सैलरी को लेकर असंतुष्टी व्यक्त की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अलग-अलग बाजारों में अंतर देखने को मिला है। जहां, दक्षिण कोरिया और स्वीडन में 'पे फेयरनेस सेंटीमेंट' क्रमशः 45 प्रतिशत और 39 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक बना हुआ है। अलग-अलग देशों में जेंडर पे गैप की भी जानकारी मिलती है। 34 में से 15 मार्केट में 30 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के लिए अनफेयर पे दर्ज किया गया है, जबकि पुरुषों के लिए अनफेयर पे केवल पांच मार्केट में दर्ज किया गया है। हालांकि, भारत उन कुछ बाजारों में से एक बना हुआ है, जहां महिलाओं की तुलना में ऐसे पुरुषों की संख्या अधिक है, जिन्हें लगता है कि उनकी सैलरी उचित नहीं है। भारत में उचित सैलरी को लेकर अंसतोष (पे फेयरनेस डिससैटिस्फैक्शन) उम्र के साथ कम होने की जानकारी मिलती है।

## चावल, चीनी, खाद्य तेल मजबूत गेहूं नरम, दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की औसत कीमतों में तेजी रही जबकि गेहूं में गिरावट रही। चावल के साथ चीनी और खाद्य तेलों के दाम भी बढ़ गए। वहीं, दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 29 रिंगिट चढ़कर 4,144 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का दिसंबर वायदा भी 0.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49.47 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत आठ रुपए बढ़कर 3,846.14 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं छह रुपए टूटकर 2,857.42 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत पांच रुपए फिसलकर 3,308.39 रुपए प्रति क्विंटल हो गई।

खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल की औसत कीमत 32 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 32 रुपए और सूरजमुखी तेल 26 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल 46 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ा गया। सोया तेल में 13 रुपए की मजबूती देखी गई जबकि पाम ऑयल के दाम लगभग गत दिवस के स्तर पर ही रहे।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 15 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। वहीं, चीनी चार रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** दाल चना 7872.97 रुपए, मसूर काली 8149.89 रुपए, मूंग दाल 10100.44 रुपए, उड़द दाल 10364.31 रुपए, तुअर दाल 10543.32 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## 'बैंक क्रेडिट ग्रोथ' डिपॉजिट ग्रोथ से निकली आगे




**फेस्टिव डिमांड व जीएसटी रेट कट का दिखा असर**

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। सीजनल फेस्टिव डिमांड, जीएसटी रेट कट और मजबूत रिटेल और एमएसएमई एक्टिविटी जैसे कारकों के चलते इस वर्ष मिड अक्टूबर तक बैंक क्रेडिट ग्रोथ डिपॉजिट ग्रोथ को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गई। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। केयर एज रेटिंग्स के अनुसार, 17 अक्टूबर तक कुल क्रेडिट ऑफ टेक सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत वृद्धि के साथ 192.1 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इसके अलावा, फेस्टिव सीजन के दौरान मजबूत व्हीकल फाइनेंसिंग के साथ समग्र क्रेडिट ग्रोथ को बढ़ावा मिलने की उम्मीद की जा रही है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि यह वृद्धि बढ़ते बॉन्ड यील्ड की वजह से कॉरपोरेट के दिलचस्पी की वजह से देखी जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, एग्रीगेट डिपॉजिट सालाना आधार पर 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 238.8 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई। यह 1 प्रतिशत की क्रमिक गिरावट को भी दर्शाती है। केयर एज रेटिंग्स के अनुसार, क्रेडिट-टू-डिपॉजिट रेश्यो वर्तमान 15 दिनों में 80 प्रतिशत मार्क को पार करते हुए 80.4 प्रतिशत हो गया। वर्तमान 15 दिनों में डिपॉजिट में गिरावट फेस्टिव सीजन में कैश निकासी और सर्कुलेशन में करेंसी के बढ़ने के कारण दर्ज की गई, जो कि सालाना आधार पर बढ़कर 1 लाख करोड़ रुपए हो गई। इसके अलावा, डिपॉजिट के घटने का एक और कारण बैंकों के रेट कटिंग साइकल में होना और निवेशकों का दूसरे विकल्पों की ओर रुख करना हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शॉर्ट-टर्म वेटेड एवरेज कॉल रेट भी बीते 15 दिनों में 5.47 प्रतिशत से बढ़कर 5.53 प्रतिशत हो गया है और 5.50 प्रतिशत की रेपो रेट से तीन बेसिस प्वाइंट ऊपर बना हुआ है।

### एसबीआई का कारोबार दूसरी तिमाही में 100 लाख करोड़ के पार

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया और उसका एकल शुद्ध मुनाफा 9.97 प्रतिशत बढ़कर 20,160 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

बैंक ने मंगलवार को निदेशक मंडल की बैठक के बाद वित्तीय परिणामों की घोषणा की। उसने बताया कि दूसरी तिमाही में ब्याज से प्राप्त आय 5.08 प्रतिशत बढ़कर 1,19,654 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, वहीं, ब्याज के मद में खर्च की गई राशि 6.12 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 76,670 करोड़ रुपए रही।

**सार संक्षेप**

### संजय कुमार स्पाइसजेट के कार्यकारी निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार को इंडिगो के शीर्ष प्रबंधन में शामिल पूर्व अधिकारी संजय कुमार को कार्यकारी निदेशक के पद पर नियुक्त करने की घोषणा की। स्पाइसजेट ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि श्री कुमार की नियुक्ति 3 नवंबर से प्रभावी हो गई है। वह कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय सिंह को रिपोर्ट करेंगे। अपनी नयी भूमिका में वह एयरलाइंस के विस्तार, परिचालन और कारोबारी बदलावों की जिम्मेदारी संभालेंगे। यह नियुक्ति ऐसे समय में की गई है जब स्पाइसजेट आर्थिक तंगी से उबरने की कोशिश कर रही है। श्री कुमार 12 साल तक इंडिगो के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी के पद पर और तीन साल से अधिक समय के लिए मुख्य रणनीतिकार एवं राजस्व अधिकारी रहे। वह इंटरग्लोबल टेक्नोलॉजी क्वोशंट और एयर एशिया इंडिया में भी शीर्ष पदों पर रह चुके हैं।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने पेश किया नया फंड

**मुंबई।** जीवन बीमा कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के लिए एक नया फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ बीएसई 5 एन्हांस्ड वैल्यू 5 इंडेक्स फंड, पेश किया है। कंपनी ने मंगलवार को फंड की घोषणा करते हुए कहा कि इस फंड का उद्देश्य ग्राहकों को देश की आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं (ग्रोथ स्टोरी) में भागीदारी के लिए मंच प्रदान करना है। यह फंड उन शेयरों पर फोकस करेगा जो सैद्धांतिक रूप से मजबूत हैं, लेकिन फिलहाल अपनी वास्तविक क्षमता से कम रिटर्न दे रहे हैं। कंपनी ने कहा कि यह इंडेक्स फंड ग्राहकों को उनके दीर्घकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। ये लक्ष्य सेवानिवृत्ति योजना से लेकर बच्चों की शिक्षा तक हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यूलिप उत्पादों से जुड़ा जीवन बीमा, किसी भी आपात स्थिति में परिवार के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करता है। साथ ही यह किफायती होने के साथ-साथ कर के लिहाज से भी लाभप्रद है।

### अडानी एंटरप्राइजेज की आमदनी छह प्रतिशत घटी

**अहमदाबाद।** विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज की कुल आमदनी दूसरी तिमाही में समग्र आधार पर छह प्रतिशत घटकर 21,844 करोड़ रुपए रह गई। कंपनी के मंगलवार को घोषित वित्तीय परिणामों में बताया गया है कि तिमाही के दौरान उसका परिचालन लाभ 66.19 प्रतिशत घटकर 814.35 करोड़ रुपए रह गया। दो अलग-अलग सौदों से प्राप्त 3,583 करोड़ रुपए की आमदनी के कारण शुद्ध मुनाफा 84 प्रतिशत बढ़कर 3,199 करोड़ रुपए पर रहा। वित्तीय परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने कहा कि अनुशासित काम और रणनीतिक विविधता के दम पर अडानी एंटरप्राइजेज ने अवसंरचना और ऊर्जा कारोबार में अपनी स्थिति मजबूत की है।

# राज्य अलंकरण एवं 'रजत महोत्सव' समापन समारोह 2025

5 नवंबर 2025 | सायं 4 बजे
राज्योत्सव मैदान, नवा रायपुर अटल नगर



श्री विष्णु देव साय
मान. मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
मान. प्रधानमंत्री

## मुख्य अतिथि

**श्री सी.पी. राधाकृष्णन**
मान. उपराष्ट्रपति

## अध्यक्ष

**श्री रमेन डेका**
मान. राज्यपाल, छत्तीसगढ़

## अतिविशिष्ट अतिथि

**श्री विष्णु देव साय**
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## विशिष्ट अतिथि

**श्री तोखन साहू**
मान. केन्द्रीय राज्यमंत्री

**डॉ. रमन सिंह**
मान. अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़

**श्री अरूण साव**
मान. उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**श्री विजय शर्मा**
मान. उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री रामविचार नेताम
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री दयाल दास बघेल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री केदार कश्यप
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री लखन लाल देवांगन
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री श्याम बिहारी जायसवाल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री ओ.पी. चौधरी
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री टंकराम वर्मा
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री गजेन्द्र यादव
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री राजेश अग्रवाल
मंत्री, छत्तीसगढ़

श्री गुरू खुशवंत साहेब
मंत्री, छत्तीसगढ़

डॉ. चरणदास महंत
नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़

श्री बृजमोहन अग्रवाल
सांसद, रायपुर

श्री राजेश मूणत
विधायक

श्री पुरन्दर मिश्रा
विधायक

श्री मोती लाल साहू
विधायक

श्री अनुज शर्मा
विधायक

श्री सुनील सोनी
विधायक

श्री इंद्र कुमार साहू
विधायक

एवं

समस्त सांसद, विधायक, निगम मंडल, आयोग, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यगण, महापौर रायपुर एवं सरपंच की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

**आप सादर आमंत्रित हैं।**



सूर्यकिरण एयरोबेटिक शो
प्रातः 10:00 बजे | सेंध जलाशय , नवा रायपुर अटल नगर

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें



लखपति दीदी सम्मेलन
दोपहर 02:00 बजे
स्टेट स्कूल ग्राउंड, राजनांदगांव

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन– 52158/91 फोन– 07752 422771